
# सड़क बनने से मिली सहूलियत कितने दिन टिके...कहना मुश्किल

## हसौआ से बझेड़ा-बझेड़ी तक डेढ़ किलोमीटर के मार्ग पर कराए जा रहे निर्माण पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार:** हसौआ से बझेड़ा-बझेड़ी तक शुरू हुए सड़क के दुरुस्तीकरण से ग्रामीणों को सहूलियत तो मिलेगी, लेकिन यह सहूलियत कितने दिन तक मिलेगी। यह कहना मुश्किल होगा क्योंकि ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानक अनुरूप सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मामले में शिकायती पत्र मुख्यमंत्री को भेजा है।

कस्बे से तीन किलोमीटर दूर शाहजहांपुर रोड पर हसौआ तिराहा पड़ता है, जहां से एक लिंक मार्ग कई गांवों को जोड़ता हुआ निकला है। यह मार्ग काफी समय से जर्जर पड़ा था। लंबे समय से ग्रामीण इसके निर्माण की मांग कर रहे थे। कुछ समय पहले पीडब्ल्यूडी विभाग ने दस लाख का बजट स्वीकृत कर डेढ़ किलोमीटर तक सड़क दुरुस्तीकरण की मंजूरी दी थी। जिसका टेंडर पास होते ही ठेकेदार ने शनिवार को निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ग्रामीणों को भी लगा कि सड़क सही होने से आवागमन में सुविधा हो जाएगी लेकिन जिस तरह से निर्माण कार्य हो रहा है, उसको लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। सड़क निर्माण में मानक के अनुरूप सामग्री नहीं लगाए जाने का आरोप लगाते हुए लोगों ने विरोध जताना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से मानक सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, उससे लग रहा है कि चंद दिन में ही उखड़ जाएगी। पहली बरसात झेलना भी मुश्किल लग रहा है। ग्रामीणों ने इस बाबत मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सड़क निर्माण मानक अनुरूप कराए जाने की मांग की है। यह सड़क हसौआ तिराहा से होते हुए रघवापुर खुर्द, बझेड़ा-बझेड़ी, कुइयां, नेकपुर, बिलंदपुर-गद्दीपुर, महमंदपुर, कुदिन्ना आदि गांवों को जोड़ता है। जर्जर मार्ग पर चलना दुश्वारियों से भरा होता था। अब सड़क दुरुस्तीकरण से सहूलियत तो मिलेगी, लेकिन यह सहूलियत कितने दिन तक मिलेगी। यह कहना मुश्किल होगा। सड़क निर्माण कार्य 20 मार्च तक पूरा किया जाना है।


हसौआ से बझेड़ा-बझेड़ी तक सड़क बनाने में जुटे मजदूर। ● अमृत विचार

- मानक अनुरूप निर्माण सामग्री नहीं लगाए जाने का आरोप
- सात गांवों के लोगों ने मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

### मजबूती से हो निर्माण ताकि टिकी रहे सड़क


कई वर्षों से जर्जर सड़क से गुजरना मजबूरी बना हुआ था। अब जब सड़क बनना शुरू हुई तो उसमें भी मानक के अनुरूप सामग्री नहीं लगाई जा रही है। जिससे सड़क ज्याद दिनों तक नहीं चलेगी।
**–मुनेश्वर दयाल वर्मा**, रघवापुर खुर्द


इस रोड से हर वक्त लोगों का आना जाना होता है। जर्जर सड़क की वजह से परेशानी होती थी। अब सड़क बन रही है लेकिन इसमें भी निर्माण सामग्री मानक अनुरूप नहीं हो रहा है।
**–संतोष सिंह**, बझेडा बझेडी


सड़क निर्माण हो रहा है, यह खुशी की बात है लेकिन ऐसे निर्माण कार्य से भी क्या फायदा जो चंद दिन बाद फिर से जर्जर अवस्था में पहुंच जाए। मानक अनुरूप सामग्री लगाई जाए।
**–सुरेंद्र पाल**, रघवापुर खुर्द


सड़क निर्माण में मानक अनुरूप सामग्री लगाई जानी चाहिए ताकि सड़क लंबे समय तक मजबूती से टिकी रहे और लोगों को दोबारा सड़क जर्जर होने पर दिक्कतें न झेलनी पड़े।
**–तेज राम बझेड़ा**, बझेड़ी

रोड निर्माण सही हो रहा है, मुझे अधिकारियों ने जो आदेश दिया है, उसी के अनुसार काम कर रहा हूं। कुछ लोग हैं, जो बेवजह झूठा आरोप लगा रहे हैं। अगर किसी को कोई दिक्कत है तो जांच करा सकता है। हमें कोई दिक्कत नहीं है
**– धर्मवीर सिंह**, ठेकेदार

## एक नजर

### मोहल्ला भारद्वाजी की वाल्मीकि बस्ती में पहुंचा पेयजल, लोगों में खुशी



**शाहजहांपुर।** नगर निगम के वार्ड 13 भारद्वाजी की वाल्मीकि बस्ती क्षेत्र में पिछले कई सालों से पानी की पाइपलाइन न होने की वजह से वहां के वांशिदों को पेयजल की समस्या बनी रहती थी। सरकारी नलों से पानी भरकर लाना पड़ता था। पेयजलापूर्ति के लिए वर्तमान पार्षद सीमा के पति संजय सारस्वत ने इसके लिए कई प्रस्ताव दिए थे। बीते दिनों जल निगम की ओर से वार्ड में पानी की पाइपलाइन बिछवा दी गई। जिससे वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले 20-25 परिवारों के घरों में पानी की व्यवस्था हो गई है। पार्षद ने शनिवार को बस्ती में जाकर पेयजलापूर्ति की शुरुआत की। घरों के नलों में पानी आता देख संतोष, सुमन, संजय, संदीप, कृष्णा, वेरॉन, रियान, नवनीत आदि ने प्रसन्नता जताई।

### प्लाट कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग

**शाहजहांपुर।** कस्बा कांट निवासी रमेश ने एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने एक प्लाट रसकूपा बहादुरपुर में लिया था। बैनामा 14 मार्च 2014 को रजिस्ट्रीकृत कराया था। जिसका दाखिल खारिज भी हो गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके प्लाट पर भूमाफिया कब्जा किए हुए हैं। पीड़ित रमेश ने बताया कि जब वह प्लाट पर कब्जा लेने गया तो भूमाफिया कहने लगे कि जलालाबाद-शाहजहांपुर मार्ग पर आपका कोई प्लाट नहीं है, आपका खेत के बिल्कुल पीछे प्लाट है, वहां कब्जा करो जाकर। पीड़ित प्लाट कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग एसडीएम से की है। पीड़ित ने कहा कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह मुख्यमंत्री के जनता दरबार में पेश होगा।

### न्यायालय के पश्चिमी गेट पर खुलेगी कैंटीन

**शाहजहांपुर।** जनपद न्यायालय के पश्चिमी गेट पर चाय, नमकीन, मिठाई की दुकान और कैंटीन खोली जाएगी। साल 2024-25 के लिए एक अप्रैल से ठेका प्रभावी होगा। इसके लिए 16 मार्च 2024 को दोपहर 12:00 बजे न्यायालय के नजारत कार्यालय में निविदा जमा की जाएगी। ठेके के लिए कम से कम 485565 रुपये की धनराशि निर्धारित की गई है। निविदा के साथ 20,000 रुपये की धरोहर राशि भी जमा करनी होगी। साथ ही आईडी प्रूफ, निवास प्रमाण पत्र निविदा के साथ कार्यालय में जमा करना होगा। ठेके की अन्य शर्तें नजारत कार्यालय में संपर्क कर जानी जा सकती हैं। यह जानकारी अध्यक्ष कैंटीन ठेका समिति अपर जिला जज ने दी है।

## जिले में 62.378 करोड़ की लागत से बनेंगी 31 सड़कें

**शाहजहांपुर।** लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने 31 और नवीन मार्गों के निर्माण की मंजूरी दी है। जिले में कुल 62.378 करोड़ की लागत से विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 69.95 किमी लंबे मार्गों का नवनिर्माण होगा। मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने बताया कि ग्राम पंचायत अंडहा में ग्राम सिल्हुआ होते हुए खुटार, पुवायां मार्ग से करनापुर होते हुए मझिगवां संपर्क मार्ग, नवीची मार्ग पर श्यामा सिद्ध व ग्राम हंसापुर से बाबूपुर नवीची संपर्क मार्ग, बंडा पूरनपुर मार्ग से जमुनिया नवदिया होते हुये ग्राम मूढ़ा तक, नाहिल से संजयनगर से होते हुए भम्मापुर व तुरंतनाथ बाबा संपर्क मार्ग, ग्राम पंचायत मोहनपुर प्राइमरी स्कूल से बृज मोहन बाजपेयी के मकान होते हुए प्राचीन बरमबाबा स्थान होते हुए ग्राम खजुरिया, खुटार पूरनपुर रोड़ से मोहनपुर से खजुरिया होते हुए खंडसार, खुटार पुवायां मार्ग से रामपुर कलां पडसर (देवी मंदिर), सिसोरा सिसोरी से जमुनिया खानपुर तक, दलेलापुर जमुनिया खानपुर मार्ग से दिउहना होते हुये तिहार एंजनपुर तक, मझिला खिरिया से 02 किमी से मकरंदपुर उर्फ धीमरपुरा नया बनाया जाएगा। इसी तरह 31 नई सड़कें बनाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि जनप्रतिनिधियों व जनसामान्य के आग्रह पर मंत्री ने जिले को अपने कार्यकाल में अब तक जितने मार्गों के निर्माण की स्वीकृति दी, वह अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है।

# अपने आंगन से प्रारंभ होती है बच्चों की शिक्षा


बच्चों को प्रशस्ति पत्र देते विधायक चेतराम। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

- हमारा आंगन-हमारे बच्चे व निपुण भारत मिशन के तहत हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार:** ब्लॉक सभागार में शनिवार को हमारा आंगन, हमारे बच्चे और निपुण भारत मिशन के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक चेतराम ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

विधायक ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि बच्चों को हर हाल में शिक्षित किया जाए। इसके लिए अलग-अलग वर्ग, कक्षा के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए थे। इसमें तीन से पांच वर्ष के बच्चों को बाल वाटिका में शिक्षित किया जाएगा। बीईओ मृत्युंजय यादव ने कहा कि बच्चों की सर्वप्रथम पहली शिक्षा घर के आंगन से ही प्रारंभ होती है। यहां से निकलकर बच्चे की दूसरी शिक्षा प्रारंभ होती है। आंगन की शिक्षा बच्चे के मस्तिष्क को विकसित और जागरूक कर उसमें अच्छे संस्कार भरतीं है। इससे पूर्व खुटार प्राथमिक विद्यालय एक की छात्राओं ने सरस्वती वंदना के बाद मुख्य अतिथि का स्वागत कर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बाल वाटिका के माध्यम से मनोरंजक तरीके से शिक्षित करने के बारे में बताया। कार्यक्रम में निपुण हो चुके 35 बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। संचालन एआरपी अवनीश मिश्र ने किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी, एआरपी पंकज कुमार वर्मा, सुबोध त्रिपाठी, ऋषि अवस्थी, प्रमोद सिंह, शिक्षक राजेश कुमार, महेंद्र वर्मा, फकीर चंद्र गौतम, रामआसरे, एडीओ पंचायत अनुराग शर्मा आदि रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 53969 वादों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन करते जिला जज भानुदेव शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 53969 वाद सुलझाए गए। इस मौके पर जिला कारागार के बंदियों और राजकीय बाल गृह बालक तथा राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में निरुद्ध बालकों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत पारिवारिक न्यायालय में 16 वैवाहिक जोड़ों के मध्य चल रहे विवाद सुलझाए गए। इसी तरह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आरती द्विवेदी ने वर्ष 1998 राज्य बनाम अशोक, सिविल जज सीनियर डिवीजन दिनेश कुमार दिवाकर ने वर्ष 2008 का वाद संध्या गुप्ता बनाम राजेश कुमार गुप्ता, सिविल जज जूनियर डिवीजन तिलहर मनोज कुमार यादव तिलहर ने वर्ष 2003 का सरकार बनाम रमेश चंद्र आदि के पुराने वादों का निस्तारण किया। इससे पहले लोक अदालत का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज भानु देव शर्मा, रूपेश रंजन, सुनील कुमार श्रीवास्तव, अरविंद राय आदि न्यायिक अधिकारियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

- दीवानी न्यायालय परिसर में लगी अदालत में पुराने वाद भी निपटे
- न्यायिक अधिकारियों ने करोड़ों रुपये जुर्माना के रूप में वसूले

प्राधिकरण सचिव पीयूष तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकार्ड 53,969 वादों का निस्तारण विभिन्न न्यायालयों द्वारा किया गया। यह संख्या पिछली लोक अदालत से 9921 अधिक है। उन्होंने बताया कि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी रूपेश रंजन ने 56 एमएसीपी वादों समेत नौ अन्य वादों का निस्तारण कर अंकन 34498100 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाये जाने के आदेश पारित किए। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 47 फौजदारी वादों व 19 वैवाहिक वादों का निस्तारण किया। दीवानी फौजदारी न्यायालयों द्वारा कुल 32764 वादों का निस्तारण करते हुए 41525726 रुपये जुर्माना धनराशि वसूल की गई। बैंकों के 878 एनपीए प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण कर 73239373 धनराशि ऋण खातों का समझौता कराया गया। राजस्व विभाग द्वारा 15895 वादों का निस्तारण, पुलिस चालान (ऑनलाइन) के कुल 4425 वादों का निस्तारण कर रुपये 2040200 शमन शुल्क अर्जित किया गया। स्थायी लोक अदालत में कुल चार वादों का निस्तारण कर 636522 धनराशि में समझौता कराया गया।

इसी तरह अरविंद राय, प्रीति सिंह, अहसान हुसैन, आलोक कुमार शुक्ला, सुदीप कुमार जायसवाल, गरिमा सिंह, अभय प्रताप सिंह, अपर्णा त्रिपाठी, नरेंद्र नाथ पांडेय, आरती द्विवेदी, असमा सुल्ताना, जुलकरनैन आलम, प्रवीन कुमार, गरिमा सिंह, दिनेश कुमार दिवाकर, हिना कौसर, अंजीता सिंह चौहान, अमवेश कुमार पांडेय, वर्तिका पटेल, मनोज कुमार यादव-2, अनुराधा, अवंतिका त्रिपाठी, प्रमोद कुमार पाल, निधि, सौरभि पाठक आदि न्यायिक अधिकारियों ने अपने न्यायालय में सैकड़ों वाद निस्तारित कर जुर्माना वसूल किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समेत नजारत अनुभाग का सहयोग रहा।

### बंदियों ने लगाई उत्पादों की प्रदर्शनी, मिली सराहना

राष्ट्रीय लोक अदालत में कारागार अधीक्षक मिजाजीलाल, डिप्टी जेलर सुभाष, सुरेंद्र आदि के मार्गदर्शन में उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें कारागार के बंदियों द्वारा तैयार कपड़े, बैग, पेंटिंग, बेकरी उत्पाद, पूजा सामग्री, गमले प्रदर्शित किए गए। इसी तरह राजकीय बाल गृह बालक तथा राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर के बंदियों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई और उसकी बिक्री भी कराई गई। किशोर बंदी द्वारा विज्ञान व कला के मॉडल भी लगाए गए। उत्पादों की न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं आदि ने सराहना की।


बंदियों के उत्पादों को देखते जिला जज एवं अन्य न्यायिक अधिकारी।

## सार संक्षेप

### श्रमिक महिलाओं को वितरित की साड़ियां



**शाहजहांपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और महाशिवरात्रि के अवसर पर निर्माण कार्य करने वाली महिलाओं को साड़ी व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में भी बताया गया। शुक्रवार को रोडवेज बस स्टैंड पर बनाए जा रहे मॉल के निर्माण कार्य में लगी निर्माण श्रमिक महिलाओं को अखिल भारतीय यादव महासभा महिला इकाई जिलाध्यक्ष नेहा यादव ने साड़ियां वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नेहा ने कहा कि अब महिलाएं अपनी भूमिका खुद तय कर रही हैं और समाज में हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कोई भी कार्य छोटा बड़ा नहीं होता है। बस लग्न के साथ करना चाहिए। आपका कार्य ही आपको पहचान दिलाता है।

### नारी शक्ति फिटनेस दौड़ में लकी प्रथम



**निगोही।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में शनिवार को नारी शक्ति फिटनेस दौड़ का आयोजन गांव कजरीनूरपुर में किया गया। कार्यक्रम में 400 मीटर दौड़ में लकी प्रथम, अंगूरा देवी द्वितीय, शिवांगी तृतीय स्थान पर रहे। प्रतिभागियों को प्रधान प्रतिनिधि विजय बहादुर सिंह, रेखा देवी सहायक अध्यापक सरिता सिंह, अजय नारायण और नितिन कुमार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### साद उल्ला खां नगर अध्यक्ष मनोनीत

**तिलहर।** सपा छात्रसभा के जिलाध्यक्ष प्रसून कुमार ने तिलहर के मोहल्ला बनवारीपुर निवासी साद उल्ला खां को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष ने उम्मीद जताई है कि साद उल्ला खां संगठन को और मजबूती प्रदान करेंगे।

# रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अहमदपुर रेती में रैली निकाल मतदाताओं को जागरूक करतीं छात्राएं।

**अमृत विचार:** आर्य महिला डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शनिवार को स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। अभियान में एनएसएस की दोनों इकाइयों की छात्राएं शामिल रहीं।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू दुबे और ऋतु शर्मा के निर्देशन में लोक बिहार कॉलोनी और अहमदपुर रेती में जागरुकता रैली निकली गई, जिसमें छात्राओ ने लोगों को मतदान का महत्व समझाते हुए वोट देने के लिए प्रेरित किया। डॉ. रानू दुबे ने छात्राओं को भी मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। इससे पहले उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतंत्र होने के नाते हमें यह अधिकार मिला हुआ है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चुनावों में मतदान करना जरूरी हो जाता है। ऋतु शर्मा ने कहा कि छात्राओं का दायित्व है कि स्वयं के वोट के साथ अपने परिजनों का भी वोट डलवाना सुनिश्चित करें। सताक्षी, सुमन, श्रेया, अंजली आदि छात्राओं ने भी विचार रखे। द्वितीय सत्र में मतदान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई। शिविर में आकांक्षा, संचिता, हिमांशु, ऋषभ, सुधीर, अंजली, आराधना, कशिश, हर्षिता, श्रेया, उजीति आदि का सहयोग रहा।

- आर्य महिला डिग्री कॉलेज के एनएसएस शिविर का दूसरा दिन

# 500 मी. दौड़ में रजनी को मिला प्रथम स्थान

**तिलहर, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्ति फिटनेस के उपलक्ष्य में सरला देवी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में 500 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत ब्लॉक तिलहर के स्वयंसेवक विमलेश्वर सिंह ने की। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीरज अग्रवाल, भाजपा नेत्री सविता वर्मा व मीना शर्मा ने बच्चों को स्पोर्ट्स किट देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में रजनी प्रथम, अंजली सैनी द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर हुसना अंसारी रही। कार्यक्रम में नेहरू युवा मंडल, महिला मंडल प्रांशी सिंह, शोभा, छाया, शशि गुप्ता, आकांक्षा, सोनी, लक्ष्मी, अंजली, पूजा आदि का सहयोग रहा।

# भाषण में इश्बा नाज़ प्रथम, शिवांश दूसरे स्थान पर रहे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ऑल सेंट्स स्कूल में हुआ सुरक्षित आहार-स्वास्थ्य का आधार कार्यक्रम

**अमृत विचार:** ऑल सेंट्स स्कूल में शनिवार को सुरक्षित आहार स्वास्थ्य का आधार कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच प्रतियोगिता कराई गई। आयोजकों ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

भाषण प्रतियोगिता में इश्बा नाज़ को प्रथम स्थान, शिवांश को द्वितीय, सिद्धि मिश्रा को तृतीय स्थान मिला। वाद विवाद में इश्बा नाज़ प्रथम, फलक नाज़ द्वितीय स्थान पर हीं। स्लोगन राइटिंग में अपेक्षा को प्रथम, कृतिका को द्वितीय स्थान मिला। पोस्टर मेकिंग में अब्दुल वकील को प्रथम स्थान, वैदेही द्वितीय को स्थान, वीर राठौर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। आयोजकों ने प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रत्येक बच्चे को क्रमशः एक हजार, आठ सौ और सात सौ रुपये नकद पुरस्कार दिया। निर्णायक मंडल में चंद्र शेखर मिश्र सहायक आयुक्त खाद्य, रवि शर्मा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रहे।

स्कूल डायरेक्टर व व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन बाथम ने बच्चों को बताया कि जंक फूड से दूर रहें। हेल्दी फूड खाएं। हरी सब्जियां, पनीर, फ्रूट्स और घर का ही खाना खाएं। प्रधानाचार्य साक्षी रस्तोगी ने बच्चों को स्वस्थ भोजन खाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर तस्कीन शगुफ्ता, नेहा सिद्दीकी व शिक्षिका, रूबी, फोजिया, जोया, पूजा, गुलशन, शुभा, सायमा, अंकुर, अजीम, प्रियंका, मेघा, अल्फिया, फरीन, समन, दीपिका आदि मौजूद रहे।


छात्रा को सम्मानित करते डायरेक्टर व व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन बाथम व अन्य।

# सती दादी की दिव्य पदयात्रा का तिलहर पहुंचने पर स्वागत


तिलहर में निकाली जा रही पदयात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

- कोलकाता से निकली यात्रा दो अप्रैल को झुंझुनू में पहुंचकर होगी समाप्त

**अमृत विचार:** पश्चिम बंगाल कोलकाता से निकली श्रीरानी सती दादी की ऐतिहासिक दिव्य पदयात्रा का शनिवार की शाम तिलहर में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

मारवाड़ी समाज की कुलदेवी श्रीरानी सती दादी की दिव्य पदयात्रा 15 जनवरी को कोलकाता से ज्योति खन्ना, मूलचंद बजाज, राजेश, तुलसी पाल, रमेश, पंकज बाथम तथा अंजलि के नेतृत्व प्रारंभ हुई थी। पदयात्रा में 50 लोग लगातार पैदल चल रहे हैं। शनिवार शाम तिलहर पहुंचने पर भक्ति तिराहे पर तमाम लोगों ने ढोल नगाड़े तथा पुष्प वर्षा के साथ पदयात्रा का स्वागत किया। उसके बाद पदयात्री नगर वासियों के साथ अस्पताल रोड, नगर पालिका मार्केट, बिरियागंज चौराहा, बजाजा मार्केट, निजामगंज होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पहुंचे। जहां महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान विनीत अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अशोक, विजय, अनिल, सचिन गर्ग सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### उत्तरा को श्रीकृष्ण ने दिया था वरदान

पदयात्रा के आयोजक पंकज बाथम ने बताया कि महाभारत के युद्ध में चक्रव्यूह में वीर अभिमन्यु वीरगति को प्राप्त हुए थे। उस समय उनकी पत्नी उत्तरा को भगवान श्रीकृष्ण ने वरदान दिया था कि तू कलयुग में जन कल्याण के लिए श्री सती दादी के नाम से विख्यात होगी और हर किसी का कल्याण करेगी और पूरी दुनिया में पूजी जाएगी। उन्होंने बताया कि कलयुग के प्रारंभ से ही रानी सती दादी की पूजा अर्चना कुलदेवी के रूप में की जा रही है। यात्रा का उद्देश्य कुलदेवी का प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने बताया कि दो अप्रैल को झुंझुनू में पहुंचकर यात्रा का समापन होगा।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अमावस्या विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 113, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार






इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सफलता के दबाव में मौत की राह पर किशोर व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 28.0° अधिकतम तापमान | 17.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 23 सूर्यास्त 18 : 15

बरेली, रविवार, 10 मार्च 2024

निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे...11

# भारत ने 4-1 से जीती शृंखला

**धर्मशाला।** रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त दी। भारत ने यह शृंखला 4-1 से जीत ली। इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त बना ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में 195 रन पर आल आउट हो गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। वहीं, जेम्स एंडरसन इस टेस्ट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने।

**टेस्ट में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट**

| खिलाड़ी | मैच | 5 विकेट |
|---|---|---|
| मुथैया मुरलीधरन | 133 | 67 |
| शेन वॉर्न | 145 | 37 |
| रिचर्ड हैडली | 86 | 36 |
| आर अश्विन | 100* | 36 |
| अनिल कुंबले | 132 | 35 |
| जेम्स एंडरसन | 187* | 32 |

**100वें टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (दोनों पारियों को मिलाकर)**

| | |
|---|---|
| 9/128 | रविचंद्रन अश्विन भारत बनाम इंग्लैंड, धर्मशाला, 2024 |
| 9/141 | मुरलीधरन श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, चैटोग्राम, 2006 |
| 8/231 | शेन वार्न ऑस्ट्रेलिया बनाम द. अफ्रीका, केप टाउन, 2002 |
| 7/151 | कपिल देव भारत बनाम पाकिस्तान, कराची, 1989 |
| 7/176 | अनिल कुंबले भारत बनाम श्रीलंका, अहमदाबाद, 2005 |



## अनुप्रिया पटेल को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने अपना दल (एस) की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। इससे पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली थी। अपना दल (एस) की नेता अनुप्रिया पटेल की सुरक्षा में बढ़ोतरी की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उन्हें अब सुरक्षा को बढ़ाकर जेड श्रेणी की कर दी है। इस श्रेणी में 22 कर्मी होते हैं जिसमें चार से छह एनएसजी कमांडो और पुलिसकर्मी होते हैं।

# क्रिस्टीना पिस्जकोवा बनीं मिस वर्ल्ड

मुंबई, एजेंसी

- मिस लेबनान यास्मीन जायटौन रहीं प्रतियोगिता की रनरअप
- मुंबई में जन्मी सिनी शेट्टी ने किया भारत का प्रतिनिधित्व



चेक गणराज्य की क्रिस्टीना पिस्जकोवा ने शनिवार को यहां एक भव्य कार्यक्रम में प्रतिष्ठित 'मिस वर्ल्ड 2024' का खिताब जीता। मिस लेबनान यास्मीन जायटौन दूसरे स्थान पर रहीं। मौजूदा मिस वर्ल्ड पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का ने अपनी उत्तराधिकारी को ताज पहनाया।

अट्ठाइस साल बाद इस कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले भारत का प्रतिनिधित्व 22 वर्षीय सिनी शेट्टी ने किया। मुंबई में जन्मीं शेट्टी प्रतियोगिता के शीर्ष चार में जगह बनाने में असमर्थ रहीं। उन्हें 2022 में 'फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड' का ताज पहनाया गया था। भारत ने छह बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है, जिसमें रीता फारिया (1966), ऐश्वर्या राय (1994), डायना हेडन (1997), युक्ता मुखी (1999), प्रियंका चोपड़ा (2000), और मानुषी छिल्लर (2017) शामिल हैं। दुनिया के 112 देशों की प्रतियोगियों ने 71वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भाग लिया, जो यहां बीकेसी के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की गई।

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर ₹ 5/- प्रतिदिन

महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

LAST 4 DAYS
लेडीज कार्डिगन, लेडीज कुर्ती, सिलेक्स, लेडीज कोट, लेडीज ट्रैक सूट, लेडीज जैकेट, पशमीनाशॉल एण्ड स्टाल, जेन्ट्स स्वेटर, जेन्ट्स जैकेट, जेन्ट्स ट्रैक सूट
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

# भाजपा से तीन पुराने चेहरे समेत सात एमएलसी प्रत्याशी घोषित

## विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह और अशोक कटारिया को फिर मिला मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अशोक कटारिया | धर्मेंद्र सिंह | विजय बहादुर | महेंद्र सिंह | संतोष सिंह | मोहित बेनीवाल | रामतीरथ सिंघल

- मैदान में मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, रामतीरथ सिंघल और संतोष सिंह नए चेहरे
- सहयोगी दलों अपना दल (एस), रालोद से नाम आए सामने, एक सीट पर पशोपेश

**अमृत विचार :** भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने यूपी में विधान परिषद चुनाव के लिए सात प्रत्याशियों की सूची शनिवार को जारी की। जिसमें तीन नाम ऐसे हैं, जो दूसरी बार प्रत्याशी बनाए गए हैं। शेष चार नए चेहरों को मौका दिया गया है। तीन सीटें सहयोगी दलों के लिए छोड़ दी है। भाजपा ने सूची में कई जातियों को समायोजित करने का प्रयास किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शनिवार को उप्र और बिहार के लिए विधान परिषद प्रत्याशियों की सूची जारी की। उप्र विधान परिषद की 13 सीटों पर भाजपा ने सात प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। इसमें एक भूमिहार, दो क्षत्रिय, एक वैश्य, एक गुर्जर, एक ब्राह्मण व एक जाट समाज को टिकट देकर जातीय समीकरण साधने का भी प्रयास हुआ है। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, पूर्वमंत्री व एमपी के चुनाव प्रभारी डा. महेंद्र कुमार सिंह व पूर्वमंत्री अशोक कटारिया को लगातार दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी धर्मेंद्र सिंह व झांसी के पूर्व मेयर रामतीरथ सिंघल को प्रत्याशी बनाकर मेहनत का इनाम दिया है। जिन 13 एमएलसी सीटों पर चुनाव हो रहा है, उसके लिए मतदान की नौबत आएगी या नहीं, यह नामांकन भरने की आखिरी तिथि मंगलवार को स्पष्ट हो जाएगा। संख्याबल के मुताबिक भाजपा की 10 और सपा की तीन सीटों पर जीत तय है।

### सहयोगी दलों में इन नामों पर चर्चा

भाजपा के सहयोगी दलों में अपना दल (सोनेलाल) से एमएलसी व मंत्री आशीष पटेल का प्रत्याशी बनना तय माना जा रहा है। रालोद से योगेश चौधरी का नाम चर्चाओं में है। जबकि सुभासपा से कोई नाम नहीं आया है। इस बीच रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल को एनडीए का हिस्सा बनाने के लिए अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल को एमएलसी बनाने की चर्चा है।

### तीन कम होंगे भाजपा एमएलसी, सपा दो बढ़ेगी

पिछली बार भाजपा ने 10 एमएलसी सीटों पर कब्जा किया था। भाजपा से विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह, अशोक कटारिया, निर्मला पासवान, बुक्कल नवाब, मोहसिन रजा, विद्या सागर सोनकर, डा. सरोजनी अग्रवाल, अशोक धवन और यशवंत एमएलसी बने थे। जबकि एक सीट सहयोगी अपना दल (एस) के आशीष पटेल को मिली। इस बार भाजपा सात और सहयोगी तीन सीटें ले रहे हैं। सपा एक सीट से बढ़कर तीन पर पहुंच जाएगी। बसपा इकलौते एमएलसी भीमराव आंबेडकर की सीट गवां देगी। उसके लिए एक मात्र विधायक होने से 29 वोटों का आंकड़ा सपना सरीखा है।

## खत्म करेंगे आरक्षण में 50 फीसदी की सीमा : राहुल गांधी



- इससे मिलेगा गरीबों को उचित हक और हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ 'आर्थिक मैपिंग' कराई जाएगी जिसके आधार पर आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन हैं? कितने हैं और किस स्थिति में हैं? क्या इन सभी की गिनती जरूरी नहीं? उन्होंने कहा कि बिहार में हुई जातिगत गिनती से पता चला कि गरीब आबादी के 88 प्रतिशत लोग दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज से आते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार से आए आंकड़े देश की असली तस्वीर की एक छोटी सी झलक मात्र हैं, हमें अंदाजा तक नहीं है कि देश की गरीब आबादी किस हाल में जी रही है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हम दो ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहे हैं- जातिगत गिनती व आर्थिक मैपिंग।

उज्ज्वला योजना के दूसरे चरण में महिलाओं को उपहार

# होली पर एक रिफिल सिलेंडर मुफ्त मिलेगा



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रथम चरण में दीपावली पर भी मुफ्त दिए गए थे सिलेंडर
- 1.75 करोड़ लाभार्थियों को देने के लिए 2312 करोड़ का बजट

**अमृत विचार :** राज्य सरकार महिलाओं को होली उपहार के रूप में निशुल्क गैस सिलेंडर देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत इसका 1.75 करोड़ लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। दीपावली पर भी राज्य सरकार ने महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर दिया था। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत साल में 2 सिलेंडर मुफ्त में देने का निर्णय किया था। इसी क्रम में पहला सिलेंडर दीपावली पर और अब दूसरा सिलेंडर होली के अवसर पर मिलने जा रहा है।

उप्र. में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 1.75 करोड़ लाभार्थियों को 2 निःशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण के लिए योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2312 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। एक नवंबर 2023 से 15 फरवरी 2024 तक तक कुल 80.30 लाख लाभार्थियों को रिफिल सिलेंडर रिफिल दिए गए। द्वितीय चरण में अब होली पर लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर वितरित कराए जाने का निर्णय लिया गया है। 01 जनवरी 2024 से अब तक लगभग 50.87 लाख लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल की डिलीवरी की जा चुकी है। इस प्रकार अब तक कुल 131.17 लाख (1.31 करोड़ से ज्यादा) रिफिल सिलेंडर की डिलीवरी की गई है। मुख्यमंत्री योगी ने 10 नवंबर 2023 को योजना की शुरुआत की थी।

## एक नजर

### मादक पदार्थों की तस्करी में द्रमुक नेता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने शनिवार को कहा कि उसने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह की जांच के सिलसिले में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के निष्कासित पदाधिकारी जाफर सादिक को गिरफ्तार किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़ा यह मामला दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का है।

### मध्य प्रदेश के सचिवालय भवन में आग लगी


**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य सचिवालय की बहुमंजिला इमारत 'वल्लभ भवन' की तीसरी मंजिल पर शनिवार सुबह आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और पांच घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। शनिवार होने के कारण अंदर के सरकारी कार्यालय बंद थे और सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब आग लगी तो परिसर लगभग खाली था। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अधिकारियों को भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

### किशोर मकवाना बने एससी आयोग के प्रमुख

**नई दिल्ली।** किशोर मकवाना को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनीएससी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मकवाना भाजपा की गुजरात इकाई के प्रवक्ता हैं। वह पत्रकार और स्तंभकार भी हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने एनसीएससी में अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति के वारंट को मंजूरी दे दी।

# ऐतिहासिक होगा साल का पहला सूर्यग्रहण

नैनीताल कार्यालय



- आठ अप्रैल को होने वाली इस अद्भुत खगोलीय घटना में धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स भी शामिल

**अमृत विचार :** आठ अप्रैल को होने जा रहा वर्ष का पहला सूर्यग्रहण अद्भुत और ऐतिहासिक होगा। इसकी वजह धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स है, जो इस खगोलीय घटना में शामिल होगा। इससे भी बड़ी बात ये है कि शुक्र व बृहस्पति ग्रह के भी इस दौरान दर्शन होंगे। यह पूर्ण सूर्यग्रहण होगा।

पूर्ण ग्रहण के दौरान कुछ पल का अंधेरा रात होने का एहसास कराने वाला होगा। जिसके चलते उस दौरान हमारे नभमंडल में मौजूद ग्रहों को देखे जाने का दुर्लभ समय होगा और धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स आसमान में उड़ता हुआ नजर आएगा। दरअसल धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स हर 71 साल में एक बार हमारे सौरमंडल के आंतरिक हिस्से में दौरा करता है। सौभाग्य से इस दौरान वह पृथ्वी के करीब होगा। लिहाजा इसे दिन के समय देख पाना दुर्लभ होगा। धूम केतुओं पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों की नजर इस पर होगी। साथ ही एस्ट्रोफोटोग्राफर भी इन लम्हों से कतई वंचित नहीं रहना चाहेंगे। धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स 21 अप्रैल 2024 तक हमारे करीब रहेगा। मगर इसकी चमक धुंधली पड़ चुकी होगी।

बहरहाल पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान ये सूर्य के काफी करीब रहेगा। ग्रहण के दौरान स्याह अंधेरे में एक तरफ शुक्र ग्रह टिमटिमाता नजर आएगा तो दूसरी ओर हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति अपनी चमक बिखेर रहा होगा। यही सब इस खगोलीय घटना को यादगार व ऐतिहासिक बनाएगा। यह घटना उन्हीं हिसों में देखी जाएगी, जहां ग्रहण का क्षेत्र पड़ेगा। भारत समेत दुनिया के अधिकांश भाग इस घटना से रूबरू नहीं हो पाएंगे।

### बृहस्पति से 6 डिग्री की दूरी पर होगा धूमकेतु

ग्रहण के दौरान धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स को देखने के लिए बृहस्पति पर नजर रखनी होगी, तब वह बृहस्पति के काफी करीब रहेगा। जिस कारण इसे खोज पाना आसान हो जाएगा। साउथओल्ड, न्यूयॉर्क के स्टीवन बेलाविया के अनुसार यह धूमकेतु पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान नग्न आंखों से दिखाई दे सकता है, जो सूर्य से 24 डिग्री पूर्व और बृहस्पति से केवल 6 डिग्री पश्चिम में मौजूद होगा।

## सीएपीएफआईएमएस परिसर में भी चलेगा एम्स

- समझौता ज्ञापन पर किए गए हस्ताक्षर


**नई दिल्ली।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल चिकित्सा संस्थान (सीएपीएफआईएमएस) ने शनिवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत दिल्ली एम्स, सीएपीएफआईएमएस का संचालन अपने परिसर के तौर पर करेगा। इसके तहत चिकित्सा उपकरणों, फर्नीचर की खरीद और परिसर के संचालन व रखरखाव पर आने वाली लागत गृह मंत्रालय एम्स को प्रदान करेगा।

परिसर में अस्पताल के बिस्तरों का एक हिस्सा सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के लाभार्थियों के लिए आरक्षित रखा जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सीएपीएफआईएमएस को एम्स दिल्ली के परिसर के रूप में चलाने के लिए 15वें वित्त आयोग की कार्य अवधि में 2,207.50 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी है।

# चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रपति ने किया स्वीकृत इस्तीफे की वजह स्पष्ट नहीं
- कांग्रेस ने जताई चिंता, कहा मामले को स्पष्ट किया जाए



चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की संभावित घोषणा से पहले शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गोयल का कार्यकाल पांच दिसंबर 2027 तक था। गोयल का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार कर लिया जो प्रभावी हो गया है। तत्काल यह पता नहीं चल पाया है कि गोयल ने इस्तीफा क्यों दिया? पंजाब कैडर के 1985-बैच के आईएएस अधिकारी गोयल के इस्तीफे और फरवरी में अनूप पांडे की सेवानिवृत्ति के बाद, तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हैं। वहीं, कांग्रेस ने गोयल के इस्तीफे को देश के लोकतंत्र के लिए चिंताजनक करार देते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि संस्थाओं की बर्बादी को नहीं रोका गया तो लोकतंत्र पर तानाशाही का कब्जा हो जाएगा।

## पत्नी से मारपीट में 17 दिन के बेटे की डंडा लगने से मौत

**संभल/सौंधन।** कैला देवी थाना क्षेत्र में पति-पत्नी में विवाद हो गया। नशे में धुत पति ने पत्नी को पीटना शुरु किया, इसी बीच डंडा लगने से मां की गोद में 17 दिन के बेटे की मौत हो गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर निवासी राकेश पुत्र हरपाल शराब पीने का आदी है। नशे की हालत में आए दिन पत्नी सुनीता तथा मां नेकसी से मारपीट करता रहता है। शुक्रवार देर शाम राकेश नशे में घर पहुंचा और पत्नी सुनीता से कहासुनी के बाद मारपीट करने लगा। सुनीता 17 दिन के बेटे हेमंत को लेकर कमरे में छिप गई, लेकिन राकेश वहां भी डंडा लेकर पहुंच गया और पिटाई करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान डंडा सुनीता के गोद में रहे हेमंत को लग गया। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर गांव करछली से सुनीता के मायके वाले भी पहुंच गए। राकेश ने उनके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सुनीता की तहरीर पर आरोपी राकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान किया गया है।

मुकाम | नहर और नदियों को जोड़कर तीन महीने में बचाया 868 .15 मिलियन लीटर पानी

# जल संरक्षण में कासगंज ने रचा इतिहास, पूरे प्रदेश में लागू होगा फार्मूला

गजेंद्र चौहान, कासगंज



- जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के प्रयासों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सराहा

**अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश ही नहीं देश में भी परचम लहरा चुका कासगंज अब जल संरक्षण के क्षेत्र में भी नई इबारत लिख रहा है। यहां किसानों के सहयोग से डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने ऐसा कार्य कर दिखाया जो अभूतपूर्व है। नहर और नदियों का मिलान खेतों से कर दिया। नए रास्ते बना दिए और फिर खेतों से अनुपयोगी पानी फिर से नहर-नदियों में भेज दिया। तीन महीने में 868.15 मिलियन लीटर पानी बचा लिया। लाखों लीटर पानी काली नदी में छोड़ने से जल संरक्षण हुआ है। देश भर में इसकी चर्चा हो रही है। अधिकारी इस प्रोजेक्ट को उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू करने जा रहे हैं।

कासगंज में नहर और नदियों का जाल बिछा हुआ है। यहां सिंचाई के पर्याप्त साधन हैं, लेकिन किसान नहर नदियों से अनजाने में जरूरत से ज्यादा पानी फसलों में लगा रहे थे, जिससे जल का दोहन हो रहा था। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड) दिल्ली के अधिकारियों ने नहर और नदी क्षेत्र का सर्वे किया, लगभग दो साल पहले उन्होंने पाया कि कासगंज में जल संरक्षण की तमाम संभावना हैं, लेकिन जागरूकता का अभाव है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के इस प्रयास की सराहना हो रही है।

> जल संरक्षण के लिए विशेष मुहिम छेड़ी गई, किसानों को जागरूक कर तीन महीने में 868 .15 लीटर मिलियन पानी बचाया गया। इसकी रिपोर्ट डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने दी। अब प्रदेश में नहर और नदियों से जुड़े अन्य जिलों में भी इस मॉडल को लागू करने का प्रयास किया जा रहा। वैसे और कई जिलों में काम चल रहा है। - **नितिन कौशल**, निदेशक, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ दिल्ली

> हमने जांच में पाया कि काली नदी में ऑक्सीजन का लेवल संतुलित हो रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है कि खेतों में प्रयोग से बचा पानी काली नदी में गिर रहा है। यह प्रयास सराहनीय है। उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। - **केके शर्मा**, टेक्नीशियन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अलीगढ़

**100** किसानों की है कासगंज में समिति

**04** पानी निकासी के बनाए गए हैं रास्ते

### टेंशियोमीटर से जानी पानी की जरूरत

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के अधिकारियों ने किसानों को टेंशियोमीटर दिए। इसे पौधे की जड़ों में लगाया जाता है, जिससे पता चलता है कि तने को कितने पानी की जरूरत है। काली नदी को नहर का शुद्ध पानी मिला तो ऑक्सीजन का लेवल संतुलित हुआ। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस प्रयास को सराहा और शासन एवं जल शक्ति मंत्रालय को पत्र लिखा कि यह एक अनूठी पहल हुई है।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
• दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
• बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
• जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
• गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

## बीएसए ने किया निगोही और खुदागंज के स्कूलों का निरीक्षण, दोनों ब्लॉकों के बीईओ को कड़ी चेतावनी

# डिजिटल उपस्थिति नहीं लेने पर 32 शिक्षकों का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों में डिजिटल उपस्थिति के विरोध के बीच शनिवार को बीएसए रणवीर सिंह ने निगोही और खुदागंज के स्कूलों का निरीक्षण किया। एक स्कूल में सभी बच्चे बिना यूनीफार्म के मिलने पर हेड मास्टर तथा एक शिक्षक बिना किसी सूचना के स्कूल से अनुपस्थित रहने पर शिक्षक व हेड मास्टर का वेतन रोका गया है। बीएसए ने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्कूलों में छात्र-छात्राओं की डिजिटल उपस्थिति नहीं लिए जाने पर सभी स्कूलों के लगभग 32 शिक्षकों का वेतन अवरुद्ध कर दिया गया है।

बीएसए रणवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने शनिवार को विकास खंड निगोही और खुदागंज के स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में निगोही क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय चमरुआ में 35 बच्चे उपस्थित थे, जो बिना ड्रेस के थे। इस पर उन्होंने प्रधान अध्यापक का वेतन अवरुद्ध

- **उच्च प्राथमिक विद्यालय चमरुआ में उपस्थित 35 बच्चे बिना ड्रेस के मिले**

कर दिया है। इसी तरह खुदागंज क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय कमलापुर में एक शिक्षक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए, जिस कारण अग्रिम आदेशों तक उनका भी वेतन रोक दिया गया है। उन्होंने विकास खंड निगोही के प्राथमिक स्कूल ऐंठापुर, कल्याणपुर, चमरुआ तथा खुदागंज के उच्च प्राथमिक स्कूल मझिला, अकबरपुर द्वितीय, फत्तेपुर, भोजपुर और कसरक द्वितीय स्कूल का निरीक्षण किया। जानकारी लेने पर किसी भी स्कूल में शासन की मंशानुरूप वितरित किए गए टैबलेट्स के माध्यम से छात्र-छात्राओं की डिजिटल उपस्थिति नहीं ली जा रही थी, जिस कारण सरकारी आदेशों की अवहेलना के चलते इन स्कूलों के समस्त स्टाफ का वेतन रोक दिया गया है। इसके अलावा दोनों विकास खंडों के खंड शिक्षा अधिकारियों रमेश पंकज और हेमेंद्र सिंह को कड़ी चेतावनी दी गई है कि वह अपने क्षेत्र के स्कूलों में डिजिटलीकरण व्यवस्था लागू कराना सुनिश्चित करें। बीएसए ने कहा कि सभी शिक्षक सरकारी आदेशों का पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सभी स्कूलों में डिजिटल उपस्थिति के साथ ही एमडीएम भी डिजिटल रूप से ही संचालित करें और संबंधित सूचनाएं डिजिटल उपलब्ध कराएं, जिससे शासन और विभाग की मंशा पूरी हो सके।

## वंदे भारत का स्टॉपेज न मिलने से यात्री मायूस

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वंदे भारत एक्सप्रेस देहरादून और लखनऊ के बीच 12 मार्च से संचालन होगा। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी। तीन जगह हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली स्टॉपेज दिया गया है लेकिन स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं देने से लोगों के चेहरे पर मायूसी छा गई है। मुरादाबाद मंडल में बंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन के लिए कई दिनों से इंतजार किया जा रहा था। रेल प्रशासन देहरादून से लखनऊ के लिए वंदे भारत एक्स. का संचालन 12 मार्च से करने जा रही है। लोगों का कहना है कि जिले में तीन मंत्री होने के बावजूद यहां स्टॉपेज नहीं दिया जाना निराशाजनक है। लोगों ने तीनों मंत्री और रेल प्रशासन से मांग की है कि वंदे भारत का स्टॉपेज शाहजहांपुर भी दिया जाए।

# इस बार नवीन सत्र में बच्चों के बैग में समय से होंगी किताबें

## कक्षा तीन से पांच के लिए मिलीं 17.85 लाख पाठ्य पुस्तकें, विभाग ने की थी 28.25 लाख की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए परिषदीय स्कूलों, राजकीय कॉलेजों, सहायता प्राप्त स्कूलों और मदरसों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए वितरित की जाने वाली पुस्तकें विभाग को प्राप्त होनी शुरू हो गई है। यह पहला मौका है, जब चालू सत्र में ही इतनी बड़ी तादाद में किताबें आई हों। जानकारी के मुताबिक अभी तक लगभग 17 ट्रक पाठ्य पुस्तकें विभाग को प्राप्त हो चुकी हैं। अब तक डिमांड 28.25 लाख किताबों के सापेक्ष लगभग 17.85 लाख किताबें विभाग को प्राप्त हो चुकी हैं।

बता दें कि सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों और मदरसों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रदेश सरकार की ओर से निःशुल्क पुस्तकें दी जाती हैं। प्रतिवर्ष यह किताबें नवीन सत्र शुरू चालू हो जाने के कई महीनों तक छुटपुट ढंग से मिलती रहती हैं, लेकिन इस बार अभी पुराना सत्र ही खत्म नहीं हुआ है और बड़ी संख्या में किताबें भेजी जा चुकी हैं। इन पाठ्य पुस्तकों को लालपुर ब्लॉक संसाधन केंद्र के सात कक्षों के अतिरिक्त ब्लॉक और डायट के एक-एक कक्ष में रखवाया जा चुका है। सभी कक्ष किताबों से खचाखच भर चुके हैं। अब नए ट्रक आने पर किताबें रखवाने की जगह भी नहीं बची है। जानकारी के अनुसार इस बार हिंदी मीडियम के विद्यार्थियों के लिए 26,71,185 किताबों की मांग की गई थी, जिसके सापेक्ष 17,14,384 किताबों की अब तक आपूर्ति की जा चुकी है।

इसी तरह अंग्रेजी माध्यम की किताबों की विभाग से 1,39,475 पाठ्य पुस्तकों की डिमांड की गई थी, जिसके सापेक्ष 71,248 किताबें मिल चुकी हैं। गोदाम प्रभारी ओम प्रकाश प्रजापति और सुधीर गुप्ता के साथ पुस्तकों को गोदामों में रखवा रहे हैं। ओम प्रकाश ने बताया कि अब तक हिंदी मीडियम में 71 टाइटिल के सापेक्ष 41 टाइटिल की किताबें मिल चुकी हैं, जबकि अंग्रेजी माध्यम में आठ टाइटिल की किताबें शासन स्तर से भेजी जा चुकी हैं। कक्षा एक और दो की किताबें इस बार एनसीईआरटी की मिलने की संभावना है।


लालपुर स्थित गोदाम में किताबें उतरवाते प्रभारी ओम प्रकाश प्रजापति।

- **कक्षा एक और दो के लिए एनसीईआरटी की किताबें मिलने की संभावना**
- **लालपुर गोदाम पर उतारी जा चुकीं हैं लगभग 17 ट्रक किताबें**

### कक्षा तीन से पांच तक की पुस्तकें कराई गई हैं उपलब्ध

अभी उर्दू माध्यम की किताबों की शुरुआत नहीं हुई है। वैसे उर्दू माध्यम की 14,831 पुस्तकों की मांग की गई है। अभी तक जो भी पुस्तकें विभाग को उपलब्ध कराई गई हैं, वे सभी कक्षा तीन से पांच तक की ही हैं। खास बात यह है कि इस बार जितनी किताबें विभाग को मिलती जा रही हैं, उसकी सूचना उसी दिन शासन को भेजी जा रही है, ताकि प्रकाशक पर समय से शत-प्रतिशत आपूर्ति का दबाव बनाया जा सके।



नवीन सत्र के लिए पाठ्य पुस्तकें शासन से प्राप्त होनी शुरू हो चुकी हैं। इस बार लगातार किताबें आने से उम्मीद जताई जा रही है कि नवीन सत्र में समय से बच्चों के बैग में किताबें होंगी। जो किताबें प्राप्त हो चुकी हैं, उनका सत्यापन कराकर शीघ्र ही ब्लॉकों में भिजवाना शुरू करा दिया जाएगा। **-रणवीर सिंह,** बीएसए

# विधायिका में महिलाओं की कम भागीदारी चिंताजनक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर विधायिका में महिलाओं की भागीदारी विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

- **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एसएस लॉ कॉलेज में गोष्ठी**

मुख्य वक्ता डॉ. रूपल मिश्रा ने कहा कि भारत के सभी राज्य विधानसभाओं को एक साथ देखें तो महिला सदस्यों की स्थिति राष्ट्रीय औसत से कम है। आजादी के पिछले 75 वर्षों में लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 10 प्रतिशत तक भी नहीं बढ़ा जो चिंता का विषय है। डॉ. रंजना खंडेलवाल ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि हाल ही में भारत ने महिलाओं को संसद एवं विधानमंडलों में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व का बिल पास किया है, जिसकी सराहना की जानी चाहिए।

विश्व के कुछ देशों में संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 50 प्रतिशत का आंकड़ा पार कर गया है। वैश्विक अनुपात के आधार पर भारत का यह कदम सराहनीय है। डॉ. अमरेंद्र सिंह ने बताया कि भारत में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व का कारण, लिंग संबंधी रूढ़ियां, प्रतिस्पर्धा, राजनीतिक शिक्षा का अभाव, राजनीतिक नेटवर्क का अभाव आदि कारण हैं। प्राचार्य डॉ. जेएस ओझा ने आभार व्यक्त किया।

## नेहा ने जीती 400 मीटर दौड़


मेडल पहनाती मुख्य अतिथि सोनल त्रिपाठी।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नेहरु युवा केंद्र के तत्वाधान में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्ति फिटनेस दौड़ कराई गई। ग्लेरिंग पब्लिक हाईस्कूल में हुई 400 मीटर दौड़ में नेहा वर्मा ने प्रथम, अंतिमा गौतम ने द्वितीय और हर्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि सोनल त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि रेखा पाठक, स्वयंसेविका प्रिया श्रीवास्तव ने विजताओं को पुरस्कृत किया। विद्यालय की अध्यक्ष अनुराधा शुक्ला ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रियंका, डॉ. श्रुति शुक्ला, मोनी, सुप्रिया, अंशुल, प्रियंका, श्रेजल, मंजू आदि का सहयोग रहा।

# तंबू निर्माण में गांधी टोली विजयी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जी एफ कॉलेज रेंजर्स-रोवर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चौथे दिन भी जारी रहा। शनिवार को शिविर में प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में तंबू निर्माण, रंगोली और फ़ूड प्लाजा प्रतियोगिताएं कराई गईं।

तंबू निर्माण प्रतियोगिता में रोवर्स वालंटियर की महात्मा गांधी टोली को प्रथम, फ़ूड प्लाजा में रेंजर्स की रानी लक्ष्मीबाई टोली को प्रथम और रंगोली प्रतियोगिता में सरोजनी नायडू टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त मिला। टेंट निर्माण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. फैयाज अहमद, डॉ. सुहेल अख्तर नकवी, डॉ. मोहम्मद शोएब और डॉ. इमरान खां शामिल रहे। जबकि रंगोली और फ़ूड प्लाजा में डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. कौसर जमाल, मख्फी फातिमा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक ने शिविर में तंबू, रंगोली एवं फ़ूड प्लाजा का निरीक्षण किया और विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। रोवर्स प्रभारी डॉ. जमील अहमद खां और रेंजर्स प्रभारी डॉ. इरम जहां के संचालन में चले शिविर में प्रशिक्षक करुण पांडेय और देव कुमारी का विशेष योगदान रहा। शिविर में आयशा, अतूफ़ा, बिनीश, गोमती, साक्षी, आलिया, गज़ाला, सुहानी, संध्या, अभिनव कश्यप, उदयभान सिंह, धीरज कुमार, दीपांशु दास, अंकित कुमार, सत्यम मिश्रा, दिव्यम द्विवेदी, सुखदेव, विपिन राज, देवराज, अभिषेक, सत्यम, चन्दन, अनुराग आदि का सहयोग रहा। इससे पहले शिविर की शुरुआत स्काउट-गाइड ध्वज शिष्टाचार और गीत के साथ हुई।


जीएफ कॉलेज में रेंजर्स-रोवर्स शिविर में तंबू निर्माण प्रतियोगिता का निरीक्षण करते प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक। ● अमृत विचार

- **जीएफ कॉलेज में चल रहे रेंजर्स-रोवर्स शिविर में प्राचार्य ने बढ़ाया प्रतिभागियों का उत्साह**

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, वाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# यूपी बोर्डः अंतिम दिन हुई उर्दू, संस्कृत, कृषि की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं शनिवार को समाप्त हो गईं। अंतिम दिन सुबह की पाली में हाई स्कूल उर्दू, पंजाबी, नेपाली तथा इंटर की व्यवसायिक पंचम प्रश्नपत्र की परीक्षा हुई, जबकि द्वितीय पाली में इंटर संस्कृत, कृषि गणित और कृषि रसायन विषय की परीक्षा हुई।

कंट्रोल रूम प्रभारी जीआईसी प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बताया कि अंतिम दिन प्रथम पाली में हाईस्कूल उर्दू विषय की परीक्षा में पंजीकृत 486 परीक्षार्थियों में 453 परीक्षा में शामिल हुए और 23 अनुपस्थित रहे। इसी तरह पंजाबी में आठ के सापेक्ष सात ने परीक्षा दी और एक अनुपस्थित रहा। नेपाली में पंजीकृत इकलौती छात्रा अनुपस्थित रही। द्वितीय पाली में व्यवसायिक पंचम प्रश्नपत्र की परीक्षा में पंजीकृत 317 के सापेक्ष 307 ने परीक्षा दी और तीन अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली संस्कृत, कृषि गणित और कृषि रसायन प्रश्नपत्र की परीक्षा में पंजीकृत 1040 परीक्षार्थियों में 991 परीक्षा में शामिल हुए और 49 अनुपस्थित हो गए। इधर, डीआईओएस हरिवंश कुमार ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी दीपक दीक्षित ने कंप्यूटर्स के माध्यम से अंतिम दिन की परीक्षा की मॉनीटरिंग की।

इस बार कलान-मिर्जापुर क्षेत्र में तीन फर्जी परीक्षार्थियों को छोड़कर सभी जगह शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न हुई। मिर्जापुर क्षेत्र में एक और कलान क्षेत्र में दो परीक्षार्थी दूसरों के स्थान पर परीक्षा देते पकड़े गए थे। सख्ती के चलते कोई परीक्षार्थी नकल करते पकड़ में नहीं आया। इस कारण प्रशासन और विभागीय अधिकारियों ने राहत की सांस ली।


अब आगे की तैयारी...शहर के एक केंद्र से परीक्षा देकर आतीं इंटर की छात्राएं। ● अमृत विचार

- **डीआईओएस ने किया केंद्रों का भ्रमण, प्रशासन ने ली राहत की सांस**
- **हाईस्कूल नेपाली में पंजीकृत इकलौती छात्रा ने नहीं दी परीक्षा**


केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे डीआईओएस हरिवंश कुमार। ● अमृत विचार

### सीबीएसईः 24 ने छोड़ी गणित की परीक्षा

सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में शनिवार को 12वीं की गणित विषय की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जिला को-आर्डिनेटर राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि परीक्षा में पंजीकृत 758 परीक्षार्थियों में 734 परीक्षा में शामिल हुए और 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा नौ केंद्रों पर संचालित की जा रही है। बताया कि परीक्षार्थियों ने अनुशासन में रहकर परीक्षा दी।

### डीआईओएस ने जताया आभार

डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बोर्ड परीक्षा में सहयोग देने वाले समस्त जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी निभाने वाले प्रशासनिक अधिकारियों, केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, कक्ष निरीक्षकों, सचल दल के सदस्यों, कंट्रोल रूम में रात-दिन डयूटी निभाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों तथा पुलिस विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# छुट्टा पशु सड़कों पर, विभाग कर रहा लक्ष्य से ज्यादा संरक्षण का दावा

## तीन-तीन अभियान चले पर सड़कों से नहीं हट सके छुट्टा पशु, विभाग के अनुसार 6400 से ज्यादा पशु गोशाला भेजे गए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



निसात टॉकीज रोड पर बैठे पशु। ● अमृत विचार

- अब भी जिले में पशु सड़क, गांव और गली-मोहल्लों में घूम रहे

**अमृत विचार :** छुट्टा गोवंशीय पशुओं को पकड़ने और उन्हें गोआश्रय स्थलों में संरक्षित करने के लिए जिले में चलाया गया अभियान आंकड़ों में पूरी तरह से सफल दिख रहा है। पशुपालन विभाग की मानें तो विशेष अभियान के तहत तय लक्ष्य से कहीं अधिक गोवंशीय पशुओं का संरक्षण किया गया है।

पशुपालन विभाग के साढ़े तीन माह के विशेष अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में कुल 6400 से ज्यादा गोवंशीय पशुओं के संरक्षण के दावे किए जा रहे हैं। इसके साथ ही अभियान को आगे विस्तार न देने का निर्णय लिया गया है। एक नवंबर से 31 जनवरी तक चले अभियान के तहत 6000 पशुओं के संरक्षण का लक्ष्य तय किया गया था, जिसके सापेक्ष 6100 से ज्यादा पशु पकड़े गए। इसके बाद दोबारा पशु पकड़ने का लक्ष्य तो नहीं दिया गया, लेकिन अभियान को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद 16 जनवरी तक चले अभियान के दौरान लगभग 150 और 31 जनवरी तक चले अभियान के तहत लगभग 100 पशु पकड़े गए हैं। इस तरह कुल 6400 पशुओं को संरक्षित किए जाने की बात कही जा रही है। इसके बाद भी पशु सड़कों पर दिखाई दे रहे हैं। छह मार्च को जलालाबाद क्षेत्र में सांड से टकरा कर एक युवक और सांड दोनों की मौत हो गई। इसके बाद से एक बार फिर यह सवाल उठने लगा है कि आखिर कब तक यह सांड इस तरह लोगों की जान लेते रहेंगे और अपनी जान गंवाते रहेंगे।

वर्तमान में छुट्टा गोवंशीय पशुओं को जिला मुख्यालय के साथ साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूमते देखा जा सकता है। नए सिरे से हुए सर्वे में सामने आया कि अभी भी जिले में सैकड़ों की संख्या में गोवंशीय पशु छुट्टा घूम रहे हैं। ऐसी स्थिति से छुटकारा पाने के लिए लगातार सरकार प्रयास कर रही है, लेकिन कामयाबी नहीं मिल रही है। तीन-तीन अभियान भी छुट्टा पशुओं को सड़कों से नहीं हटा पाए हैं।

### जलालाबाद में युवक और सांड़ दोनों की हुई थी मौत

जिले में छुट्टा पशुओं को लेकर हुए हादसों में लोगों की मौत का आंकड़ा 20 के पार पहुंच चुका है। ताजी घटना छह मार्च की जलालाबाद क्षेत्र की है। बरुआरी गांव का निवासी समोद (27) छह मार्च देर शाम बाइक से अपने घर जा रहा था। हाईवे पर खाईखेड़ा के पास उसकी बाइक के सामने एक सांड आ गया। जिसके चलते सांड और समोद दोनों की मौके पर मौत हो गई। इस तरह की जिले में तमाम अन्य घटनाएं हैं। लोगों की जान जाने के साथ-साथ पशुओं की भी मौत हो रही है। अभियान पर अभियान चल रहे हैं, लेकिन समस्या से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है।

### छुट्टा पशुओं के चलते हुए हादसों में इनकी गई जान

- सदर थाना क्षेत्र के नई बस्ती शहबाजनगर गांव निवासी अमरजीत उर्फ मुरली की बेसहारा पशु से टकराकर मृत्यु।
- बंडा क्षेत्र के किशनपुर गांव निवासी मैकूलाल की बेसहारा पशु से टकराकर मृत्यु।
- पीलीभीत जिले के बिलसंडा थाना क्षेत्र के नाथे मुहल्ला निवासी रंजीत कुमार की बंडा में पशु से टकराकर मृत्यु
- जलालाबाद के रैपुरा गांव निवासी अक्षय कुमार की सांड़ के हमले से मौत।
- निगोही के भटियूरा पृथ्वीपुर गांव निवासी शिवकुमार की छुट्टा भगाते समय मौत हो गई थी।
- जीएफ कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शिवप्रताप सिंह की छुट्टा पशु से टकराकर मौत हो गई थी।
- सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव वीरेंद्र सिंह की छुट्टा पशु से टकराने से मौत।
- अल्हागंज के चिलौआ गांव निवासी महरम सिंह को सांड़ ने पटककर मार डाला था।
- गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के राईखेड़ा गांव निवासी राजेंद्र की सांड़ से टक्कर लगने से मौत हुई थी।
- पुवायां क्षेत्र के रहदेवा गांव निवासी रामकुमार की छुट्टा पशु से टकराकर मृत्यु।
- बरुआरी गांव के निवासी समोद की बाइक सांड़ से टकरा गई। हादसे में समोद की मौत हो गई।

> सड़क से हटाकर ज्यादातर पशुओं को गोशालाओं में भेजा जा चुका है। इसके बाद भी पशु दिखाई दे रहे हैं तो इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।
> -डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी।

## लूट की साजिश करते बरेली का बदमाश गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पुलिस ने श्मशान घाट पर लूट की योजना बनाते बरेली के एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। एक शातिर भाग गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

मीरानपुर कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी को शुक्रवार की रात एक बजे सूचना मिली कि कुछ बदमाश अस्पताल रोड पर श्मशानघाट पर लूट व चोरी की योजना बना रहे है। पुलिस ने घेराबंदी की तो एक युवक को दबोच लिया। जबकि एक मौका पाकर भाग गया। पकड़ा गया बदमाश शाकिर निवासी दोहरिया पचदौरा थाना भोजीपुर जिला बरेली है। उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। शाकिर पर विभिन्न धाराओं के सात मुकदमे पहले से दर्ज है। जबकि फरार बदमाश सलमान निवासी पदारथपुर, फरीदपुर जिला बरेली है। शाकिर पर पहले से चोरी आदि के 15 मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने शाकिर का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक डालचंद आदि थे।

## युवती को किया अगवा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि उसकी 20 वर्षीया पुत्री ने खाना बनाया और सबको खिलाने के बाद रात में नौ बजे एक कमरे में सोने के लिए चली गई। अगले दिन सुबह पांच बजे परिवार वाले उठे तो देखा कि वह घर पर नहीं थी। सब जगह तलाश करने पर भी उसका कुछ नहीं पता चला। उसे जानकारी मिली कि गांव का शेखर उसकी बेटी को अगवा करके ले गया है। पुलिस ने आरोपी शेखर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।



शहर में फ्लैग मार्च निकालते केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

# अलर्टः त्योहार और लोकसभा चुनाव को लेकर फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिले में एक हजार से अधिक पाबंद
- शरारती तत्वों पर रहेगी नजर

**अमृत विचार :** त्योहारों तथा लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराए जाने को देखते हुए कलान और परौर क्षेत्र में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल, पीएसी तथा पुलिस फोर्स ने कलान और परौर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई। इधर जिले में अब तक एक हजार से अधिक लोगों को पाबंद किया जा रहा है।

एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि आगामी त्योहारों और लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अर्द्धसैनिक बल और पीएसी के जवान जिले में पहुंच गए है। जिले में अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए सीओ जलालाबाद अजय कुमार राय के निर्देशन में कलान थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र परौर सोनी शुक्ला ने केंद्रीय सुरक्षा बल, पीएसी, सिपाहियों के साथ दंगा नियंत्रण उपकरणों सहित कस्बा कलान व कस्बा परौर के प्रमुख मार्गों, चौराहो और बाजारों से फ्लैग मार्च निकाला। संदिग्ध वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से संवाद कर कानून व्यवस्था तथा निष्पक्ष लोकसभा चुनाव व त्योहारों के प्रति आश्वस्त किया गया। इधर होली और लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में अब तक एक हजार लोगों को पाबंद किया गया है। आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनाव को लेकर शरारती लोगों पर पैनी नजर रखी जाएगी। एसपी अशोक कुमार मीणा ने सभी थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को निर्देश दिए है कि क्षेत्र में जाकर जानकारी शरारती लोगों को पाबंद किया जाए।

### प्रशासन का सहयोग करने और निर्भीक होकर मतदान की अपील



खुटार में सीओ के नेतृत्व में निकाला पैदल मार्च। ● अमृत विचार

**खुटार।** लोकसभा चुनाव और होली के त्योहार के मद्देनजर नगर में सीओ के नेतृत्व में अर्धसैनिक बल के साथ पुलिस ने पैदल मार्च निकाला। नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई। शनिवार को सीओ पंकज पंत के नेतृत्व में अर्धसैनिक बल एसएसबी और पुलिसकर्मी थाने से पैदल मार्च पर निकले। जो मेन रोड से होते हुए बंडा चौराहा, गोला बाईपास रोड, बंडा रोड से कई क्षेत्रों से गुजरा। सीओ पंकज पंत ने कहा कि जिले में आचार संहिता लागू है। कहा कि इसका उल्लंघन करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। साथ संदिग्ध लोगों की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। इस मौके पर थाना पुलिस भी मौजूद रही।

# सेहत पर दें ध्यान, मौसम में बदलाव से बढ़े सर्दी और जुकाम के मरीज



मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर के कमरे के बाहर लाइन में लगे मरीज। ● अमृत विचार



टाउनहॉल में नाले के पास फैली गंदगी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मेडिकल कॉलेज में आम दिनों की अपेक्षा ज्यादा पहुंच रहे मरीज

**अमृत विचार :** बारिश के बाद सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीज बढ़ गए हैं। आम दिनों की अपेक्षा राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। खासकर सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी हुई देखी जा रही है। मेडिकल कॉलेज में औसतन प्रतिदिन 1000 मरीज आ रहे हैं और इनमें 350 से अधिक मरीज सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार के होते हैं।

शनिवार को जिला अस्पताल और राजकीय मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीजों की लाइन लंबी रही। फरवरी खत्म होने के साथ ही मौसम रोज बदल रहा है। दो से चार मार्च तक हुई बारिश के कारण अब मच्छर जनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। दूसरी और दिन में धूप और सुबह-शाम की सर्दी लोगों को बीमार कर रही है। बदलते मौसम में लापरवाही भारी पड़ रही है और लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में लगभग 1000 मरीज पहुंचे। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. शिव मोहन कमल ने बताया कि मौसम में बदलाव के दिनों में वायरल और सर्दी- खांसी व जुकाम के मरीज बढ़ रहे हैं। इस मौसम में सावधानी बरतने की जरूरत है।

### मच्छरों का प्रकोप बढ़ा

महानगर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। इसके बाद भी तमाम जगह कूड़ा इकट्ठा देखा जा रहा है। कई नालियां भी चोक हैं। नगर निगम के कर्मचारी लगातार सफाई करने का दावा कर रहे हैं। इसके बाद भी सफाई ठीक से नहीं हो पा रही है। निगम ने शनिवार शाम फॉगिंग तो कराई, लेकिन सभी जगह नहीं हो सकी।

> नगर में लगातार सफाई की जाती है। गंदगी न रहे और नालियां चोक न होने देने के निर्देश सफाई कर्मचारियों को दिए गए। -डॉ. मनोज कुमार मिश्र, नगर स्वास्थ्य अधिकारी।

## दूसरे ट्रक चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कुर्रिया कलां, अमृत विचार :** केआर पेपर मिल के पास विजय वर्मा उर्फ कल्लू को कुचलने वाले दूसरे ट्रक के चालक कृष्णा को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है।

शुक्रवार को गांव रामपुर निवासी विजय शुक्रवार सुबह केआर पेपर मिल के पास सड़क किनारे पकौड़ी खा रहा था। इसी दौरान बरेली की तरफ से आ रहे कोयला भरे ट्रक ने कुचल दिया था, वहीं इसके पीछे दो अन्य ट्रक चल रहे थे वह भी उसे रौंदते हुए निकल गए। परिजनों एवं ग्रामीणों ने हाईवे जाम कर दिया था। उच्च अधिकारियों के आश्वासन पर मामला शांत हुआ था। पुलिस ने मौके पर ही ट्रक चालक जनपद चंदौली के थाना बाबुरी क्षेत्र के चंडीपुर गांव के श्रीवन्त सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। जिसे मुचलका के आधार पर जमानत दे दी गई है। वहीं प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर ने बताया कि दूसरे ट्रक चालक कृष्णा पुत्र राम शंकर थाना धानापुर जनपद चंदौली को भी पेपर मिल के एरिया से गिरफ्तार कर लिया है।

# डीएम, एसपी ने किया अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बोले डीएम- प्रलोभन देने वाले और डराने-धमकाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने शनिवार को विकासखंड जैतीपुर के अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने कटरा, जैतीपुर, ग्राम बझेड़ा भगवानपुर, ग्राम डभौरा और ग्राम गढ़िया रंगीन स्थित बूथों का निरीक्षण कर ग्रामीणों से मिले। उन्होंने बूथों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और दिशा-निर्देश दिए। मतदाता सूची को पढ़ा और वोटर से उनका नाम दर्ज है या नहीं यह जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने जनसंवाद के दौरान कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। अपने मत का प्रयोग करना आपका अधिकार है। किसी भी प्रलोभन या डराने, धमकाने में न आएं। स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें, प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई ऐसा करता है तो उसकी शिकायत संबंधित थाने या हेल्पलाइन नंबर 1950 कर सकते हैं। डीएम ने कहा कि शराब बांटना, पैसा देकर वोटर को बहकाना, किसी प्रकार का प्रलोभन देना कानूनन अपराध है। युवा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ, सांप्रदायिक, आपसी सौहार्द खराब करने वाली पोस्ट न करें और न ही किसी ऐसी पोस्ट पर टीका टिप्पणी करें।

जिलाधिकारी ने बताया कि सभी को स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से वोट डालने का अधिकार है। बुजुर्ग एवं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए भी बूथों पर व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था की गई है। एसपी अशोक मीणा ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि त्योहारों व निर्वाचन के दृष्टिगत आपसी सौहार्द एवं शांति बनाए रखें। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जा रही है। भड़काऊ, सांप्रदायिक, आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट न करें और न ही किसी ऐसी पोस्ट पर टिप्पणी करें।

### जुलूस मार्गों से ईट-पत्थर हटाने और गड्ढे भरने के दिए निर्देश



**शाहजहांपुर।** होली पर निकलने वाले लाट साहब जुलूस को लेकर नगर निगम प्रशासन सतर्क हो गया है। नगर आयुक्त केपी सिंह ने शनिवार को लाट साहब के जुलूस मार्गों का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जुलूस मार्गों से ईट, पत्थर, आदि को उठवाए जाने और सीवर लाइन के लिए खोदे गए गड्ढों को ठीक कराए जाने के लिए निर्देशित किया। नगर आयुक्त ने पार्षद, जन-प्रतिनिधियों, निगम व जल निगम अधिकारियों के साथ बड़े लाट साहब के जुलूस मार्गों छोटा चौक, चारखंभा, केरुगंज, छाया कुआं, मिशन स्कूल, अंटा चौराहा, खिरनीबाग चौराहा, बिस्मिल पार्क, सदर थाना, बाबा विश्वनाथ मंदिर होते हुए निशात रोड, बहादुरगंज, घंटाघर, आदि जगह से निकलने वाले छोटे लाट साहब के जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने रास्तों पर सीवर लाइन के लिए खोदे गए गड्ढों को तत्काल ठीक कराए जाने, सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने, जुलूस मार्गों पर ईट, पत्थर, रोड़ा आदि को तत्काल उठवाए जाने को निर्देशित किया। प्रकाश व्यवस्था को ठीक कराने और शुद्ध पेयजलापूर्ति के भी निर्देश दिए। इस दौरान उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता जल निगम, सहायक अभियंता (पथ प्रकाश) मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित, पार्षद दिवाकर मिश्रा, अनूप गुप्ता, संजय व लाट साहब जुलूस में सहयोग प्रदान करने वाले सुरेन्द्र सेठ, हरनाम कटियार आदि मौजूद रहे।

# देवरानी पर डेढ़ साल की बच्ची को जलाने का आरोप

संवाददाता, रोजा

- मकान और दुकान के बंटवारे को लेकर है विवाद

**अमृत विचार :** महिला ने देवरानी पर डेढ़ वर्ष की बच्ची पर खौलती चाय डालकर जला देने का आरोप लगाते हुए देवरानी, उसके मां-बाप व दो भाइयों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



पीड़ित बच्ची।

क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर कॉलोनी गली नंबर छह निवासी पंकज की पत्नी रानी ने पुलिस को बताया कि उसका परिवार संयुक्त रूप से एक ही मकान में रहता है। उसके पति पंकज की दुकान है और घर का सारा खर्च करते हैं। उसके देवर नीरज की पत्नी अक्सर मकान और दुकान के बंटवारे को लेकर झगड़ा करती रहती है। बुधवार की शाम हुए विवाद के दौरान देवरानी ने उसकी डेढ़ वर्ष की पुत्री के ऊपर खौलती चाय डाल दी। जिससे उसका सीधा हाथ गंभीर रूप से झुलस गया। जब उसने चिल्लाना शुरू किया तो देवरानी ने अपने पिता राजकुमार, मां मीरा देवी व भाई संजय तथा रंजीत को बुला लिया। आरोप हैं कि सभी लोग घर में घुस गए और गाली गलौज करते हुए धमकी देने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बैनामा लेखक समेत दो की हार्ट अटैक से मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कटरा क्षेत्र में दो लोगों की अचानक तबीयत खराब हो गई। दोनों को अस्पताल लाया गया। जहां दोनों ने हार्ट अटैक से दम तोड़ दिया।

मीरानपुर कटरा-जलालाबाद राज्य मार्ग पर स्थित कोल्ड स्टोर में स्थित मधुसूदन डेयरी क्रीमी फूड्स लिमिटेड के एरिया मैनेजर देव कुमार (22) की रात 12 बजे अचानक तबीयत खराब हो गई थी। परिवार वालों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उसकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। इधर मोहल्ला तहबरगंज निवासी बैनामा लेखक कंवर सेन गंगवार (52) की भी सुबह चार बजे अचानक तबीयत खराब हो गई। उनको बरेली में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉक्टर ने परिवार वालों को बताया है कि हार्ट अटैक से मौत हुई है।

# आत्मदाह को उकसाने के प्रयास में दो गिरफ्तार, अन्य की तलाश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एसपी आफिस आत्मदाह का प्रयास करने वाले व्यक्ति को षडयंत्र के तहत उकसा कर गंभीर घटना कराने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। एसओजी व सदर बाजार पुलिस अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

कांट के मोहल्ला सेहरान निवासी ताहिर अली ने तीन दिन पूर्व एसपी ऑफिस में पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले और फुटेज को लिया। सदर बाजार चौकी प्रभारी सुभाष चंद्र दीक्षित ने छह मार्च को थाना सदर बाजार में आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ 13 धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अभियोग में घटना में पांच मार्च 24 को अज्ञात अभियुक्तों के द्वारा ताहिर अली नाम के व्यक्ति को षडयंत्र के तहत आत्मदाह करने के लिए उकसाकर घटना कराई गई थी। एसओजी ने एसपी आफिस और आफिस के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला था। इस घटना की जांच एसपी अशोक कुमार मीणा ने एएसपी सिटी संजय कुमार को जांच सौपी थी। विवेचना के दौरान अभिलेखीय साक्ष्यों एवं तथ्यों, सीसीटीवी फुटेज आदि के आधार पर नबी सलमान निवासी लोदीपुर रोजा व योगेंद्र सिंह यादव निवासी एमनजई जलालनगर सदर बाजार के नाम प्रकाश में आए थे। सदर बाजार उप निरीक्षक राजेश कुमार ने शनिवार की दोपहर दोनों अभियुक्त सलमान व योगेंद्र सिंह यादव को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में धवेंद्र कुमार, दिनेश कुमार थे।

## हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

**सिंधौली।** त्रिलोकीनाथ मंदिर से निकले बाईपास पर एआरटीओ कार्यालय के पास शनिवार शाम करीब 7:30 बजे ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि मृतक की पहचान बंधु पुत्र मंगली निवासी सिंधौली के रूप में हुई है। जबकि घायल बारापुर निवासी राजमिस्त्री राकेश को अस्पताल भेजा गया है।

## अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां।** क्षेत्र के गांव इमलिया निवासी पिंकी पत्नी अनिल कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सात मार्च को उसका मौसेरा भाई आदित्य उर्फ मुनेश पुत्र केशन लगभग तीन बजे बाइक से घर जा रहा था। वही गांव के स्कूल के सामने पुवायां की तरफ से जा रही बोलेरो के अज्ञात चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दुकान का बैनामा करने के बाद व्यापारी लापता

संवाददाता, तिलहर

- परिजनों ने दुकान खरीदने वाले पर जताई आशंका

**अमृत विचार :** मानसिक रूप से कमजोर व्यापारी गुपचुप तरीके से दुकान का बैनामा कराने के बाद गुमशुदा हो गया। व्यापारी के चाचा ने दुकान का बैनामा कराने वाले पर गायब करने का आरोप लगाते हुए अनहोनी की आशंका जताई। कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर दुकान का बैनामा कराने वाले व्यक्ति से पूछताछ की।

नगर के मोहल्ला दातागंज निवासी संतोष अग्रवाल ने बताया कि उनका भतीजा राजेंद्र कुमार अग्रवाल उर्फ राजू मानसिक रूप से कमजोर है। जिसका गत वर्षों बरेली के मानसिक अस्पताल में इलाज भी चल चुका है। उन्होंने बताया कि मोहल्ला निजामगंज में उसकी परचून की दुकान है। वह अचानक पांच मार्च को गायब हो गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद जब वह दुकान पर पहुंचे, तो दुकान में दूसरे ताले पड़े थे। जानकारी करने पर पता लगा कि पड़ोस में ही रहने वाले एक व्यक्ति ने राजू से गुपचुप तरीके से बैनामा करा लिया है और दुकान के रुपये भी उसे नहीं दिए गए हैं।

आरोप है कि दुकान हड़पकर राजू को कहीं गायब कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि उसका नंबर भी बंद जा रहा है। शनिवार को परिजन और तमाम व्यापारी कोतवाली पहुंचे और कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह से राजू को बरामद करने की गुहार लगाई। कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है, राजू की तलाश की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# राजीव चौक पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

## नगर पालिका परिषद भवन में स्थापित किया जाएगा नियंत्रण कक्ष, कार्य शुरू

**बढ़ेगी सुरक्षा**

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद की ओर से सुरक्षा के दृष्टिकोण से सबसे व्यस्त ट्रैफिक रूट वाले राजीव चौक से निकले हुए सभी मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। जिसका नियंत्रण कक्ष नगर पालिका परिषद भवन में स्थापित किया जाएगा।

राजीव चौक से निकले शाहजहांपुर रोड,खुटार रोड, निगोही रोड, बंडा रोड एवं नगर को जाने वाले मार्ग पर सार्वजनिक निगरानी सुरक्षा के लिए हाई रेजोल्यूशन वाले एचडी सीसीटीवी के करीब 32 कैमरे 16 लाख की लागत से लगाए जाएंगे। नगर पालिका जन सुरक्षा एवं सार्वजनिक निगरानी वाले कैमरे सभी स्थानों पर सीमेंटेड पक्की फाउंडेशन स्थापित करके उनमें पोल खड़ा करके कैमरे लगवाएगा। राजीव चौक पर शाहजहांपुर रोड की पुलिया पर तथा बंडा जाने वाले हाईवे के किनारे तथा खुटार हाईवे किनारे प्रेम मेडिको के निकट और नगर को जानेवाली रोड पर व खुटार रोड पर सेंटर चौराहा पर और जेवां मोड़ चौराहा पर व बंडा रोड पर, नाहिल चौराहा पर और निगोही रोड पर सब्जी बाजार की पास कैमरे लगाए जाएंगे। उच्च एचटी क्वालिटी के पिक्चर वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। निश्चित स्थान पर पोल लगाए जाने के लिए सीमेंटेड फाउंडेशन बनाई जाने लगी है। जल्द ही पुवायां नगर के सभी प्रमुख मार्ग सीसीटीवी की निगरानी में होंगे।


पुवायां का राजीव चौक। (फाइल फोटो) • अमृत विचार

● 16 लाख की लागत से सभी प्रमुख चौराहे पर लगाए जाएंगे 32 कैमरे

> राजीव चौक और सभी प्रमुख चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत 16 लाख की लागत से 32 कैमरे लगाए जाएंगे। नगर पालिका परिषद भवन में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। -**संजय गुप्ता**, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद

### पुलिस विवेचना में मददगार साबित होंगे कैमरे

सार्वजनिक सुरक्षा के लिए तथा कोई भी घटना-दुर्घटना होने पर उसकी जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज पुलिस विवेचना में काफी मददगार साबित होगी तथा डग्गामार गाड़ियों में आए दिन होने वाली यात्रियों के सामान की चोरी की घटनाओं में भी कमी आएगी और सार्वजनिक स्थानों पर होने वाली आपराधिक घटनाओं में कमी आएगी।

# आरोपियों पर कार्रवाई के लिए दिया प्रार्थना पत्र

**पुवायां, अमृत विचार:** गांव ढकिया खुर्द निवासी रविंद्र प्रताप सिंह ने थाने पर की गई शिकायत में बताया कि उसके पिता 12 अक्टूबर 2023 को रिश्तेदारी में निगोही गए थे। उसके रिश्तेदारों ने प्रॉपर्टी में हिस्सा नहीं देने पर पिता की हत्या कर दी।

पिता की हत्या की साजिश में अन्य लोग भी शामिल है। मां के साथ भी रिश्तेदार किसी भी समय कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। पिता के पास जो जेवर और रुपये थे उन्हें भी रिश्तेदारों ने अपने पास रख लिया। उसने शिकायती पत्र में मांग कि है कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उसने अपनी और मां की जान को खतरा बताया है।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल , हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# सूफियाना कव्वालियों पर झूमे जायरीन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सैयद दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह का तीन दिवसीय सालाना उर्स शनिवार को अकीदत के साथ संपन्न हो गया। कुल शरीफ की महफिल में अमनो-अमान और खुशहाली की दुआ मांगी गई।

मोहल्ला एमनजई जलालनगर स्थित मजार पर सुबह 10 बजे कुल शरीफ की महफिल सजी। महफिल का आगाज तिलावत ए कुरआन से हुआ। मुस्तफा मस्जिद के इमाम हाफिज मुर्तजा रजा कादरी ने लोगों से कुरआन व हदीस की तालीम पर अमल करने और नमाज की पाबंदी करने पर जोर दिया। नात-ओ-मनकबत के बाद कुरआन की मुकद्दस आयतें पढ़ी गईं। मुर्तजा कादरी ने मुल्क में अमन और भाईचारे की दुआ की। लोगों ने मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी कर दुआ मांगी। जायरीन में तबर्रुक भी बांटा गया। इससे पहले शुक्रवार की रात महफ़िले शमां में कव्वाल शमीम एंड पार्टी और सलमान सुल्तानी ने सूफियाना कव्वालियां पेश कीं। इस मौके पर पार्षद तालिब खां, मोनिस खां, नदीम खां, डॉ. शाहनवाज़ खां, रईस खां, महफूज खां, रिजवान, जुबैर, उवैस, मुहीब हसन, अफवान, आमान, इरशाद, आरिफ अंसारी, असलम, शानू, जुग्गन आदि का सहयोग रहा।


सैयद दादा मियां के उर्स में जुटे जायरीन। • अमृत विचार

● **खुशहाली की दुआ के साथ सैयद दादा मियां का उर्स संपन्न**

# रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालु अयोध्या रवाना

कुर्रिया कला, अमृत विचार : रामलला के दर्शन के लिए शनिवार को श्रद्धालुओं का एक जत्था बस से अयोध्या के लिए रवाना हो गया। बस को भाजपा नेता अरविंद सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भाजपा नेता ने कहा कि देशवासियों के लिए बड़े गर्व की बात है कि अयोध्या में इतना भव्य श्री राम मंदिर बना। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सरथौली मानू मिश्रा, राम भक्त यात्रा संयोजक मोहित दीक्षित, दीपक अग्निहोत्री, उपदेश सिंह भदौरिया, कुंवरपाल,विकेश कुमार आदि मौजूद रहे।



प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूजन करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

# शिव मंदिर पर देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

संवाददाता, पुवायां

● **भजन संध्या में भगवान शंकर के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु**

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर्व पर कैंब्रिज कांवेंट स्कूल के निकट शिव मंदिर पर स्कूल के डायरेक्टर विपिन अग्रवाल ने शिव परिवार, राधा-कृष्ण, राम-सीता, हनुमान, शिवलिंग, खाटू श्याम प्रभु की देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से संपन्न करवाई।

आयोजन में बरेली से आए हुए भजन गायकों ने भजन संध्या में भगवान शंकर के भजन गाकर महाशिवरात्रि पर्व को और आनंदमय बना दिया। भजन संध्या में भोले के भजनों पर श्रोता जमकर झूमे और जयकारे लगाते रहे। शिव मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण करवाने वाले विपिन अग्रवाल अपने पुत्रों रचित अग्रवाल व विनायक अग्रवाल के साथ मुख्य यजमान के रूप में अतिथियों का स्वागत सत्कार करने में जुटे रहे। इस मौके पर भाजपा बृज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य , राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, सांसद अरुण सागर ,एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता, विधायक सलोना कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, विधायक चेतराम आदि मौजूद रहे।

C.B.S.E. Affiliation No. 2133488
Ram Murari Public School
PNC to XII
SALPUR NAVADIYA, MEERANPUR KATRA, SHAHJAHANPUR
(Contact : 6398020476 | Website : www.rammuraripublicschool.com)
NO ADMISSION FEE
ADMISSION OPEN 2024-25
NO ADMISSION FEE
Toppers of Session 2022-23

| Class | Name of Student | % |
|---|---|---|
| PNC | Amit | 99% |
| NC | Atifa | 99% |
| KG | Bhavya | 98% |
| I | Samayara | 98% |
| II | Anant Gupta | 98% |
| III | Arhaan | 98% |
| IV | Adhya Mishra | 98% |
| V | Sohit Yadav | 97% |
| VI | Trisha Jaiswal | 97% |
| VII | Tanishka | 98% |
| VIII | Vaishnavi | 97% |
| IX | Yashi | 98% |
| X | Alishaan (Board Exam) | 89% |

UPPER GALLERY
LOWER GALLERY
PLAYGROUNDS
SENIOR PLAYGROUND
JUNIOR PLAYGROUND
School Facilities
• Large Campus Area
• Audio Visual IT Classrooms
• Well Lit Spacious Classrooms
• Safe & Secure environment
• Full time CCTV Monitoring
• Indoor / Outdoor Play area
SAFE DRINKING WATER
SOLAR PANEL
CCTV
GPS Enabled Transport
TRANSPORT

# राष्ट्र निर्माण में डॉ. आंबेडकर का अविस्मरणीय योगदान


पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी की गोष्ठी को संबोधित करते सांसद अरुण सागर।

● **पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से हुई गोष्ठी में बोले- सांसद अरुण**

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** अशोक विहार स्थित पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी कार्यालय पर शनिवार को राष्ट्र निर्माण में डॉ. आंबेडकर के योगदान विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में डॉ. आंबेडकर का अविस्मरणीय योगदान रहा है, उनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने देश को जो संविधान दिया है, वह गणतंत्रात्मक लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की स्थापना करता है। हम उनके सिद्धांतों पर चलकर देश को आगे ले जा सकते हैं। सोसाइटी अध्यक्ष राम सिंह ने कहा बाबा साहेब समता मूलक समाज बनाना चाहते थे और इसी दिशा में भारतीय संविधान में उन सिद्धांतों को रखा जो देश को समता, करुणा, मैत्री के सूत्र में बांध सकते हैं। इस अवसर पर सभी ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। गोष्ठी में अभिषेक यादव, राकेश कुमार, सुनील कुमार, जगदीश सिंह, अनिल कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी की अध्यक्षता बुधपाल सिंह ने तथा संचालन संजीव गौतम ने किया।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

**कहासुनी के बाद मां-बेटी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज:** बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरपुर निवासी परवीन पत्नी मोहम्मद अली ने तहरीर देकर बताया कि तीन मार्च की शाम गांव के ही सलीम, नदीम, रफीक और वारिस घर के बाह गाली गलौज कर रहे थे। मना किया गया तो उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर बेटी गुलबहार बचाने आई तो उसे भी पीटा।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

### मोहल्ला एमनजई जलालनगर में ठेकेदार ने अधूरा छोड़ा निर्माण, निकलने में लोगों को हो रही दिक्कत

# डीएम साहब, अधूरा पड़ा है नाला, कब शुरू होगा काम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर में मोहल्ला एमनजई जलालनगर में निर्माणाधीन नाले का कार्य छह माह बीत जाने के बाद ठेकेदार निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया है। मकान के किनारे गड्ढा खोद देने से कभी भी कोई हादसा हो सकता है। अब क्षेत्र के लोगों ने डीएम से मांग की है कि नाले का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।

सदर बाजार क्षेत्र में मोहल्ला एमनजई जलालनगर में वार्ड नंबर 22 में नगर निगम के ठेकेदार द्वारा नाले का निर्माण कार्य छह माह पहले शुरू कराया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा नाले का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। ठेकेदार ने नाले के किनारे नाले पर स्लेप डालने के लिए लोगों के मकान से मिलाकर गड्ढा खोदकर अधूरे पिलर छोड़ दिए है। लोगों का दरवाजे से निकलना मुश्किल हो गया है।

जरा सा पैर फिसलने पर लोग कई फुट गहरे गड्ढे में गिर जाएंगे। ठेकेदार ने नाले के कार्य को अधूरा छोड़ दिया है। दो बार नगर आयुक्त मौके पर गए और गों को आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। क्षेत्र के रमेश कुमार, रेखा, राधा देवी, पिंकी देवी ने डीएम से मांग की है कि नाले का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाए। नगर निगम निर्माण विभाग के अवर अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि ठेकेदार को निर्देश दिए गए है कि नाले का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाए।


मोहल्ला एमनजई जलालनगर में अधूरा पड़ा नाला निर्माण। ● अमृत विचार

## पीटीआर : साढ़े तीन माह में 15126 पर्यटक पहुंचे

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ने के साथ यहां देश-विदेश के पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी हो रही है। पिछले पर्यटन सत्र में 23, 525 पर्यटक पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचे थे। जबकि, चालू पर्यटन सत्र के साढ़े तीन माह के अंदर 15,126 पर्यटक पीटीआर आ चुके हैं। विदेशी पर्यटकों की आमद बढ़ने से साढ़े तीन माह में पिछले सत्र का रिकार्ड टूट गया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र हर साल 15 नवंबर को शुरू होकर 15 जून तक चलता है। यहां का प्रमुख पर्यटन स्थल चूका बीच प्राकृतिक सुंदरता की अद्भुत मिसाल है। प्रकृति को करीब से निहारने और बाघ व अन्य वन्यजीवों का दीदार करने के लिए देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। पर्यटक जंगल के बीचोंबीच बने चूका बीच की हटों में ठहरने के साथ जंगल सफारी का आनंद भी लेते हैं। विदेशी पर्यटकों को भी पीटीआर खासा आकर्षित कर रहा है। यहां आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों की संख्या में साल दर साल इजाफा हो रहा है। दिसंबर में सर्वाधिक 5107 पर्यटक पीटीआर पहुंचे। वहीं विदेशी पर्यटकों ने साढ़े तीन माह में ही पिछले पर्यटन सत्र का रिकॉर्ड तोड़ दिया। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक बीते पर्यटन सत्र में अलग-अलग देशों के 54 विदेशी पर्यटक यहां पहुंचे थे। इस बार अभी तक पांच देशों के राजदूतों समेत 73 विदेशी वन्यजीवों का दीदार कर चुके हैं।

### 34.06 लाख की हो चुकी है आमदनी

आय में भी खासा इजाफा हो रहा है। चालू पर्यटन सत्र में टाइगर रिजर्व प्रशासन को 34.06 लाख रुपये की आय हुई है। वन अफसरों के मुताबिक बीते पर्यटन सत्र में 51.04 लाख रुपये की आय हुई थी।

# घपलेबाजी के आरोपी बीडीओ पर हो गई कार्रवाई, सचिव को बचा रहे अधिकारी

### दोबारा जांच के बाद 24 फरवरी को की गई थी निलंबन की संस्तुति, 14 दिन बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **आवास योजना में पात्र को अपात्र बनाकर वंचित करने का मामला गिनाई जा रही विभागीय कार्रवाई**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना में घपलेबाजी के आरोप में बरखेड़ा के बीडीओ प्रेम सिंह को शासन ने निलंबित कर दिया, लेकिन सचिव को जिम्मेदार अधिकारी बचाने में लगे हैं। इस मामले पीडी ने सचिव को दोषी बताते हुए निलंबन की संस्तुति कर विभागीय कार्रवाई का अनुरोध करते हुए जांच आख्या भेजी थी। इस पर जिम्मेदार अधिकारियों ने सचिव के खिलाफ केवल विभागीय कार्रवाई तो की, लेकिन निलंबित करने से बचा रहे हैं।

बरखेड़ा ब्लॉक के गांव मूढ़ासेमनगर उर्फ पंडरी के ग्रामीण ने आवास आवंटन को लेकर शिकायत की थी। परियोजना निदेशक शैलेन व्यास ने इस मामले की जांच बरखेड़ा बीडीओ प्रेम सिंह को सौंपी थी। जांच के बाद बीडीओ ने जो आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत की, उसमें उन्होंने सचिव राजकुमार के कृत्य को छिपाते हुए शिकायतकर्ता को गलत करार दिया। इस पर शिकायतकर्ता ने बीडीओ की जांच आख्या रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए मामले की जांच किसी अन्य अधिकारी से कराने की मांग की। फिर इस मामले की क्रास जांच कराई गई तो बीडीओ की आख्या रिपोर्ट गलत पाई गई।

> जांच में दोषी पाए जाने पर सचिव राजकुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उसके बाद सचिव को प्रतिकूल प्रवृष्टि देने के साथ एक वेतनवृद्धि रोकने की कार्रवाई की गई थी। इसमें अब निलंबन की आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही है।
>
> **- सतीश कुमार**, डीपीआरओ

इस मामले में परियोजना निदेशक ने 24 जनवरी को डीपीआरओ को पत्र लिखकर सचिव राजकुमार के निलंबित की संस्तुति करने के साथ विभागीय कार्रवाई का अनुरोध किया था। पत्र में कहा गया था कि सचिव राजकुमार द्वारा पात्र लाभार्थियों को आवास से वंचित करने एवं अपात्र को आवास दिलाने का कृत्य न केवल प्रधानमंत्री आवास योजना के दिशा निर्देशों के विपरीत है, बल्कि जनहित की योजनाओं में गंभीर लापरवाही किए जाने को भी स्पष्ट करता है।

परियोजना निदेशक ने भेजे पत्र के आधार पर सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने 16 फरवरी को शासन को पत्र भेजकर बीडीओ प्रेम सिंह के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की थी। इसी आधार पर शुक्रवार को शासन ने बीडीओ को निलंबित कर दिया। मगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी सचिव को निलंबन से बचाने की कोशिश में है। अफसरों का कहना है कि सचिव को उसी दौरान कारण बताओ नोटिस भेजा गया था। उसके बाद सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई की गई थी। फिलहाल पात्र को अपात्र और अपात्र को पात्र बनाने वाले सचिव पर अफसरों की मेहरबानी चर्चा का विषय बना हुआ है।

मुफ्त स्वास्थ्य मेला
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
10 मार्च 2024, रविवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
कैम्प स्थान
पं. राम नारायण शर्मा के आवास पर
ग्राम त्रिलोकपुर, शाहजहाँपुर
में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा बाल रोग आदि।
कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें
• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • सामान्य दवाईयाँ मुफ्त
• ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त
कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें
• खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
• लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
• गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
• हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
• भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
• बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अन्य सुविधायें: 1. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
2. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
3. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
4. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
सौजन्य से : पं. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, पं. अचल कुमार शर्मा (पूर्व प्रधान)
पं. अमित कुमार शर्मा (एडवोकेट), मो. 9412604903
पं. अवनीश कुमार शर्मा (एडवोकेट), मो. 9695964286
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

# करंट लगने पर छत से गिरे युवक की मौत

संवाददाता, माधोटांडा

- **बिजली खराब होने पर तार जोड़ने गया था बबलू**

**अमृत विचार :** घर की बिजली का तार जोड़ते समय युवक छत से नीचे जा गिरा। इससे सिर में गंभीर चोट आने से युवक की मौत हो गई।


मृतक बबलू।

माधोटांडा क्षेत्र के नवदिया धनेष निवासी हेम सिंह उर्फ बबलू (35) पुत्र झनकू सिंह बिजली मैकेनिक था। शुक्रवार को उसके घर की बिजली खराब हो गई। शाम करीब सात बजे वह छत पर चढ़कर बिजली का तार जोड़ रहा था। इस बीच उसे करंट लग गया। अचानक झटका लगते पर वह छत से नीचे सड़क पर जा गिरा। इससे सिर में गंभीर चोट आने वह बेसुध हो गया। परिजन फौरन उसे सीएचसी माधोटांडा ले गए। वहां से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर बबलू को मृत घोषित कर दिया। एसओ माधोटांडा अचल कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद युवक का शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बिजली ठीक करते वक्त उसे करंट लगा था। बबलू के दो बच्चे बेटी निधि और बेटा आर्यन है।

# कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने की कवायद में जुटा नगर निगम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **महीने के आखिर तक बनकर तैयार हो जाएगा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर**

**अमृत विचार:** शहर में कुत्तों की संख्या पर लगाम कसने के लिए ककरा में डंपिंग ग्राउंड के पास एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर बन रहा है। जिसका महीने के आखिर तक निर्माण पूरा होने की उम्मीद है। इसके बाद यहां कुत्तों की नसबंदी हो सकेगी।

सड़कों पर घूमते कुत्तों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। कुत्तों के राहगीरों पर हमले करने की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में नगर निगम कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने की कवायद में जुट गया है। कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस के माध्यम से निर्माणाधीन एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के ग्राउंड लेवल का कार्य पूर्ण हो चुका है। अवशेष निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद नामित एजेंसी के कर्मचारी सड़क के कुत्तों को पकड़कर एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर ले जाएंगे, जहां विशेषज्ञों की टीम उनकी नसबंदी करेगी।

एक सप्ताह तक सेंटर पर ही रखकर उनकी देखरेख की जाएगी, फिर वापस उसी क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा, जहां से पकड़ा गया था सेंटर के निर्माण में 1.85 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए मार्च तक का समय दिया गया है।

> एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद यहां कुत्तों की नसबंदी की जा सकेगी।
>
> **- मनोज कुमार मिश्र**, नगर स्वास्थ्य अधिकारी

बताया जा रहा है कि शहर में चार हजार से अधिक कुत्ते हैं। इनकी गणना पूर्व में कराई गई थी। बताया जाता है कि एक लाख की मानवीय जनसंख्या पर 1200 से 1300 कुत्ते होने का अनुमान है।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं० 6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

# बिना अनुमति निकाला वेतन, फंस गए महिला अस्पताल के सीएमएस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **एडी हेल्थ ने शिकायत मिलने पर लिया संज्ञान, तलब की रिपोर्ट**
- **डॉ.केपीएस चौहान का रोक के बाद भी निकाल दिया वेतन**

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में महिला इकाई के सीएमएस डॉ. राजेश को उच्चाधिकारियों के आदेश का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। इसके अलावा महिला अस्पताल के पूर्व सीएमएस डॉ. केपीएस चौहान के विरुद्ध सरकारी अस्पताल में संविदा चिकित्सक रहने के दौरान निजी अस्पतालों में चिकित्सकीय अभिलेख लगाकर प्रैक्टिस करने के आरोप सिद्ध हुए हैं। निदेशक (प्रशासन) डॉ. राजागणपति आर ने अपर निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) से रिपोर्ट तलब की है।

मुख्यमंत्री पोर्टल आईजीआरएस पर हुई एक शिकायत के बाद डॉ. केपीएस चौहान के विरुद्ध जांच शुरू हुई थी। उन पर आरोप था कि एनएचएम में चिकित्सक होने के बाद भी की अनुमति के बिना पीलीभीत के कई निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस कर रहे हैं। इस मामले में डीएम ने भी सीएमओ को मामले में जांच के आदेश दिए थे। जांच के दौरान ही नोडल प्राचार्य डॉ. संजीव सक्सेना ने महिला इकाई के सीएमएस को डॉ केपीएस चौहान का मानदेय रोकने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद सीएमएस डॉ. राजेश ने आरोपित चिकित्सक डॉ. केपीएस चौहान का मानदेय निकाल दिया। इधर, सीएमओ ने एसीएमओ डॉ. हरिदत्त सिंह नेमी को जांच के आदेश दिए तो उन्होंने चिकित्सक को क्लीनचिट दे दी। इस मामले से असंतुष्ट फीड बैक दर्ज होने पर शिकायत एडी हेल्थ बरेली के कार्यालय पहुंची। साथ ही निदेशक (प्रशासन) डॉ. राजागणपति आर को भी जांच रिपोर्ट भेजी। निदेशक (प्रशासन) ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की संस्तुति सहित आख्या तलब की। फिर मंडल स्तर से जांच की गई। जांच के दौरान महिला सीएमएस व संविदा चिकित्सक डॉ. केपीएस चौहान पर लगे आरोप सही पाए गए। अब एडी हेल्थ ने निदेशक (प्रशासन) को पूरी रिपोर्ट भेज दी गई है। रिपोर्ट में महिला सीएमएस डॉ. राजेश को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के नोडल प्राचार्य के आदेशों की अवहेलना करने का दोषी पाया गया है। साथ ही डॉ. केपीएस चौहान के विरुद्ध एनएचएम चिकित्सक रहते हुए सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना पीलीभीत के कई निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस करने के आरोप सिद्ध हुए हैं। प्रकरण में महानिदेशक कार्यालय से मिशन निदेशक पिंकी जोवेल को भी रिपोर्ट भेजी जाएगी। सीएमएस डॉ. संजीव सक्सेना ने बताया कि इस मामले में अभी जांच चल रही है।

## सत्यम की हत्या में आरोपी पति गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गांव पिपरा जप्ती में सत्यम की मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने दहेज हत्या के मुकदमे पति को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।


आरोपी भानू।

बंडा क्षेत्र के गांव पिपरा जप्ती निवासी भानू प्रताप सिंह की शादी दो साल पहले सत्यम(24) निवासी बहेड़ थाना खुदागंज के साथ हुई थी। उसकी पत्नी ने सात मार्च को सुबह दस बजे जहरीला पदार्थ खा लिया था। ससुराल वालों ने उसे सीएचसी पर भर्ती कराया था। वहां से रेफर करने के बाद ससुराली उसे बरेली ले गए थे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित रखा गया। जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा। मृतका के पति का कहना था कि सुबह चाय बनाने को लेकर विवाद हो गया था इसलिए उसने जहर खा लिया था। मृतका सत्यम के पिता राजकुमार ने बंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शादी के बाद ससुराल वाले एक लाख रुपये व बाइक की मांग को लेकर मारते पीटते थे। आरोप था कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने उसकी बेटी को जहर देकर मार डाला है। पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि आरोपी पति को शनिवार को बिलसंडा रोड से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक गोविंद सिंह आदि थे।

## देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस शुरू, बरेली जंक्शन पर पर ठहराव

**बरेली, अमृत विचार :** टनकपुर-देहरादून एक्सप्रेस का संचालन शनिवार से शुरू हो गया। यह ट्रेन देर रात बरेली जंक्शन पहुंची। यह पहली ऐसी ट्रेन होगी जो बरेली से वाया चंदौसी होकर देहरादून जाएगी।15020 टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक एक्सप्रेस शनिवार को टनकपुर से 19.40 बजे चलकर बनबसा, खटीमा, पीलीभीत के रास्ते भोजीपुरा से 21.30 बजे, बरेली सिटी से 22.15 बजे, बरेली जंक्शन से 22.38 बजे रवाना हुई। वापसी में 15019 देहरादून-टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस रविवार को देहरादून से 15.15 बजे प्रस्थान कर हरिद्वार से 16.55 बजे, लक्सर से 17.33 बजे, नजीबाबाद से 18.08 बजे, मुरादाबाद से 20.05 बजे, चन्दौसी से 21.25 बजे, दूसरे दिन बरेली जंक्शन से 01.00 बजे, बरेली सिटी से 01.15 बजे, भोजीपुरा से 01.47 बजे रवाना होगी। इससे पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**बिकाऊ**
250 वर्गगज का बरेली में 4-बेड वाला बंगला, डी2/वी-40, दीनदयाल पुरम्, 207.756 वर्गमीटर का प्लॉट, 9 मीटर चौड़ी सड़क। अच्छी कनेक्टिविटी, कीमत-3 करोड़।
7977759352, 9920254054

**बिकाऊ है**
200 वर्गगज में निर्मित मकान बिकाऊ है पवन विहार कालोनी, बरेली, पीलीभीत बाईपास रोड केवल वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें-
9457760563, 9755059287

**बिकाऊ है**
100 वर्गगज में बना मकान, दो मंजिला, सभी सुविधाओं सहित, गोकुल धाम कालोनी, महानगर के सामने, बरेली
सम्पर्क करें - एम.के. शर्मा
मो. 7409993500

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# मौलाना तौकीर के घर अभी तक समन नहीं चिपका पाई पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** साल 2010 के दंगे के केस में मुख्य अभियुक्त करार दिए गए मौलाना तौकीर रजा खां के घर पर पुलिस अभी तक अदालत का समन चिपका नहीं पाई है। पुलिस ने शनिवार को जुलूसों की वजह से समन नहीं चिपका पाने की बात कही।

अदालत ने तौकीर को 11 मार्च को पेश होने का आदेश दिया है। पुलिस इससे पहले बुधवार और फिर बृहस्पतिवार को समन तामील कराने पहुंची थी, लेकिन दोनों बार उसे खाली हाथ लौटना पड़ा था। इसके बाद शुक्रवार को समन चिपकाने की बात कही गई थी लेकिन शिवरात्रि की वजह से टाल दिया गया। पुलिस शनिवार को भी जुलूस का हवाला देकर समन नहीं चिपकाया। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि रविवार को पुलिस समन उनके घर पर चिपका कर उनके परिजनों को इसकी सूचना देगी। तौकीर रजा के घरवालों ने उन्हें दिल्ली में होना बताया है।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
नि:शुल्क शल्य चिकित्सा शिविर
(नासूर/भगन्दर, बवासीर/मस्से/पाइल्स का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर)
दिनांक: 12 मार्च से 15 मार्च 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
- शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/ मस्से/Piles)
- गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
- कब्ज़ की शिकायत रहना
- शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
- बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना
- पैरों की नसों में दर्द, सूजन एवं नीलापन रहना (वैरीकोज वैन्स)
- कुराठी (कोनं) का अग्निकर्म विधि द्वारा इलाज
- शरीर के किसी भी भाग में गांठ होना (Cyst/Lipoma)
- हाइड्रोसील का सफल ऑपरेशन
- पुराने से पुराने घाव (Non-Healing Ulcers)
- मूत्रमार्ग के सभी रोग जैसे: मूत्र त्याग में कठिनाई, मूत्रमार्ग में जलन आदि
पाइल्स/बवासीर
क्षारसूत्र चिकित्सा
व्रण (Wound)
-: धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
• आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
डॉ. अनु कोटिया B.A.M.S. (Chaudhary Brahm Prakash, Delhi), M.S. (Ay) IMS-BHU नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच.,बरेली
नि:शुल्क परामर्श
नि:शुल्क ऑपरेशन (केवल चयनित मरीजों के लिए)
डॉ. गीता B.A.M.S. (NIA JAIPUR), M.S. (AY) IMS-BHU नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
परामर्श स्थान : कमरा नं०-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल । मो. 8077808309

# गोवंशीय पशुओं की कब्रगाह बन गया तालाब

## ग्रामीणों के दौड़ाने पर जनवरी में कई गोवंश तालाब में डूबने से मरे, अब बदबू से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर



फरीदपुर के ग्राम पऊनगला के तालाब में डूबे गोवंश के बारे में बतातीं महिलाएं।

**अमृत विचार :** फरीदपुर के गांव पऊनगला में करीब 13 साल से जलकुंभी और अमर बेल से घिरा तालाब अमृत की एक-एक बूंद के लिए तरस रहा है। जिला प्रशासन ने अमृत योजना के तहत कई तालाबों को अमृत सरोवर में बदला लेकिन इस तालाब की अनदेखी की वजह से इसका अस्तित्व ही समाप्त नहीं हुआ बल्कि यह गोवंशीय पशुओं की कब्रगाह बन रहा है। जनवरी में कई गोवंशों को कुछ लोगों ने दौड़ा दिया, जिनमें से कई गोवंश तालाब में जाकर जलकुंभी और अमरबेल फंस गए और डूबकर उनकी मौत हो गई। अब तालाब से बदबू आने से स्थानीय लोग परेशान हैं। शनिवार को लोगों ने तालाब के पास जाकर विरोध भी जताया।

कुछ दिन से आबादी से घिरे तालाब में गोवंशीय पशुओं के सड़ने से तेज बदबू आ रही है। इससे ग्रामीणों का सांस लेना मुश्किल हो गया। ग्रामीणों ने कई बार तालाब की सफाई कराने के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076) पर कॉल करने के साथ प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। शनिवार सुबह ज्यादा दुर्गंध आने पर तमाम महिलाएं तालाब के पास एकत्र हो गईं और सरकारी व्यवस्था के विरुद्ध आक्रोश जताया। खंड विकास कार्यालय भुता स्थित नरेगा में कार्यरत एक कर्मचारी ने ग्राम प्रधान से लेकर सचिव और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक समस्या हल न होने पर अमृत विचार को गंभीर मामले से अवगत कराया है। कर्मचारी का कहना है कि कई दिनों से तालाब से आने वाली बदबू ने ग्रामीणों को रहना मुश्किल कर दिया है। साल 2010 में बसपा सरकार में इस तालाब की खुदाई हुई थी। पूरे गांव का गंदा पानी भी इसी तालाब में पहुंचता है। गहरे तालाब में जलकुंभी इतनी हो गयी है कि जानवर फंस जाए तो उसका निकलना मुश्किल है।

**गेहूं की फसल खाने गए गोवंश को लोगों ने दौड़ा दिया था :** ग्राम प्रधान सुखवंत सिंह की बागडोर संभालने वाले उनके भाई मुख्त्यार का कहना है कि तालाब के आसपास गेहूं की फसल खड़ी है। गोवंशीय पशु गेहूं की फसल खाने को जाते हैं तो गांव के लोग उनकी जान की फिक्र किए बगैर उन्हें दौड़ाया, जिस वजह से पशु गहरे तालाब में जाकर फंस गए और निकल नहीं सके। इससे उनकी मौत हो गई, जिन लोगों ने पशुओं को दौड़कर तालाब में किया था, यदि वह लोग बता देते तो शायद उनकी जान बच जाती। अब उनके शव पानी में सड़ गल गए और उतराने लगे, उसी से बदबू आ रही है। पुआल मंगाकर मोटा कर ढक दिया है। गोवंशीय पशुओं के शव बुरी तरह से गल गए हैं। उन्होंने अधिकारियों के लिए तालाब की जेसीबी से सफाई के लिए परमिशन लेने के लिए कागजी कार्रवाई कर दी है। कहा कि अब तक वह 31 गायों को दफना चुके हैं और चार गायों को आईवीआरआई भेज चुके हैं। तालाब काफी पुराना और गहरा है। तालाब में बेल की बेल बहुत लंबी-लंबी और घनी झाड़ियां हैं।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

सर्वेश कुमार ने कहा कि यहां ये तीसरी बार है जब गोवंशीय पशु तालाब में ऊपर आए हैं और बदबू से यहां रुकना मुश्किल होता है। हमारा घर तालाब के पास ही है, जिससे बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संघ प्रिय गौतम ने बताया कि ग्रामीणों के पालतू पशु तालाब में चले जाते हैं। पिछले सप्ताह हमारी भैंस भी तालाब में गिर गई थी, जिससे काफी मशक्कत के बाद निकालना संभव हुआ। यदि सफाई नहीं हुई तो कोई भी हादसा हो सकता है। ममता सिंह ने कहा कि कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हुआ है। इस तालाब की सफाई 13 साल पहले हुई थी, उसके बाद कोई काम नहीं किया गया। अधिकारियों को इसकी सुध लेनी चाहिए।

### लोग पड़ने लगे बीमार, संक्रमण फैलने की आशंका

जनवरी में डूबकर मरे गोवंशीय पशुओं में से तीन के शव तालाब के ऊपर दिख रहे हैं। कौवे मांस नोच रहे हैं और कुत्ते भी पहुंच रहे हैं। नाराज लोगों का कहना है कि लोग बीमार पड़ने लगे हैं। यदि अभी भी सफाई नहीं हुई तो संक्रमण फैलने से हालात और ज्यादा खराब हो जाएंगे। तालाब में आए दिन ग्रामीणों के पालतू पशु भी गिरते रहते हैं, जिन्हें बड़ी मुश्किल से निकाला जाता है।

बस्ती में पानी के मोटर और सबमर्सिबल घर-घर होने की वजह से लोग बेवजह पानी बहुत बर्बाद करते हैं। सारा पानी तालाब में जाता है। तालाब गहरा भी है। गांव जाकर प्रधान और गांव के लोगों के साथ बैठकर तालाब की सफाई के लिए कोई रास्ता निकालेंगे और साफ कराएंगे।

**-आदेश यादव**, ग्राम विकास अधिकारी पाऊनगला

पांच महीने पहले गांव के लोगों ने कुछ गोवंशीय पशु दौड़ा दिये जो तालाब में जाकर फंस गए। अब शव ऊपर आए हैं। तालाब गहरा और खरपतवार से भरा हुआ है। बीच बस्ती में है समस्या बड़ी है फिर भी समस्या का समाधान करने में टीम के साथ लगा हूं।

**- विनय शंकर मनी**, खंड विकास अधिकारी भुता

मामले की जानकारी नहीं है वीडियो से बात कर मामले को जल्द दिखाते हैं।

**- निधि डोडवाल**, एसडीएम फरीदपुर

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# स्नातक और परास्नातक का परीक्षा कार्यक्रम बदला

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। पहले जारी कार्यक्रम में कुछ प्रश्नपत्र छूट गए थे। छात्रों की शिकायत के बाद इसमें बदलाव किया गया है। अब स्नातक की परीक्षा 19 मार्च से 27 मई और परास्नातक की परीक्षा 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक होंगी। छात्र संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# जिला समाज कल्याण अधिकारी के फर्जी पत्र से किया लाखों का घोटाला

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

**अमृत विचार :** सीबीगंज में जिला समाज कल्याण अधिकारी का फर्जी पत्र बैंक को भेजकर निष्क्रिय खातों में वृद्धावस्था पेंशन की रकम भिजवाकर हड़प ली गई। बैंक ऑफ बड़ौदा की परसाखेड़ा शाखा प्रबंधक की शिकायत पर सीबीगंज पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रेमनगर के गांधीनगर निवासी आदित्य अग्रवाल ने बताया कि वह परसाखेड़ा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में शाखा प्रबंधक हैं। बैंक में साल 2022 से करीब 14 खाते निष्क्रिय थे। उनकी शाखा को स्पीड पोस्ट के माध्यम से जिला समाज कल्याण अधिकारी के नाम से एक पत्र प्राप्त हुआ था। इस पत्र में निर्देशित किया गया था कि बैंक में निष्क्रिय खातों को सक्रिय कर उनमें वृद्धावस्था पेंशन हस्तांतरित कर दी जाए। इसके बाद इन खातों को सक्रिय कर उनमें वृद्धावस्था पेंशन के छह लाख रुपये भेज दिए गए। उन्होंने बताया कि यह पत्र सभी बैंकों को भेजा गया था।

**ऐसे सामने आया घोटाला :** आदित्य अग्रवाल ने बताया कि अग्रणी बैंक के प्रबंधक की ओर से उन्हें 24 मार्च 2023 को पत्र मिला तो वह अन्य बैंकों के कर्मचारियों के साथ जिला समाज कल्याण अधिकारी के पास पहुंचे। पता चला कि यह पत्र सभी बैंकों को भेजा गया था। इस पर उन्होंने सभी खाता धारकों को नोटिस जारी कर बैंक में रुपये जमा करने के निर्देश दिए, लेकिन 17 दिसंबर तक किसी ने खाते में रुपये वापस नहीं किए। तब उन्होंने आरोपियों के खिलाफ एसएसपी को शिकायती पत्र दिया। एसएसपी के निर्देश पर सीबीगंज पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड है यासीन

विभागीय जांच कराने पर पता चला कि किसी यासीन नाम व्यक्ति ने जिला समाज कल्याण अधिकारी के नाम से फर्जी पत्र तैयार कर सभी बैंकों को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज दिया। पता किया जा रहा है कि किन-किन बैंकों में इस तरह का घोटाला किया गया है। अग्रणी बैंक के प्रबंधक ने सभी बैंकों से जानकारी मांगी है। शाखा प्रबंधक की शिकायत पर जावित्री देवी, इतवारी हुसैन, चुन्नी देवी, कल्लन शाह, गंगा देवी, मुस्तरी, मिड़िया, देविका, रामकली, रसीतन, अशमिलन, हमीदन, नन्ही, मो. यासीन, इसरायल के खिलाफ धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। बताया जाता है कि पूरे जिले में लाखों रुपये अपात्रों के खाते में चले गए हैं।

- **आरोपियों ने स्पीड पोस्ट से भेजा था पत्र, भरोसा करके खाते में भेज दी धनराशि**

मामला संज्ञान में नहीं है। मामले की जानकारी करता हूं। टीम गठित कर प्रकरण की जांच कराई जाएगी, जो भी जिम्मेदार पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

**- जगप्रवेश**, सीडीओ

# महाशिवरात्रि पर कुट्टू का आटा खाने से 100 से अधिक लोग बीमार

**मंडी धनौरा/ कैसरा।** महाशिवरात्रि व्रत के दौरान शुक्रवार को कुट्टू का आटा खाने से नगर व कई गांव के करीब 100 से अधिक लोग बीमार हो गए। आनन- फानन में मरीजों को विभिन्न निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं कुछ का घर पर ही इलाज चल रहा है। नगर व क्षेत्र के कई गावों में शुक्रवार देर शाम श्रद्धालुओं ने कुट्टू के आटे की पकौड़ी, पूड़ी बनाकर व्रत का पारण किया था। मौहल्ला शिवपुरी, महादेव, हीरानगर सहित क्षेत्र के गांव विहापुरी, कमालपुर, कलाली, फतेहपुर छितरा सहित अन्य गावों के 100 से अधिक लोग उल्टी दस्त और घबराहट महसूस करने लगे।

# फेसबुक पर दोस्ती, अब शादी के लिए थाने पहुंचीं दो छात्राएं

रामपुर कार्यालय

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाने में शनिवार दोपहर दो छात्राएं शादी करने के लिए पहुंच गईं। दोनों ने बताया कि उनके परिजन शादी के लिए तैयार नहीं हैं जबकि, वे एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकतीं। पुलिस ने दोनों के परिजनों को थाने बुलाया और दोनों को उन्हें सौंप दिया। अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी 12वीं की छात्रा का उत्तराखंड के रुद्रपुर की रहने वाली 10वीं की छात्रा के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। एक साल पहले दोनों की दोस्ती फेसबुक पर हुई थी। वे एक-दूसरे से शादी करना चाहती थीं ,लेकिन उनके परिजन तैयार नहीं थे। शनिवार दोपहर रुद्रपुर की छात्रा अपनी दोस्त के घर पहुंच गई। दोनों छात्राएं एक-दूसरे को गले लगाकर खूब रोईं। बाद में दोनों घर से भाग कर अजीमनगर थाने पहुंच गईं। पुलिस से शादी करने की जिद करने लगी। पुलिस ने दोनों के परिजनों को मौके पर बुला लिया। दोनों छात्राओं को समझाने के बाद पुलिस ने उनके परिजनों के हवाले कर दिया। आठ दिन पहले भी दोनों छात्राएं भाग कर कोर्ट मैरिज के लिए जा रही थीं। उनके परिजनों ने दोनों की पिटाई की थी।

# शिक्षकों का वेतन निर्धारण न कर उत्पीड़न का आरोप

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति और कुलसचिव के बीच विवाद बढ़ सकता है। अब शिक्षकों की प्रोन्नति के बाद भी वेतन निर्धारण न करने के आरोप कुलसचिव अजय कृष्ण यादव पर लगे हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कुलसचिव को पत्र लिखकर जानबूझकर शिक्षकों का उत्पीड़न, घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता माना। कहा कि क्यों न इस मामले में कार्रवाई की जाए। इस पत्र की कॉपी राजभवन और शासन को भेजी गई है।

कुलपति ने 6 मार्च को कुलसचिव को पत्र लिखा कि उन्होंने 9 जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर के कई विभागों के नौ शिक्षकों डॉ. योगराज सिंह, डॉ. सौरभ मिश्र, डॉ. मदन लाल, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. राकेश कुमार मौर्य, डॉ. आशीष कुमार जैन, डॉ. यतेंद्र कुमार, डॉ. संजीव सिंह और डॉ. अनिल कुमार सिंह के वेतन निर्धारण कराने के लिए निर्देश दिए थे। शिक्षकों की प्रोन्नति के बाद भी वेतन निर्धारण अब तक नहीं किया गया है। शिक्षकों की लगन, मेहनत और निष्ठा के कारण ही विश्वविद्यालय नेक में डबल प्लस ग्रेड प्राप्त कर ऊंचाइयों तक पहुंच रहा है। आपके गैर जिम्मेदाराना भरे आचरण, लापरवाही और हीलाहवाली से विश्वविद्यालय का माहौल खराब होता है। अभी तक शिक्षकों का वेतन निर्धारण न कराया जाना, कर्तव्यों के प्रति शिथिलता, घोर लापरवाही और जानबूझकर कार्य को लम्बित रखना अनुशासनहीनता का द्योतक है। कुलपति ने 9 जनवरी को पत्र लिखा था, जिसमें नौ शिक्षकों के वेतन निर्धारण की कार्यवाही पूर्व कुलसचिव ने 9 जून, 20 जून, 27 जून और 14 जुलाई 2023 को कर दी गई थी। तत्कालीन कुलसचिव के स्थानांतरण के बाद सभी पत्रावलियां आपके कार्यालय में पड़ी हैं। इस संबंध में शिक्षक संघ और शिक्षकों ने घेराव भी किया था लेकिन सात महीने बाद भी वेतन निर्धारण नहीं किया गया, जिस कारण शिक्षकों को मानसिक परेशानी हो रही है।

- **कुलपति ने कर्तव्यों के प्रति शिथिलता और अनुशासनहीनता मानते हुए लिखा पत्र**

उन्होंने जो भी आदेश दिए हैं, वह शासन के निर्देशों का पालन कराने के लिए दिए हैं। सभी आदेश सही हैं। वहीं शिक्षकों की फाइल वित्त अधिकारी के पास है। उनका इससे कोई लेनादेना नहीं है।

**- अजय कृष्ण यादव**
कुलसचिव, रुविवि

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989
मेडिसिन विभाग
सर्जरी विभाग
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
नेत्र रोग विभाग
हड्डी रोग विभाग
मानसिक रोग विभाग
नाक कान एवं गला रोग विभाग
मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्मे के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
ब्लड बैंक: - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।
उपलब्ध सुविधायें:-
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध
मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

## होली पर नई बसें नहीं मिली तो यात्रा होगी मुश्किल

**बरेली, अमृत विचार :** होली पर दिल्ली रूट पर रोडवेज बसों का संकट हो सकता है, क्योंकि दिल्ली में पुरानी बसों के प्रवेश पर रोक है और सिर्फ बीएस-6 बसों को ही प्रवेश दिया जा रहा है। अधिकारी त्योहार पर अधिक बसें चलाना चाहते हैं। यही वजह है कि अब अधिकारी नई बसों का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द नई 30 बीएस-6 बसें मिलने की उम्मीद है। इन बसों को होली के मौके पर दिल्ली रूट पर चलाया जाएगा। जिससे यात्रियों को परेशानी न हो। दिल्ली में डीजल से चलने वाली बसों पर रोक लगा दी गई और सिर्फ बीएस-6 मॉडल, सीएनजी और ई-बसों को ही प्रवेश दिया जा रहा है। बरेली रीजन के पास बीएस-6 मॉडल की बसों की संख्या कम है, जिसको लेकर अब और 30 नई बीएस 6 बसों की मांग मुख्यालय को भेजी गई है। वहीं छोटे रूटों पर भी होली पर बसों के अतिरिक्त फेरे लगवाए जाएंगे।

# दिल्ली में किराए के रूम की एप से ऑनलाइन बुकिंग में 94,000 गंवाए

### बुद्धि विहार निवासी युवक ने दर्ज कराई दो आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दिल्ली में एक आईटी कंपनी में काम करते हैं युवराज

**अमृत विचार :** दिल्ली में किराए के लिए रूम की एप से बुकिंग करने के मामले में युवक कुल 94,000 रुपये की ठगी का शिकार हो गया है। इस मामले में पीड़ित ने मझोला थाने में संबंधित दो लोगों, सचिन कुमार व सूरज सोरी को नामजद किया है।

बुद्धि विहार फेज-2 आवास विकास के युवराज सिंह ने बताया कि वह दिल्ली में आइटी कंपनी में जॉब करते हैं। वह वीडियो एडिटिंग व कंटेंट राइटिंग का काम करते हैं। उन्होंने दिल्ली में रहने के लिए द्वारिका सेक्टर-7 के अपार्टमेंट में एक रूम मैजिक ब्रिक्स एप के माध्यम से बुक किया था। जिसमें वह साइबर क्राइम का शिकार हो गए हैं। उन्होंने बताया कि यह घटना उनके साथ तीन दिसंबर 2023 को हुई थी। युवराज ने बताया कि एप के माध्यम से रूम बुक करने वाले सचिन कुमार ने अपने को संबंधित भवन का मालिक बताया। डीलर सूरज सोरी को बताकर उसका फोन नंबर दिया था। उसने रूम बुक करने के लिए पहले सिक्योरिटी मनी के तौर पर 2,000 रुपये जमा कराए थे। इसके बाद उसने रूम के किराए के तौर पर 6,099 रुपये और जमा करने को कहा। जिस पर उनसे डीलर की आवाज समझने में त्रुटि हुई और उन्होंने 6,999 रुपये यूपीआई से संबंधित क्यू-आर कोड स्कैन कर ट्रांसफर कर दिए थे। इस पर ठग ने कहा कि आपने रुपये अधिक भेज दिए हैं, सर्वर कैच नहीं करेगा और ये रुपये भी रिटर्न नहीं हो पाएंगे। बेहतर होगा कि फिर से रुपये ट्रांसफर करो और वह धनराशि 6,099 रुपये कम या अधिक नहीं होनी चाहिए। युवराज ने बताया कि उन्होंने ऐसा ही किया। फिर कुछ देर बाद उन्होंने ठग से संपर्क किया तो बोला, आपने निश्चित अवधि समाप्त होने के बाद रुपये ट्रांसफर किए हैं। इसलिए फिर से आपको उतने ही रुपये ट्रांसफर करने होंगे।

युवराज ने तीसरी बार फिर 6,099 रुपये ट्रांसफर किए तो ठग ने कहा कि कंप्यूटर स्क्रीन पर शो नहीं हो रहा है। इसके बाद उन्होंने 10,000 रुपये ट्रांसफर किए तो ठग ने उनसे कहा कि आपका समय और रुपये दोनों बर्बाद हो रहे हैं। निश्चित समय का ध्यान रखकर रुपये भेजो जिस पर उन्होंने उसके कहने पर 16,000 रुपये भेजे तो ठग बोला कि काफी समय बीतने के बाद रुपये ट्रांसफर हुए हैं, इसलिए अब जुर्माने के तौर पर आपको कुछ रुपये जमा करने होंगे, तभी हो पाएगा। इसके बाद उन्होंने 26-26,000 रुपये दो बार उसे ट्रांसफर किए थे। इसके बाद उन्हें समझ आया कि वह ठगी का शिकार हो रहे हैं लेकिन, तब तक उन्होंने कुल 94,000 रुपये गंवा चुके थे। इस मामले में उन्होंने मझोला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन, कार्रवाई नहीं हुई। बाद में उन्होंने एसएसपी कार्यालय में 30 जनवरी को प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर अब एसएसपी के निर्देश पर मझोला थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी के आरोप में नामजद एफआईआर दर्ज की है।

## छात्रावास में बवाल में तीन नामजद समेत 30 पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पीजी छात्रावास में मारपीट और बवाल में तीन नामजद छात्रों समेत 25 से 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वार्डन प्रो. त्रिलोचन शर्मा ने छात्रों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मारपीट करने वाले छात्रों इस प्रकरण में वार्डन प्रोफेसर त्रिलोचन शर्मा की ओर से थाना बारादरी में तीन नामजद समेत 25-30 आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रो. त्रिलोचन शर्मा की शिकायत के मुताबिक सात मार्च को दिन में साढ़े तीन बजे के करीब बीफार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्र हिमांशु और उसके साथी अमन, लिटिल समेत 25-30 लोगों ने धारदार हथियार, लाठी डंडों से छात्रावास पर आकर छात्रों के साथ गालीगलौज की और विरोध करने पर हमला कर दिया। इनमें बाहरी लोग भी थे। मनोज कुमार वशिष्ठ, महेश शुक्ला और आकाश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# पानी की टंकी में डूबा 4 साल का बच्चा, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- गौलापार के देवलाडांठ खेड़ा का मामला, खेलते-खेलते झोपड़ी के पीछे टंकी में गिरने से हादसा

**अमृत विचार :** मां और मौसी अन्य महिलाओं के साथ झोपड़ी में बैठकर बातें कर रही थीं और इधर चार साल का बच्चा खेलते-खेलते झोपड़ी के पीछे बनी पानी की टंकी में गिर गया। मौसी पानी लेने गई तो बच्चे का शव पानी में उतराता देखा। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर बेस अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मूलरूप से धारपुर बदायूं उत्तर प्रदेश निवासी नरवीर पिछले करीब 8 साल से देवलाडांठ खेड़ा गौलापार में रहकर बंटाई पर खेती करता है, जबकि उसकी पत्नी रिंकी तीन बच्चों साक्षी (7 वर्ष), विकास (5 वर्ष) और आयुष (4 वर्ष) के साथ ससुराल में रहती थी। रिंकी के भाई पुष्पेंद्र ने बताया कि मुताबिक करीब 3 माह पहले रिंकी तीनों बच्चों के साथ पति के पास गौलापार आई थी। शनिवार की सुबह रिंकी अपनी बहन सगुन व अन्य महिलाओं के साथ बैठी झोपड़ी में बातें कर रही थी। इसी बीच आयुष झोपड़ी से बाहर निकल गया। खेलते-खेलते आयुष झोपड़ी के पीछे बनी पानी की टंकी के पास पहुंच गया और उसमें गिर गया। अंदर बातें कर रहे परिवार वालों को इसकी भनक तक नहीं लगी। कुछ देर बाद आयुष की मौसी सगुन पानी लेने टंकी पर गई तो उसके होश फाख्ता हो गए। आयुष का शव टंकी में उतरा रहा था। शव देख वह चीख पड़ी और मौके पर लोग जमा हो गए।

आनन-फानन में आयुष को लेकर परिजन बेस अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन आयुष के शव को अंतिम संस्कार के लिए बदायूं ले गए।

# अंग्रेजी नहीं जानने से इजरायल नहीं जा सकेंगे कई कामगार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय कामगारों को इजरायल भेजने की मुहिम शुरू हुई है, उसमें जिले के कामगार भी भागीदार बनने जा रहे हैं। जनपद के कामगारों ने इजरायल जाने की इच्छा जताई थी, उनमें से ज्यादातर के अरमान पूरे होने से रह गए हैं। इसका कारण उनका अंग्रेजी बोलने में मात खाना है।

सिविल वर्क करने इजरायल जाने के इच्छुक कामगारों के लिए कार्य के अनुरूप निर्धारित अर्हताएं पूरी करने के साथ ही अंग्रेजी बोलने व समझने की शर्त अनिवार्य की गई थी। प्लास्टरिंग, शटरिंग कारपेंटर, आयरन बेल्डिंग, सिरेमिक टाइल आदि कार्यों के लिए इजरायल जाने के इच्छुक श्रमिकों से आवेदन मांगे गए थे। जनपद में श्रम प्रवर्तन अधिकारी एके पांडेय ने बताया कि निर्धारित कार्य के अनुरूप योग्यता होते हुए भी अधिकांश आवेदक अंग्रेजी की सामान्य समझ और इसे बोलने की अपेक्षित कुशलता होने के पैमाने पर मात खा गए। कांट्रेक्टर की तरफ से काम से जुड़ी चीजें अंग्रेजी में बताए जाने पर उन्हें समझ नहीं आने की बात को ध्यान में रखते हुए ऐसे कामगारों को लिस्टिंग में बाहर कर दिया।

### इजरायल में काम करेंगे मंडल के 125 कामगार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इजरायल के हालात सुधारने के मिशन में भारत के कामगार भागीदार बनने जा रहे हैं। इजरायल के पुनरुद्धार में हाथ बंटाने के लिए मुरादाबाद मंडल के 125 कारीगरों को अंतिम रूप से चिह्नित कर लिया है। मंडल के 700 से श्रमिकों ने इजरायल जाने के लिए आवेदन किया था। श्रम प्रवर्तन अधिकारी एके पांडेय ने बताया कि शर्तें पूरा करने पर मंडल के 125 कामगारों के नाम इजरायल जाने के लिए फाइनल कर दिए गए हैं। जिसमें जनपद के 22 श्रमिक शामिल हैं।

## छोटा कैलाश में 131 श्रद्धालुओं ने की तपस्या

**भीमताल, अमृत विचार :** छोटा कैलाश में तीन दिवसीय शिवरात्रि मेले का पारायण श्रद्धालुओं की तपस्या और विशाल भंडारे के साथ हुआ। आदि कैलाश विकास समिति और मंदिर समिति के पदाधिकारियों के मुताबिक शिवरात्रि मेले की रात को 131 श्रद्धालुओं ने विभिन्न मुद्राओं में खड़े होकर तपस्या की।

मान्यता है कि शिवरात्रि के दिन छोटा कैलाश पर्वत में तपस्या करने से लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है। इधर रात्रि में श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन का आयोजन भी किया। यह कार्यक्रम सवेरे तक चला। बाद में विधि विधान के साथ भगवान का पूजन हुआ और फिर प्रसाद वितरण और विशाल भंडारा लगाया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान आदि कैलाश विकास समिति अध्यक्ष उमेश पलड़िया, जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़ेंगी पूरनपुर और रूहेला की टीमें

रामपुर कार्यालय

- पूरनपुर ने बरेली को दो-शून्य से हराकर फाइनल में किया प्रवेश

**अमृतविचार :** रूहेला टाइगर हॉकी क्लब मैदान पर हो रहे मुस्तफा अली खां मेमोरियल प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को पूरनपुर (पीलीभीत) और रूहेला टाइगर की टीमें भिड़ेंगी। शनिवार को दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। इनमें पहला मैच बरेली और पूरनपुर की टीमों के बीच खेला गया। पूरनपुर के खिलाड़ियों ने दो गोल कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच टाउन हॉल क्लब शाहजहांपुर और रूहेला टाइगर क्लब की टीमों के बीच खेला गया। रूहेला टाइगर ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

हॉकी टूर्नामेंट के चौथे दिन पूरनपुर और रुहेला टाइगर क्लब रामपुर ने मैच जीतकर फाइनल में जगह बना ली है। पहला संघर्षपूर्ण मैच बरेली और पूरनपुर की टीमों के बीच खेला गया। इसमें मैच के 22वें मिनट में पूरनपुर के फैज ने गोल कर टीम का खाता खोला। दिनेश ने 44वें मिनट में एक और गोल कर टीम को 2-0 से जीत दर्ज कराई। दूसरा सेमीफाइनल मैच टाउन हाल क्लब शाहजहांपुर और रुहेला टाइगर क्लब रामपुर के बीच खेला गया। चौथे मिनट में रूहेला टाइगर के हुदा ने गोल कर बढ़त दिलाई। 12वें मिनट में शाहजहांपुर की ओर से खिलाड़ी ने गोल कर बराबर कर दिया। रूहेला टाइगर के विनय ने 19वें मिनट में गोल करके टीम को बढ़त दिलाई। 32वें मिनट में शाहजहांपुर के खिलाड़ी ने गोल बराबर कर दिया। अंतिम क्षणों में रूहेला टाइगर रामपुर के फैजान ने लगातार दो गोल कर टीम को 4-2 से जीत दिला दी। वरिष्ट हॉकी खिलाड़ी महफूज उर रहमान खां और समाजसेवी राजीव सिंघल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। मैचों की अंपायरिंग फहीम कुरैशी, इमरान खां और नवेद खां ने की। टेक्निकल टेबल का काम आतिब खां, इशरत अली जोजफ खां, उदा खां ने देखा और कमेंट्री नासिर खां ने की। इस मौके पर हॉकी सचिव मुख्तार खां, जुनैद खां, तनवीर खां, वकार खां जुबैर खां, असलम मियां, आसिम खां, शाहबाज खां, वसीम खां, यासीन, दानिश खां आदि मौजूद रहे। टूर्नामेंट सचिव इकबाल अली खां ने मुख्य अतिथि सहित सभी मेहमानों का आभार जताया। मीडिया इंचार्ज फहीम कुरैशी ने बताया कि रविवार को टूर्नामेंट का फाइनल मैच दोपहर साढ़े तीन बजे खेला जाएगा।

## बिहार के व्यक्ति से जुड़ रहे 33 लाख की ठगी के तार

**रामपुर।** केएफसी ब्रांड की फ्रेंचाइजी के नाम पर 33 लाख की साइबर ठगी के मामले में अभी तक सेल की टीम के खाली हाथ है। हालांकि सेल अपना जाल बिछा रही है, लेकिन दूसरे प्रांत का मामला होने के कारण वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति लंबित है। इस मामले के तार बिहार से जुड़ रहे हैं। पिछले दिनों शहर में तोपखाना स्थित सहारा अस्पताल के पीछे रहने वाला आबिद पुत्र मोहम्मद उमर साइबर ठगी का शिकार हुआ था। उसने केएफसी ब्रांड की फ्रेंचाइजी लेने के लिए ऑल लाइन कंपनी से संपर्क किया। उन लोगों के कहने के अनुसार, उसने तीन से चार बार में 33 लाख रुपये ट्रांसफर किए थे। विभिन्न खातों में कुल 33 लाख 30 हजार की रकम कंपनी के नाम से खाते में भेजी थी। लेकिन रुपये ट्रांसफर होने के बाद केएफसी के तथाकथित अधिकारियों ने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। बाद में ये लोग आबिद को धमकाने लगे। उसने अधिवक्ता सत्यम सक्सेना और वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र कुमार सक्सेना नंदा से संपर्क किया था। अधिवक्ताओं ने इस मामले की पैरवी शुरू की थी। 26 फरवरी को साइबर सेल ने मामला की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। अधिवक्ता सत्यम सक्सेना ने बताया कि ठगी के इस मामले के तार बिहार से जुड़े हैं। साइबर सेल के विवेचक दूसरे प्रांत का मामला होने के कारण पुलिस के उच्चाधिकारियों से अनुमति ले रहे हैं।


### प्रा.वि. गनेशपुर गौटिया वि.क्षे. मरौरी जिला पीलीभीत

पत्रांक : 3227/ 37-5 **नीलामी सूचना** दिनांक : 28.02.24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा. विद्यालय गनेशपुर गौटिया वि.क्षे. मरौरी न्यायपंचायत-हिम्मतनगर जिला पीलीभीत के विद्यालय प्रांगण में खड़े छः वृक्षों की नीलामी दिनांक 11.03.2024 दिन सोमवार को समय दोपहर 12 बजे प्राथमिक विद्यालय गनेशपुर गौटिया के प्रांगण में की जायेगी जो भी सज्जन उपरोक्त वृक्षों को लेना चाहे वह प्राथमिक विद्यालय गनेशपुर गौटिया में जाकर नीलमी वाले 6 वृक्षों को भली भांति देख लें और निर्धारित नीलामी तिथि व निश्चित समय पर उपस्थित होकर निर्धारित जमानत राशि 3000/- रूपये व पहचान पत्र की मूल प्रति के साथ छाया प्रति जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर बोली लगा सकते हैं। नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तो की जानकारी के लिये विद्यालय कार्य दिवस में विद्यालय समयावधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति (प्रा.वि. गनेशपुर गौटिया)
वि.क्षे.-मरौरी जिला पीलीभीत


# खातेदारों की जगह उनके बेटों को मालिक दिखा कराया बैनामा, पांच पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**फर्जीवाड़ा**

- सईद को बब्बू और तय्यब को जमील दिखा आरोपी ने अपनी पत्नी के नाम जमीन का कराया बैनामा
- आम आदमी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष है पीड़िता, दुकान करती है और पति बेचते हैं फल

**अमृत विचार :** गोविंदपुर कलां गांव में संयुक्त खाते की कृषि भूमि के अभिलेखों में छेड़छाड़ और मृत खातेदारों को जीवित दिखाकर फर्जी बैनामा कराने का मामला सामने सामने आया है। इस मामले में जमीन के संयुक्त खातेदारों में नूर अहमद मियां की पत्नी रजिया ने पांच आरोपियों के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में नामजद रिपोर्ट कराई है। इसमें मंगलपुरा लालबाग के नासिर व उसकी पत्नी उजमा, भोजपुर को मोहम्मद जीशान के साथ ही सईद व तय्यब नामजद हैं। नामजद आरोपियों में सईद व तय्यब दोनों रजिया के मृत जेठ बब्बू उर्फ अहमद हुसैन के बेटे हैं। आरोप है कि बैनामा में मृत पिता का बेटे सईद ने अपने को बब्बू उर्फ अहमद हुसैन और उसका भाई तय्यब ने अपने को जमील दिखाया है।

पुलिस लाइंस के सामने ढोंगरपुरा आसरा कॉलोनी की निवासी रजिया ने बताया कि वह आम आदमी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष है। वह परिवार चलाने के लिए पुलिस लाइन के सामने कॉस्मेटिक की दुकान चलाती है। उनके पति नूर अहमद मियां फलों की बिक्री के लिए साइकिल से फेरी लगाते हैं। परिवार में बड़ी दो बेटियां और छोटे तीन बेटे हैं। उन्होंने बताया कि जिस जमीन के संबंध में उन्होंने आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है, वह जमीन गोविंदपुर कला गांव में है। जिस पर उनका ही कब्जा है। यह जमीन उनके पति नूर अहमद मियां, जेठ बब्बू उर्फ अहमद हुसैन, देवर जमील मियां के संयुक्त खाते की है। जेठ बब्बू की मौत आठ साल पहले और देवर जमील की मौत 20 जुलाई 2012 को हुई थी। रजिया का कहना है कि उनके पति की संयुक्त खाते वाली जमीन का फर्जी बैनामा कराने का मुख्य आरोपी नासिर खां पुत्र अच्छन खां है, जो मुगलपुरा थाना क्षेत्र के लालबाग का रहने वाला है। महिला ने बताया कि नासिर खां इस जमीन पर पिछले चार साल से नजर रखे है। जेठ की मौत के बाद आरोपी ने जेठानी से अपनी पहचान बनाई।

फिर जेठ के दोनों बेटे सईद व तय्यब से भी हमदर्दी बढ़ाते हुए उसने उन्हें कुल 30,000 रुपये दिए और गुमराह कर उन्हें उप निबंधक कार्यालय ले गया था। बब्बू उर्फ अहमद हसन के स्थान पर सईद का फोटो व उसी का अंगूठा लगवाया।

इसी तरह उनके मृत देवर जमील के स्थान पर तय्यब का फोटो व अंगूठा लगवाया था। फिर आरोपी ने अपनी पत्नी उजमा खान के नाम जमीन का बैनामा करा लिया। रजिया का आरोप है कि आरोपी नासिर और मोहम्मद जीशान उनके परिवार से आए दिन गाली-गलौज कर उसकी जमीन को अपना बताता है।

## कॉर्बेट के लिए जिप्सियों का पंजीकरण

**रामनगर, अमृत विचार:** विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट नेशनल पार्क के विभिन्न पर्यटन जोनों में हर वर्ष लाखों की संख्या में देशी व विदेशी पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं। इन पर्यटकों को जिप्सी वाहनों के माध्यम से कॉर्बेट पार्क के अलग-अलग जोनों में भ्रमण कराया जाता है। बता दें कि कॉर्बेट पार्क के इन सभी पर्यटन जोनों में 360 जिप्सी वाहनों का पंजीकरण किया जाता है। इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाले शिल्पेंद्र बंसल ने बताया कि उनके द्वारा परिवहन विभाग में अपने जिप्सी वाहनों का रजिस्ट्रेशन कराया गया था, लेकिन पार्क प्रशासन द्वारा उनके वाहन का रजिस्ट्रेशन अपने यहां नहीं किया गया था, उनका कहना है कि वर्ष 2016 में पार्क प्रशासन द्वारा पार्क के अंदर जिप्सी वाहनों का पंजीकरण लॉटरी प्रक्रिया से किया जाता था, लेकिन वर्तमान में पार्क प्रशासन ने इस प्रक्रिया को बंद कर दिया था। मामले की सुनवाई कर हाईकोर्ट ने पार्क के अधिकारियों को लॉटरी प्रक्रिया के तहत जिप्सी वाहनों का पंजीकरण करने के आदेश दिए थे।

# चंडीगढ़ का पुलिस अफसर बता महिला से ठग लिए 5.50 लाख

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आपका भतीजा दुष्कर्म के केस में फंस गया है, एक जालसाज ने पुलिस वाला बनकर महिला को फोन किया। जालसाज ने महिला को भतीजे के नाम पर तीन दिन तक ब्लैकमेल किया और उससे साढ़े 5 लाख रुपये ऐंठ लिए। जालसाज के फोन आने और रुपये की मांग का सिलसिला नहीं रुका तो पीड़िता को ठगे जाने का एहसास हुआ।

आरके टेंट हाउस तिराहा कालाढूंगी रोड निवासी किशन सिंह चिलवाल पुत्र स्व. लक्ष्मण सिंह चिलवाल ने साइबर पुलिस स्टेशन को दी तहरीर में कहा कि उनकी साली भगवती गढिया पत्नी स्व. गोपाल सिंह निवासी गली नंबर 8 मुखानी अकेले रहती हैं। उनका बेटा दिल्ली में एडवोकेट है। बीती 20 से 22 फरवरी तक भगवती के मोबाइल नंबर पर लगातार कॉल आए। कॉल करने वाले ने खुद को चंडीगढ़ पुलिस का अधिकारी बताया। कहा कि कोलकाता में जॉब करने वाला आपका भतीजा सुमु एक लड़की से रेप के केस में पकड़ा गया है। जालसाज ने लड़के से फोन पर बात भी कराई तो वह भगवती को बुआ कहकर रोने लगा। जालसाज ने पहले सुमु को छोड़ने के नाम पर 25 हजार, फिर मीडिया में मामला खुलने के नाम पर 75 हजार, फिर जिस लड़की ने रेप हुआ, उसकी मौत की बात कहकर और दो लाख रुपये ले लिए, 22 फरवरी को फिर फोन कर सुमु को चंडीगढ़ से कोलकाता भेजने के लिए 50 हजार रुपये और ले लिए। जब इसके बाद भी रुपये मांगने का सिलसिला नहीं रुका तो शक हुआ। इस मामले में रुद्रपुर साइबर पुलिस स्टेशन ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत विलौआ, वि.खं. भुता (बरेली)

पत्रांक : 18 लेखा/निविदा/वर्ष 2023-24 दिनांक 08.03.2024

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हे कि ग्राम पंचायत विलौआ में मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्य- जानकी के घर से नन्द राम के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य होना हे, जिसकी प्राक्कलन धनराशि 3.97 लाख है। सामग्री- सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता, प्रथम ईंट, रोड़ा हेतु निविदा आमंत्रण की जाती है। पंजीकृत फर्म दिनांक 14.03.2024 तक निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत में दोपहर तक जमा कर सकते हैं, जिन्हें उसी दिन शाम 4 बजे खोली जायेगी।

भगवान दास
ग्राम प्रधान

सुरेन्द्र पाल
सचिव



### कार्या. ग्रा.पं. कनगवां गुगोआ विकास खण्ड सहसवान (बदायूं)

पत्रांक : मैमो/मनरेगा निविदा/2023-24 दिनांक : 09.03.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत (जी.एस.टी. पंजीकृत) फर्मो विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नांकित ग्राम पंचायत में मनरेगा/ग्राम निधि योजनान्तर्गत कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार किये जाने हेतु आमंत्रित किया जाता है। निविदायें ग्राम पंचायत में रखे निविदा बॉक्स में दिनांक 13.03.2024 तक डाल सकते हैं। निविदा उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे खोली जायेंगी। सम्बंधित कार्यो की निविदा किसी भी कार्य दिवस में सम्बंधित ग्राम पंचायत सचिव से नगद मूल्य रूपये 118 (कर सहित) जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। सामग्री व दरों का विवरण प्रपत्र कर अंकित हैं। प्राप्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण प्राक्कलन पर अंकित है तथा कार्यो का विवरण निम्नवत है :-

| क्र. | कार्य का नाम | ल.Xचौ. | अ. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | अमर सिंह के घर से राकेश के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य। | 48X5.70 मी. | 394614 |

प्रधान सचिव



### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष पुत्र स्व. रामचन्द्र निवासी हैदरगंज, अलीगंज, बरेली सम्पत्ति स्थित हैदरगंज उर्फ अलीगंज तह. आंवला बरेली को सेवा गृहऋण लिमिटेड में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है- उक्त संपत्ति के वावत, श्रीमती विमला गुप्ता पत्नी- कृष्ण पाल गुप्ता ग्राम दुगरैया जिला बदायूं, श्रीमती मुन्नी गुप्ता पत्नी सुरेश बाबू गुप्ता शीशगढ़ मीरगंज, बरेली व श्रीमती कमला गुप्ता पत्नी रामौतार गुप्ता अलीगंज आंवला बरेली कि मूल निवासी है। इस संबंध में उक्त किसी व्यक्ति संस्था / बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 11 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या सेवा गृह ऋण लिमिटेड शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है। तो यह मानते हुये कि इस विषय में कोई आपत्ति किसी व्यक्ति को नहीं है। उक्त ऋण सुभाष पुत्र श्री स्व. रामचन्द्र को प्रदान कर दिया जायेगा।

**आकर्षण तिवारी (एडवोकेट)**
**कार्यालयः- चैम्बर नं. 8, बी.एन. मिश्रा प्रथम तल अधिवक्ता भवन, सिविल कोर्ट सिविल लाइन, कानपुर**
**मो. 9839065577**


# 13 मार्च तक काठगोदाम से ट्रेनों का संचालन बंद

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** काठगोदाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-1 और पिट लाइन-7 पर मरम्मत का कार्य होने के चलते 13 मार्च तक लाइन बंद होने से कुछ ट्रेनों का संचालन में बदलाव किया गया है।

लाइनों पर कार्य होने के चलते ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। रेलवे के जिम्मेदारों ने बताया कि रानीखेत एक्सप्रेस 12 मार्च तक और संपर्क क्रांति 13 मार्च तक काठगोदाम से लालकुआं के रूट तक के लिए निरस्त की गई है। फिलहाल इन ट्रेनों का संचालन लालकुआं से किया जाएगा और वापसी भी लालकुआं तक ही होगी। इसी क्रम में काठगोदाम से लखनऊ आने वाली ट्रेन 12 मार्च तक और काठगोदाम से देहरादून जाने वाली काठगोदाम-देहरादून ट्रेन भी 13 मार्च तक हल्द्वानी से चलेगी और वापसी भी हल्द्वानी तक की होगी।

### होली से पहले दिल्ली व दून की ट्रेनें पैक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** होली का पर्व आने से पहले ट्रेनों में वेटिंग की लाइन शुरू हो गई है। 24 और 25 मार्च को होली का पर्व है वहीं अप्रैल माह तक ट्रेनों में वेटिंग दिखने लगी है। इसमें दिल्ली एवं देहरादून की रूटों पर संचालित होने वाली ट्रेनों में वेटिंग चल रही है। शताब्दी, बाग एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति और रानीखेत ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। जिनमें से बाग एक्सप्रेस, रानीखेत और शताब्दी में वेटिंग चल रही है वहीं संपर्क क्रांति में अभी वेटिंग की स्थिति नहीं बनी हुई है। काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पूछताछ केंद्र से जानकारी के मुताबिक जिन ट्रेनों में वेटिंग चल रही है वो अप्रैल माह तक वेटिंग जा सकती है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत बलेही पहाड़पुर, वि.खं. मीरगंज (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023- 24 में स्वीकृत मनरेगा/पंचम वित्त आयोग योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आवंटित/उपलब्ध धनराशि से कराए जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण निम्न अनुसार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | सामग्री का विवरण | मद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से कल्यान के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य 90 मी. | 3,78,712/- | प्रथम श्रेणी ईंट, रोड़ी, रेत, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, सरिया आदि। | मनरेगा/पंचम वित्त आयोग |
| 2. | कल्यान के घर से भरत के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य 90 मी. | 3,87,088/- | प्रथम श्रेणी ईंट, रोड़ी, रेत, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, सरिया आदि। | मनरेगा/पंचम वित्त आयोग |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र दिनांक 10/03/2024 से कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म द्वारा मोहरबंद लिफाफे में प्राप्त निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 13/03/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे खोली जाएगी।

ग्राम प्रधान सचिव



### कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ जनपद-खीरी

पत्रांक : 453/ई-टेन्डर न.पा.प.गोला/2023-24 दिनांक : 05.03.2024

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना द्वारा प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में निर्धारित श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की समस्त शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी। किसी कारणवश अवकाश होने पर निविदा तिथि अगला दिवस मानी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा खरीदने की तिथि व समय<br>ई-निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 09.03.2024 समय 11:00 बजे से<br>14.03.2024 समय 02:00 बजे तक |
| ई-निविदा डाउनलोड करने की तिथि व समय<br>ई-निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 09.03.2024 समय 11:00 बजे से<br>14.03.2024 समय 02:00 बजे तक |
| ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 14.03.2024 समय 03:00 बजे |
| फाइनेन्शियल बिड खुलने की तिथि | तकनीकी बिड स्वीकृत होने स्वीकृत होने के उपरान्त |

**नोट :** 1. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई.टी.बी. के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
2. सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने तथा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

रत्नाकर मिश्रा
अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. गोला

विजय शुक्ला
अध्यक्ष
न.पा.प. गोला

# वायु प्राणशक्ति की संचालक


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वायु प्राण है। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं।

वायु से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। 'द लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चैकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस संबंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्यु दर का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परंपरा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है।

वायु प्राण है। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं,"तीव्र गति अनुभव में आती है,लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं "वायवा याहि दर्शते मे सोमा अरंकृता-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।" (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरएक प्राण का प्राण हैं,लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है "आत्मा देवानां।" (10.168.4) बड़ी बात है,देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं,इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राण लेवा बनाते हैं। सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें 'वायु' प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद (1.90.9) में स्तुति है "नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रह्मासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है,आप प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं,मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।" यही मंत्र यजुर्वेद (36.9),अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म संपूर्णता है। आधुनिक ब्रह्मांड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, "वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हर एक रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है,प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं 'आदित्य है वे प्राणी-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है।

वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन 'मरूद्गण' कहते हैं। वे संपूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं-मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुंदर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं "अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु है-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अंतर्संबंधित है। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत भी हैं।

मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है "हे मरुतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी" ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरूणि अतिरिक्त जिज्ञासु हैं। पूछतें हैं 'मरुद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं? (1.165.1-2) फिर मरुतों का स्वभाव बताते हैं "वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है। कहते हैं, "वे गतिशील मरुद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं। (1.167.4) यहां मरुद्गण वर्षा के भी देवता हैं।

ऋग्वेद में मरुतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं "आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं।" (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है "हे मरुतों आप दूरस्थ क्षेत्रों में न रूकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आएं। (5.53.8) ऋषि कहते हैं "रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें।" (वही 10) वे "नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं।" (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रूकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं "हे मरुतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें।" (5.54.4) वायु जगत् का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं,जीवन दाता भी हैं। वुाय से वर्षा है,वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है,लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए।

चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रंथ है। इसके 28 वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है "वायुरायुर्बलं वायुर्वायु र्धाता शरीरिणाम-वायु ही आयु है। वायु ही बल है, शरीर को धारण करने वाले भी वायु ही हैं। कहते हैं "यह संसार वायु है,उसे सबका नियंता गाते हैं-वायुर्विश्वमिदं सर्वं प्रभुवायुश्च कीर्तितः।" वायु को सर्वशक्तिमान गाने की परंपरा पुरानी है। शरीर और प्राण का संयोग जीवन है, दोनों का वियोग मृत्यु है। वाग्भट्ट ने ठीक कहा है "वह विश्वकर्मा, विश्वात्मा, विश्वरूप प्रजापति है। वह सृष्टा, धाता, विभु, विष्णु और संहारक मृत्यु है।" चरक संहिता में कहते हैं "वह भगवान (परम ऐश्वर्यशाली) स्वयं अव्यय हैं, प्राणियों की उत्पत्ति व विनाश के कारण हैं, सुख और दुख के भी कारण हैं, सभी छोटे बड़े पदार्थो को लांघने वाले हैं, सर्वत्र उपस्थित हैं।" यहां शरीर के भिन्न अंगों में प्रवाहित पांच वायु का वर्णन है। फिर इनसे जुड़े रोगों का विस्तार से विवेचन है।

वायु का प्रदूषण हजारों रोगों की जड़ है। प्राणवायु के लिए ही लोग सुबह-सुबह टहलने निकलते हैं,जहां वायु सघन है,वहां के जीवन में नृत्य है। जंगलों में वायु सघन है। इसीलिए वन उपवन मधुवन हैं। भारत का अधिकांश प्राचीन ज्ञान वनों में ही पैदा हुआ था। वैदिक मंत्रों में प्राणवायु की सघनता है। हम सब वैदिक संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं,बावजूद इसके हम वायु को प्रदूषित करते हैं। प्रकृति को आहत करते हैं,स्वयं अपने ही जीवन जगत को क्षति पहुंचाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने में ही हमारे जीवन की गति है।

# जिंदगी में सजगता जरूरी


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

किसी एक ही दिशा में जाने के लिए दो रास्ते हैं। एक रास्ता तो ऐसा है,जो कंटकाकीर्ण है, पथरीला है, सड़क के किनारों पर लगे पेड़-पौधों की डालें सड़क की ओर आ गई हैं जिसके चलते पेड़ों में निकले कांटे निकल आए हैं। सावधानी हटी तो कांटों के चुभने का अंदेशा भी है। जबकि उसी दिशा में जाने वाला दूसरा रास्ता बहुत साफ-सुथरा है,दुरूस्त है। आंख बंद कर चलने पर भी कहीं कांटों के चुभने या पत्थर के टुकड़ों से ठोकर खाकर गिरने का खतरा नहीं है। हर तरह की सुविधा भी इस रास्ते पर उपलब्ध होने की व्यवस्था है। दोनों रास्ते एक ही मंजिल की तरफ ले जाने वाला है।

स्वाभाविक है कि अधिकांश लोग सुगम रास्ते को चुनेंगे,क्योंकि दुर्गम रास्ते पर मिलने वाले कष्ट को ज्यादातर लोग उठाना नहीं चाहेंगे। इसके विपरीत दुर्गम रास्ते पर चलने वाले को लोग बेवकूफ समझेंगे तथा उपहास भी उड़ाएंगे। जबकि दुर्गम रास्ते पर चलने वाले ने यह सोचकर इस रास्ते को इसलिए वरीयता दी कि इस पर जो अवरोध आदि है,उसे वह हटाते और रास्ते को सुगम बनाते हुए चलेगा ताकि भविष्य में किन्हीं कारणों से सुगम वाले रास्ते में कोई अनहोनी हो गई तो मजबूरी में लोगों को इसी रास्ते पर चलना होगा। जब रास्ता सुगम होगा तो भले उसे कठिनाई हो रही है,लेकिन आने वाले समय में लोगों को किसी तरह कठिनाई न हो सके। यह तो भौतिक सड़क की बात है। अब जिंदगी की राह को भी देखा जाए तो जिंदगी जीने की भी दो-राहें होती हैं जिसमें एक राह सकारात्मकता की राह है तो दूसरी नकारात्मकता की राह। अब यह खुद को निर्णय करना पड़ता है कि किस रास्ते पर कदम रखा जाए। सकारात्मकता के रास्ते में नैतिक मूल्यों, कड़ी मेहनत, सत्यनिष्ठ आचरण, धैर्य और संतोषप्रद भावना को कीमती पूंजी समझकर रखना होगा। संभव है कि समाज में नकारात्मक ढंग से जीने वाले भौतिक उपलब्धियों के बल पर बहुत आगे निकल रही हो,लेकिन सत्चरित्र, कर्तव्यनिष्ठा और अनुभव की पूंजी सकारात्मक रास्ते पर चलने से ही मिलेगी। इतिहास के पन्नों को पलट कर देखा जाए तो सबूत के तौर पर ऐसे तमाम लोगों के उदाहरण मिल जाएंगे जिनका किसी कालखंड में बहुत प्रभाव था,लेकिन उसी प्रभावशाली शख्स के जीवन में ऐसा भी समय आया कि वह दीनहीन बनने के लिए मजबूर हो गया। नकारात्मक तरीका आत्मबल भी छीनता है।

गलत ढंग से उपलब्धियां अर्जित करते समय भले ही ऐसा लगता हो कि इसकी भनक किसी को नहीं लग रही है, लेकिन खुद अपना मन तो जानता है कि अकूत भौतिक उपलब्धियों के लिए जो तरीका अपनाया गया है, वह सही नहीं है। गलत कार्य करते समय एकांत की तलाश होती है। यदि प्लानिंग बनाकर समूह में गलत कार्य किया जाता है तो समूह में शामिल लोग ही एक दूसरे पर विश्वास नहीं करते हैं। एक अज्ञात भय समूह के पूरे लोगों में समाया रहता है। जिंदगी की सर्वाधिक कष्टदायी स्थिति मन का भयाक्रांत होना ही है। अंदर से डरा हुआ व्यक्ति आंख मिलाकर बात करने का साहस खो बैठता है। इसके विपरीत सकारात्मक तरीका का पहला उपहार आत्मविश्वास के रूप में देता है और दूसरा अनुभव प्रदान करता है।

किसी काम को संपादित करने में पहली बार कुछ दिक्कतें आ सकती हैं,लेकिन आगे चलकर उसी काम को करने में सरलता महसूस होने लगती है। किसी वाहन के संचालन का ही उदाहरण लिया जाए तो पहली बार उसे संचालित करने में जितनी सजगता बरती गई,धीरे-धीरे उसमें कमी आती जाएगी। फिर तो एक ऐसा भी समय आ जाता है कि कब क्या करना है,वह स्वतः होने लगता है। जिंदगी की डगर में भी यही स्थिति होती है। मन रूपी ड्राइवर सकारात्मक रहा है तो दुर्घटना की संभावना कम होती जाती है।

# भौतिक विकास की कीमत चुका रही प्रकृति


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

> वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है।

वास्तव में इंसान के भौतिक विकास की कीमत प्रकृति चुका रहा है। यूं तो पर्वत, पहाड़, नदी, सागर सभी पर इस विकास का असर हुआ है, परंतु सबसे बड़ी कीमत पेड़-पौधे और वन चुका रहे हैं। जब भी किसी सड़क का चौड़ीकरण होता है तो सबसे पहले उसके किनारे लगे पेड़ों को काट दिया जाता है। भले ही हम प्रतिवर्ष सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर पेड़ों को लगाते हैं, परंतु उस पुराने पेड़ की स्थिति तक पहुंचने में कई दशक लग जाते हैं। शहरों का विकास व बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए वनों की भूमि का बदलता उपयोग वनों के विनाश का प्रमुख कारण है। फारेस्ट डिक्लेरेशन असेसमेंटः ऑफ ट्रैक एंड फॉलिंग बिहाइंड की रिपोर्ट 2023 के अनुसार यदि ग्लोबल वार्मिंग में हो रही वृद्धिदर को 1.5 डिग्री सेल्सियस के नीचे रखना है तो जंगलों को बरकरार रखना बेहद जरूरी है। ये जंगल हमारी दुनिया के फेफड़े हैं,जो न केवल प्रदूषित हवा को साफ करते हैं, बल्कि जैवविविधता को भी बचाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह उत्सर्जित होने वाली कार्बन डाईऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों के एक बहुत बड़े हिस्से को सोख लेते हैं जिसकी वजह से तापमान में होती वृद्धि को रोकने में मदद मिलती है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार देश में एक हेक्टेयर से बड़े क्षेत्रफल जिसमें पेड़ों की यानी हरित छतरी यानी हरियाली का घनत्व 10 प्रतिशत से ज्यादा हो, जंगल कहा जाता है। पारिस्थितिक संतुलन के लिए कुल भूमि क्षेत्र का 33 प्रतिशत वन क्षेत्र होना ही चाहिए, लेकिन वर्तमान में भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 24 प्रतिशत क्षेत्र ही वनाच्छादित है। वस्तुतः वन प्रकृति के सबसे प्रचुर और बहुमुखी नवीकरणीय संसाधन हैं, जो एक साथ आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक लाभ और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं। यह न केवल जलवायु और जैव विविधता, बल्कि खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, स्वच्छ पानी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देता है।

बढ़ती जनसंख्या के कारण स्थान, आवास, भोजन की आवश्यकता, शहरीकरण, औद्योगीकरण के कारण के वनों की कटाई और भूमि उपयोग के अन्य रूपों में स्थायी रूपांतरण के परिणाम स्वरूप वन क्षेत्र निरंतर कम हो रहा हैं। लगभग 80 प्रतिशत वन हानि वनों को कृषि भूमि में बदलने के कारण हो रही है। मानवीय गतिविधियों में वृद्धि के कारण, विशेष रूप से दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में, वनों की कटाई और गिरावट के कारण जंगलों में भारी गिरावट आई है। एक अनुमान के अनुसार दुनिया में हर मिनट लगभग 21.1 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में फैले जंगल नष्ट हो रहे हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में करीब 111 लाख हेक्टेयर में फैला जंगल खत्म हो जाता है। इतनी बड़ी संख्या में वनों के विनाश होने से लगभग 250 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ होगा, जो भारत के वार्षिक जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के बराबर हैं। अब तक जंगलों को हो रहे नुकसान में 40 प्रतिशत से ज्यादा अकेले ब्राजील में हुआ है। वर्ष 2021 में कनाडा, रूस और अलास्का जैसे सुदूर उत्तरी क्षेत्रों में पाए जाने वाले ठंडे बोरियल वनों के करीब 80 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले जंगलों नष्ट हो गए हैं, जो वर्ष 2001 के बाद सर्वाधिक है। पिछले 18 वर्षों में लगभग यूरोप के क्षेत्रफल के बराबर वन क्षेत्र नष्ट हो चुका है, जो करीब 15.7 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में फैले थे।

युनाइटेड किंगडम स्थित फर्म यूटिलिटी बिडर के सर्वेक्षण के अनुसार वनों के विनाश के मामले में भारत, ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के अनुसार भारत के लगभग उत्तर प्रदेश के आकार के बराबर 2.59 करोड़ हेक्टेयर में फैला जंगल गायब हो चुका हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां भारत ने वर्ष 1990 से 2000 के बीच अपने 384 हजार हेक्टेयर में फैले जंगलों को खो दिया था। वहीं वर्ष 2015 से 2020 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 668 हजार हेक्टेयर हो गया है। देश में वन विनाश में 284 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई,जो विश्व में सर्वाधिक है। इसमें से पूर्वोत्तर राज्यों में वन क्षेत्र लगभग एक हजार 20 वर्ग किलोमीटर कम हो गया है। देश के पर्वत, पहाड़ी और आदिवासी जिलों में वन क्षेत्र घटा है। पिछले दो वर्षों में देश के पर्वतीय क्षेत्रों में वनाच्छादन में 902 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। देश का वन और वृक्ष आच्छादन क्षेत्र 8.09 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। हालांकि वर्ष 2019 की तुलना में इसमें 2261 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है जिसमें मध्य प्रदेश में सर्वाधिक वृक्षारोपण कार्य के चलते वृद्धि हुई है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र राज्य हैं। देश के अन्य राज्यों द्वारा भी वन क्षेत्रों को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है।

वर्ष 2014 में विश्व स्तर पर सहमति बनी थी कि वर्ष 2020 तक पेड़ों के नष्ट होने की गति को कम से कम आधा और वर्ष 2030 तक इसे पूरी तरह ख़त्म किया जाएगा,परंतु यह लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका। हालांकि सतत प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते रूस,अमेरिका और चीन जैसे देशों में कुल वन क्षेत्रों में वृद्धि हुई है। वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है। यदि पृथ्वी और मानव जाति को बचाएं रखना है तो वनों का संरक्षण तथा उसका सतत विकास आवश्यक है।

# कविता तूने मुझको क्या दिया


वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

यह कई बार लोगों ने मुझसे पूछा,आपको प्यार पहली बार कब हुआ? मेरा जवाब भी अजीब था, जिस पर लोगों को यकीन कम होता था। मैंने सबसे पहले प्यार को शब्दों के बीच देखा और उन शब्दों के बीच के प्यार ने मेरे भीतर प्रेम को जन्म दे दिया। एक आधे अक्षर के बगैर एक पूर्ण अक्षर अपने को अभिव्यक्त नहीं कर सकता,अपूर्णता पूर्णता को व्याख्यायित करती है,यह मेरी पहली प्यार की समझ थी। मुझे अक्षरों से प्यार होने लगा। मैंने लिखने की कोशिश की और मुझे अपने लेखन से प्यार हो गया। मेरी उम्र रूपदर्शी तो थी पर रूप आग्रही न थी,ऐसी समाज की मान्यता थी,पर मैंने उस उम्र में स्त्री के सौंदर्य, अनगढ़ सौंदर्य को लफ्जों में उतारने की कोशिश की,जो शब्द गूंगे लगते थे लोगों को वह मुझसे बात करते थे और मैं शब्दों में खोने लगा। शब्दों में खोना शायद मेरा पहला प्यार था,वैसा प्यार फिर न हुआ। मुझे और उस प्यार ने बहुत से प्रेम को जन्म दिया और मैं सौंदर्याग्राही हो गया। मैंने पहली बार जिसके रूप को सराहा उससे लिखने की इजाजत मांगे बगैर उस पर लिख गया,पर अफसोस उसने पढ़ने से इंकार कर दिया,पर मेरी कविताओं ने, मेरी रचनाओं ने, मेरी रचनाधर्मिता ने लोक को समालोचक करने का मुझे अवसर दिया। मैं कोई बहुत मौलिक कृतिकार नहीं हूं,मैं लोगों के लेखन से शब्द चुरा लेता हूं , कभी-कभी भाव भी पर आसान नहीं होगा उसको भी जानना जिसमें से मैं चोरी कर लेता हूं। कारण यह है कि मैं उसमें मौलिकता सृजन करता हूं। मैं चुराए हुए शब्दों को गढ़ता हूं। मैं जमीन से उठाए गए भावों को अपने भावों में संजोता हूं और खुद से कहता हूं, सिर्फ मैं जानता हूं यह चुराया हुआ है,पर यह अर्ध सत्य है। पूर्ण सत्य यह है कि वह तराशा हुआ है। मैं मौलिकता का आग्रही हूं,मौलिकता विहीन होकर भी, मौलिकता विहीन तो शायद न हूं मैं, अधिक सत्य यह कहना होगा,मैं मौलिकता की तलाश में रहता हूं। यह तलाश मौलिकता की ओर ले जाती है।

# मनुष्य का मन बीते युगों का सार तत्व


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक नए मनुष्य का रूप उभर रहा है, जो केवल "डिमांड एंड सप्लाई" अर्थात् "मांग और आपूर्ति" की भाषा जानता है। जीवन भी "मांग और आपूर्ति" पर आधारित हो गया है। हर स्थिति लेन-देन का हिसाब होकर रह गई है। ममत्वहीनता, बौद्धिकता, सामंजस्य का अभाव, परिवारिक संबंधों का विघटन, उद्विग्नता, अभाव, अशांति, आतंक, अजनबीपन, अकेलापन, अवसाद, आशंका, संशय, अनिश्चय, आक्रोश, विडंबना, अनास्था, सामूहिक हत्या और सामूहिक आत्महत्या, जीवन का परम सत्य विकास अर्थात् भौतिक विकास को माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है। एक ओर वैभव तथा ऐश्वर्य का प्रदर्शन, दूसरी ओर अभाव और दरिद्रता। यह इतिहास ही की गति है।

यहां ध्यान देने की बात यह है कि जो बीत गया, वह बीतकर भी कहीं गया नहीं, वह मनुष्य की चेतना में समाया हुआ है और चेतना के रूप में वह इतिहास की गति को निर्धारित भी करता है। मनुष्य का मन बीते युगों का सार-तत्व है, समस्त युग उसके साथ जी रहे हैं और जीते रहेंगे। सभी लोग एक जैसे न कभी हुए और न कभी होंगे, विविधता रहेगी, क्योंकि विविधता अनिवार्य है। अनिवार्य इसलिए कि विविधता नैसर्गिक है और समानता को देखा जाए तो वह भी नैसर्गिक है। सभी के पास आंख, नाक-कान और मन-बुद्धि हैं, यह समानता है परंतु सभी के आंख, नाक, कान और मन तथा बुद्धि एक जैसे नहीं है, यह विविधता है। जिजीविषा है, सभी जीना चाहते हैं, रिरंसा है, सभी लोग सुख को खोज रहे हैं।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी भी सुख को खोज रहे हैं। सुख का आविष्कार कर रहे हैं। सुख को बाजार में ले जा रहे है। बाजार सुख की डिमांड बढ़ाता है और फिर उसकी सप्लाई करता है। यह बाजार-सत्ता कुछ हाथों में केन्द्रित है और संपदा के केन्द्रीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया की अपनी विसंगतियां भी हैं जिनसे एक विक्षोभ संगठित हो रहा है और घात प्रतिघात कर रहा है। इस घात प्रतिघात में नया विचार जन्म लेगा, उसके जन्मोत्सव में संपूर्ण मनुष्यता सम्मिलित होगी, उस विचार को अभिषिक्त करेगी, रस-सिक्त करेगी।

# बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं।

अब्दुल्ला का सबसे बड़ा काम क्या? वही। बेगानी शादी में दीवाना हो जाना। शादी की सुगबुगाहट भर हो किसी की। किसी के फेरे पड़ने की खबर आ जाए,उसका मन मोर हो जाता है। देर नहीं करता फिर वो। अपने पैरों में घुंघरू बांध लेता है। ऐन केन प्रकारेण मंडप में घुस ही जाता है। अपने जैसे और भी मिल जाते है उसे। उनमें से किसी को भी थाम कर अनर्गल बातें करता है। अपच होने तक खाता है। मंडप से धीरे से खिसकता है और फिर ऐसी ही किसी अगली बेगानी शादी का इंतजार करता है।

बेगानी शादी में दीवाने होने वाले अब्दुल्ला प्रायः मोहल्ले की हर लड़की के इकतरफा प्रेमी होते हैं। ऐसी हर लड़की के आशिक जो कभी इनके दिल के हाल नहीं जानती। जानकर दुत्कार चुकी होती है, बाप के तय किए किसी होनहार लड़के की दुल्हन बनकर रूखसत होती ही होती है। हमारे अब्दुल्ला ऐसे सांस्कृतिक अवसर पर निरंतर सजग भाव से उपस्थित बने रहते हैं। मेहमानों को लाना छोड़ना, कुर्सियां गिनना। टेंट हाउस के मालिक और केटरर से जूझना ऐसे सारी बेगारों के लिए ये कार सेवक की भूमिका में होते हैं। इन्हें कोई नहीं गिनता,पर ये होते हैं और इसलिए होते हैं,क्योंकि ये दीवाने हैं।

मोहल्ले के बुड्ढे भी इसी प्रजाति के सदस्य हैं। कोई काम नहीं। इन्हें बस चबूतरे पर पैर लटकाए बैठना है,सुबह-शाम। बहू के दुत्कारें बेघर लोग। ये दिनभर यही ताड़ते रहते हैं। किसके यहां कौन आया। कब आया। कब गया। किस लड़की का किसके साथ चक्कर चल रहा है। किसका बेरोजगार लड़का किसकी गलत संगत में पड़ा है। किसके यहां की बटलोई में आज कौन सी वाली दाल पकी है। जब भी कोई सनसनीखेज जानकारी मिलती है इन्हें ये नाचने-कूदने के लिए उतारू हो जाते हैं। उनकी तेज नाक हमेशा चौकन्नी बनी रहती है। किसी का कुछ निजी कार्यक्रम हो। शादी ब्याह, मुंडन, मैयत। ऐसे किसी भी मौके पर पकने वाले लजीज पकवानों को सूंघ ही लेते हैं ये और मौका देखकर मौके पर पहुंच भी जाते हैं। बेगाने अब्दुल्ला हर विषय के जानकार होते हैं। जानने भर के हर धतरकरम पर अपनी राय देने के लिए तत्पर। ये इस बात की परवाह नहीं करते कि कोई इनकी बातों पर गौर कर भी रहा है या नहीं। ये बकवास किए बिना मानते नहीं और कह सुनकर ही ठंडे होते हैं। जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते-जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं। किसने क्या पहना? किस मॉडल की कार मे आया। आने वालों में कितने हरामखोर है,कितनों के पास कितना माल है जैसी बातें करते हैं। लड़के के बाप ने कितनी दौलत लुटा दी और लड़की के बाप ने लड़के में क्या देखा? जैसी गंभीर चर्चाएं होती हैं। फिर खड़े-खड़े थक जाते हैं ये और हारे मन और भारी कदमों से अपने डेढ़ रूम के फ्लैट में लौट जाते हैं।

आप खुद के बारे में भी गौर कर लें अब। बताईए। अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग में कितने सेलिब्रिटी नाचे? मुफ्त में नाचे या करोड़ों लूट ले गए? हाथी की खिचड़ी कौन खा गया? आपको क्या मतलब है? आप काहे एक्सपर्ट कमेंट वाले लाला अमरनाथ हुए जा रहे हैं। उनका निजी मामला है ये। आपके पेट में गुड़गुड़ क्यों होना चाहिए? आप हैं कौन? अनंत के ताऊ हैं? फूफा हैं दूर के, जिसे बताकर, आपकी कीमती राय लेकर उसे अपनी होने वाली दुल्हन को वरमाला पहनाना चाहिए?

बाज आइए महाराज। ऐसे करने का कोई मतलब है नहीं। बेगानी शादी के दीवाने अब्दुल्ला आमतौर पर कॉलर से पकड़े जाकर धकेले जाते हैं बाहर। अब आप देख लें कि क्या करना है?

# पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले




दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

भारत की पहली महिला शिक्षिका और प्रसिद्ध समाज सुधारक सावित्रीबाई फूले का आज ही के दिन 1897 में निधन हुआ था। जीवनपर्यंत महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फूले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। उनके पिता खंडोजी नेवसे किसान थे। माता का नाम लक्ष्मीबाई था। 1840 में जब वह नौ साल की थी,तब उनका विवाह 12 वर्ष के ज्योतिराव फूले के साथ कर दिया गया। विवाह के समय सावित्रीबाई अनपढ़ थी। जबकि पति तीसरी कक्षा तक पढ़े थे। उस दौर में दलित व महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था। शादी के बाद वह पति के साथ पुणे में रहने लगी। वह पढ़ना चाहती थी तो इसमें उनके पति ने उन्हें पूरा सहयोग दिया। ज्योतिराव फूले ने उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

समाज के तमाम विरोधों के बीच वह पढ़ने जाती थी। कई बार लोगों ने उन पर पत्थर व गोबर फेंका। खरी-खोटी सुनाई और अपशब्द भी कहे,पर वह कभी भी अपने उद्देश्य से पीछे नहीं हटी। सावित्रीबाई ने अहमदनगर और पुणे में शिक्षक की ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और अपने व दूसरों के हक के लिए लड़ती रही।

वर्ष 1848 में फूले दंपत्ति ने पुणे में नौ बालिकाओं के साथ देश के पहले बालिका विद्यालय की स्थापना की। उन्होंने कुल 18 विद्यालयों की स्थापना की। उनकी कोई संतान नहीं थी तो उन्होंने एक ब्राह्मण विधवा के पुत्र यशवंतराव को गोद लिया। एक विधवा के पुत्र को गोद लेने पर दोनों को बहुत विरोध का सामना करना पड़ा और बिरादरी से बेदखल भी कर दिया गया, लेकिन वे अपने निर्णय पर अडिग रहे और बेटे को पढ़ा लिखाकर डॉक्टर बनाया। महिला अधिकारों खासकर दलित महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फुले ने विधवाओं के लिए एक पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की और उन्हे पुनः विवाह के लिए प्रेरित भी किया। 28 जनवरी 1853 को उन्होंने गर्भवती बलात्कार पीड़ितों के लिए बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना भी की। यह सब करना उनके लिए कतई आसान नहीं था,क्योंकि उन्हें लगातार लोगों के विरोध का सामना करना पड़ता था। सावित्रीबाई फूले का पूरा जीवन समाज के वंचित तबके खासकर दलितों और महिलाओं के संघर्ष के लिए बीता। उनके पति महान समाज सुधारक,लेखक और दार्शनिक ज्योतिराव फूले का 1890 में निधन हुआ। सावित्रीबाई ने ही उनका दाह संस्कार किया। पति की चिता को मुखाग्नि दी और अंतिम संस्कार की सभी विधियां पूर्ण की। उस समय किसी महिला का ऐसा करना कोई सोच भी नहीं सकता था। इसका भी लोगों ने विरोध किया।

1897 में जब महाराष्ट्र में प्लेग की महामारी फैली तब सावित्रीबाई फूले ने अपने बेटे के साथ मिलकर अस्पताल में भर्ती बीमार लोगों की देखभाल की। हालांकि इस दौरान वह स्वयं भी प्लेग से पीड़ित हो गईं और 10 मार्च 1897 को उन्होंने अंतिम सांस ली। वह केवल एक समाज सुधारक शिक्षिका ही नहीं थी,बल्कि कवयित्री भी थीं। उन्हें मराठी की आदि कवयित्री माना जाता है। फूले दंपति को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 1852 मे ब्रिटिश सरकार ने सम्मानित भी किया था। शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में सावित्रीबाई फूले के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शिक्षकों के लिए वह सदैव प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी।

## मशीन से थैला देने वाला यूपी का पहला शहर बना अयोध्या

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या अब मशीन से थैला देने वाला उत्तर प्रदेश का पहला शहर बनने जा रहा है। वेंडिंग मशीन में 10 रुपये का सिक्का डालते ही या क्यूआर कोड स्कैन करते ही कपड़े का झोला मिल जाएगा। यह झोला 100 प्रतिशत कॉटन का रहेगा। इसमें 15 से 20 किलो की सामग्री रखी जा सकेगी। अभी शहर में 100 स्थानों पर मशीनों को लगाया जाएगा। इसके बाद इनकी संख्या और बढ़ा दी जाएगी। राम मंदिर बनने के बाद शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इस कड़ी में सबसे पहले महाराष्ट्र की संस्था उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन ने नगर निगम से करार किया है। मशीनों को मुंबई से लाया जा चुका है। प्रत्येक मशीन की कीमत 35 हजार रुपये बताई जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत, काशी विश्वनाथ धाम में किया पूजन-अर्चन

# अपनी काशी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

संवाददाता,वाराणसी

**अमृत विचार :** 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से उम्मीदवार बनाए जाने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपनी काशी' पहुंचे। शाम सात बजे लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट से काशी विश्वनाथ धाम व बीएलडब्लू तक 28 किलोमीटर की सड़क यात्रा में काशी वासियों ने 38 स्थानों पर पीएम का अभूतपूर्व स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर गए, यहां उन्होंने विधिवत दर्शन पूजन किया।

**15 दिन में दूसरी बार काशी पहुंचे प्रधानमंत्री :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 दिन में दूसरी बार वाराणसी पहुंचे। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचने पर प्रधानमंत्री का सड़क के दोनों ओर खड़े काशी वासियों ने अपने अंदाज में जबरदस्त स्वागत किया। एयरपोर्ट से निकलते ही ढोल-नगाड़ो के साथ ही पुष्प वर्षा की गई और हर-हर महादेव के उद्घोष से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। श्री काशी विश्वनाथ धाम के रस्ते में प्रधानमंत्री के स्वागत में काशीवासियों ने शंखनाद, डमरुवादन और घण्टा घड़ियाल बजाए।



मंदिर में पूजन से पूर्व त्रिशूल उठाए प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

● 28 किमी. सड़क मार्ग पर 38 स्थानों पर हुआ प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत

### प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं का किया अभिवादन

भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपने सांसद और प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए जबरदस्त तैयारी की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने संसदीय क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। पीएम श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन करने के बाद सीधे बीएलडब्लू पहुंचे। यहाँ रात्रि विश्राम के बाद प्रधानमंत्री रविवार की सुबह आज़मगढ़ के लिए रवाना होंगे। आज़मगढ़ में विकास परियोजना की सौगात देने के साथ ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## फिरोजाबाद में एलएलबी के छात्र ने फांसी लगाई

**फिरोजाबाद, एजेंसी :** जिले में एलएलबी के एक छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगा ली है। शिकोहाबाद के मोहल्ला खेड़ा में गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र निवासी ऋतिक यादव व किराए पर कमरा लेकर एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। ऋतिक ने 4 फरवरी को यहां कमरा किराए पर लिया था। शुक्रवार को जब पूरे दिन कमरा नहीं खुला तो मकान मालिक राजीव यादव ने रात को कमरे में झांककर देखा तो रितिक का शव फंदे पर लटका नजर आया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया और परिजनों को भी सूचित किया। घटना के संबंध में शिकोहाबाद के सीओ प्रवीण कुमार तिवारी का कहना है की रितिक ने खुदकुशी क्यों की है इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### महिला प्रधानाचार्य के खिलाफ दलित शिक्षिका के साथ मारपीट का मामला दर्ज

**गाजियाबाद,एजेंसी :** जिले के मसूरी इलाके के एक स्कूल की महिला प्रधानाचार्य के खिलाफ अपने विद्यालय की दलित शिक्षिका के साथ मारपीट करने और उसे जातिसूचक शब्द कहने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, मसूरी की एक कंप्यूटर शिक्षिका को अन्य विषयों की कक्षाएं लेने से इनकार करने पर स्कूल की प्रधानाचार्य ने कथित तौर पर पीटा। निगरावठी गांव निवासी दलित शिक्षिका अंशिका की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक 4 मार्च को स्कूल की प्रधानाचार्य पूनम कुशवाहा ने उसे कंप्यूटर का विषय पढ़ाने के बजाय दूसरे विषय पढ़ाने के लिए कहा। अंशिका ने इस संबंध में उसने उच्च अधिकारी से शिकायत की, जिन्होंने उसे कंप्यूटर के अलावा कोई अन्य विषय न पढ़ाने की हिदायत भी दी। अंशिका ने आरोप लगाया कि बाद में जब वह वापस कंप्यूटर पर काम करने गई तो प्रधानाचार्य वहां पहुंची और उसके बाल पकड़कर उसे पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्य ने अंशिका के लिए जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। मसूरी के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नरेश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### छात्रों ने सीडीएफडी में फॉरेंसिक की बारीकियां समझी

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने सीडीएफडी हैदराबाद में नमूना संग्रह, डीएनए प्रोफाइल तैयार करने तक डीएनए फिंगरप्रिंटिंग की प्रक्रियाओं पर आधारित बारीकियां समझी। इस दौरान डीएनए प्रिंटिंग, फिंगर प्रिंटिंग पर गहराई से चर्चा हुई। यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने इस कार्यक्रम में फोरेंसिक से संबंधित उन सभी आवश्यक बारीकियों को सीखा, जिसे फॉरेंसिक के क्षेत्र में पहलकर साक्ष्य के रूप में संग्रह करना और उसे न्याय दिलाने में मजबूत साक्ष्य के रूप में खड़ा किया जा सकता है। यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ0 जीके गोस्वामी यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सीडीएफडी के निदेशक डा0 संगीता मुखोपाध्याय के बीच 13 फरवरी 2024 को एमओयू साइन किया गया था। उसके चलते यूपीएसआईएफएस के छात्रों को यह पहला मौका मिला था। उन्होंने बताया कि उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) लखनऊ के छात्रों का एक दल सेंटर फॉर डीएनए फिंगर प्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक (सीडीएफडी) हैदराबाद में एक सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण सफलता के साथ पूर्ण किया। डॉ0 गोस्वामी ने यह भी बताया कि छात्रों ने फिनोल, क्लोरोफॉर्म और आइसो-एमाइल अल्कोहल (पीसीआई) का उपयोग करके डीएनए निष्कर्षण की विभिन्न विधियों जैसे कार्बनिक विधि और चुंबकीय मनका आधारित तरीके और जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस और रियल-टाईम पीसीआर द्वारा डीएनए मात्रा निर्धारण के बाद एसटीआर एम्प्लिफिकेसन और जीनोटाइपिंग द्वारा डीएनए प्रोफाइल तैयार करना भी सीखा।

### 2.74 लाख गर्भवती महिलाओं को मिले 111.61 करोड़

**लखनऊ, अमृत विचार :** गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रदेश सरकार ने सालभर के भीतर 2.74 लाख गर्भवती महिलाओं को 111.61 करोड़ रुपये दिए गए। योजना का कियान्वयन स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य परिवार नियोजन अभिनवीकरण सेवा एजेन्सी (सिफ्सा) के माध्यम से वर्ष 2017 से किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा पीएमएमवीवाई 2.0 का संचालन अप्रैल 2022 से मिशन शक्ति के अन्तर्गत उपयोजना सामर्थ्य के माध्यम से किए जाने का निर्णय लिया गया है। योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों की सुगमता व प्रभावी संचालन के लिए आंशिक बदलाव भी किया गया है।

# ईडी और सीबीआई को खत्म कर देनी चाहिए : अखिलेश

### सपा प्रमुख बोले -10 सालों से अधिक तो हिटलर का शासन भी नहीं चला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई के काम करने के तरीके पर कहा कि ऐसी संस्थाएं हमेशा के लिए खत्म कर देनी चाहिए। जैसे नेताजी मुलायम सिंह यादव ने सत्ता में आने पर व्यापारियों पर लगने वाली चुंगी समाप्त कर दी थी। अखिलेश का आरोप रहा कि ऐसी एजेंसियों का इस्तेमाल केन्द्र सरकार विरोधी दलों को डराने-धमकाने के लिए कर रही है। वहीं, सपा प्रमुख ने इशारों ही इशारों में भाजपा सरकार की तुलना हिटलर के शासन से की। अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 सालों से अधिक तो हिटलर का शासन नहीं चल सका। इनके भी 10 साल हो चुके हैं। उप्र. की जनता अगर स्वागत भी अच्छे से करती है तो वह अच्छे से विदाई भी करना जानती है।

अखिलेश यादव शनिवार को सपा मुख्यालय में भाजपा, रालोद और बसपा से आए नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उप्र. में जिस तरह महिलाओं के खिलाफ अपराध हो रहे हैं उसका संज्ञान गृह मंत्रालय को लेना चाहिए। प्रदेश में कई महिला उत्पीड़न के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। यहां की कानून व्यवस्था बदहाल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को समय-समय पर राज्य की कानून व्यवस्था की भी समीक्षा करनी चाहिए क्योंकि यहां रक्षक ही भक्षक बन जाते हैं।

### सपा को इलेक्शन बांड से ढाई करोड़ रुपये मिले



अखिलेश ने खुलासा किया कि सपा को इलेक्टोरल बांड के माध्यम से एक बार ढाई करोड़ रुपये मिले। ऐसी ही कुछ राशि एक अन्य बार भी मिली। भाजपा को भी खुलासा करना चाहिए और एसबीआई को डिटेल देनी चाहिए। बसपा प्रमुख मायावती द्वारा एक बार फिर से अकेले लोस. चुनाव लड़ने पर अखिलेश यादव ने कहा कि इसके लिए उन्हें धन्यवाद। बता दें कि मायावती ने शनिवार सुबह ही सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि बसपा के किसी भी गठबंधन में शामिल होने की बातें अफवाह हैं। बसपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी। शनिवार को सपा में डॉ. सीताराम राजपूत भाजपा छोड़कर अपने समर्थकों के साथ शामिल हो गए। इसके अलावा, रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे लतेश विधूड़ी, परवेज आलम, बसपा के इलियास अंसारी, कुशीनगर, पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, हरदोई के तिलक चंद्र वर्मा, औरैया के पूर्व विधायक मदन गौतम और सुबोध यादव भी सपा के साथ आ गए।

## मोदी को हिटलर कहना अखिलेश की हताशाः भूपेंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अखिलेश यादव द्वारा हिटलर कहने पर करारा हमला किया। कहा कि प्रधानमंत्री प्रतिदिन देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने में लगे हुए हैं। हर देशवासी के उत्थान में जुटे हैं, इसीलिए देशवासी उन्हें भाई और बेटे के रूप में देखते हैं। अखिलेश यादव का बयान उनकी हताशा दिखाता है। वो 2024 में भाजपा को हराने का मुंगेरीलाल जैसा सपना देख रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने सपा को 2014, 2017, 2019 और 2022 में शर्मनाक हार दी है, यह सिलसिला 2024 ही नहीं आगे भी जारी रहने वाला है। कहा कि मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। लॉ एंड ऑर्डर पर दिए गए अखिलेश यादव के बयान पर भी तीखा जवाब दिया। कहा कि योगी जी के नेतृत्व की भाजपा सरकार में चारों ओर अमन और चैन है। अपराधियों को पिछली सरकारों की तरह वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं दिया जाता।

# ऑनलाइन ठगी की शिकार हुई अभिनेत्री सुरभि

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के बीच ऑनलाइन ठगी का खेल भी बढ़ गया है। होटल और धर्मशालाओं में कमरों की बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी की आए दिन शिकायतें आ रही हैं।



कहानी घर-घर की, शगुन, कुमकुम, एक प्यारा सा बंधन, दीया और बाती जैसे टीवी सीरियलों की चर्चित अभिनेत्री सुरभि तिवारी भी गिरोह का शिकार हुई हैं।

सुरभि तिवारी की शिकायत है कि रामजन्मभूमि दर्शन यात्रा के लिए उन्होंने अयोध्या में ऑनलाइन होटल की तलाश की, लेकिन होटल खाली नहीं मिला। धर्मशाला की तलाश के लिए वेबसाइट से नंबर निकाला। एक धर्मशाला के नंबर पर वार्ता की और व्हाट्सएप पर फोटो व ब्यौरा मंगाया। इसके बाद उन्होंने धर्मशाला में कमरे की बुकिंग के नाम पर पांच हजार रुपये गूगल पे कर दिया। पूरी रकम की रसीद न देने पर शंका हुई और छानबीन कराई तो पता चला कि उनके साथ फर्जीवाड़ा हो गया।

### अब तक 80 लोगों से हो चुकी है ठगी

आए दिन ठगी की शिकायतों से आजिज जानकी महल ट्रस्ट के प्रबंधक ने शनिवार को साइबर क्राइम थाने पर लिखित शिकायत दी है। प्रबंधक आदित्य सुल्तानियां ने पत्रकार वार्ता कर बताया कि जानकी महल ट्रस्ट के कमरों की आनलाइन बुकिंग नहीं होती और हमारा धर्मशाला आगामी फरवरी तक पूरी तक बुक हैं। संस्था की कोई बेवसाइट भी नहीं है। इसके बावजूद मिलते जुलते नाम की फर्जी बेवासाइट बनाकर 80 से ज्यादा लोगों से एक करोड़ से ज्यादा की रकम ठगी की बात सामने आ चुकी है।

## गठबंधन से चर्चाओं के बीच माया बोलीं, अकेले लड़ेंगे चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● बसपा प्रमुख ने किसी तीसरे मोर्चे और किसी के साथ गठबंधन करने के अटकलों पर लगाया विराम

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के इंडिया गठबंधन में शामिल होने अथवा कोई तीसरा मोर्चा बनाने की चर्चाओं के बीच बसपा प्रमुख मायावती ने स्थिति स्पष्ट की है। बसपा प्रमुख ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया पोस्ट करते हुए इन दोनों संभावनाओं से इंकार किया है।



मायावती ने अपनी पोस्ट में शनिवार को लिखा है कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना गलत है। उन्होंने सुझाव दिया कि मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए। मायावती के मुताबिक, ऐसी अफवाहों से लोग भी सावधान रहें। ख़ासकर उप्र. में बसपा की काफी मजबूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। किन्तु बहुजन समाज के हित में बीएसपी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है। पहले भी मायावती ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह स्पष्ट किया था कि बसपा लोकसभा का चुनाव अकेले ही लड़ेगी और वह किसी भी दल के साथ गठबंधन में शामिल नहीं होंगी।

## शीघ्रता से करें जन समस्याओं का समाधान : मुख्यमंत्री

**लखनऊ, अमृत विचार :** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। इत्मीनान से उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए, इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनता की हर समस्या का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। इनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं।

# राम मंदिर में संदिग्धों को पहचानेगा एफआर सिस्टम

अयोध्या कार्यालय

● रामनवमी से पहले ही कंट्रोल रूम में लगाने की है तैयारी

**अमृत विचार :** राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रामनवमी से पूर्व परिसर स्थित कंट्रोल रूम में फेस रिकग्नेशन (एफआर) सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इससे तीर्थ यात्रियों के बीच संदिग्धों की पहचान हो सकेगी। किसी संदिग्ध के दिखने पर कंट्रोल रूम में स्थापित सॉफ्टवेयर संबंधित संदिग्ध की जानकारी स्क्रीन पर ब्योरे के साथ प्रदर्शित करेगा और सुरक्षा में लगे कर्मियों को संकेत भेजेगा।

शनिवार को मंदिर निर्माण समित की बैठक के दूसरे दिन की अध्यक्षता चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने की। उन्होंने सबसे पहले परिसर का निरीक्षण किया। बैठक के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर का ग्राउंड फ्लोर प्राण प्रतिष्ठा की दृष्टि से तैयार हो चुका था, लेकिन उसके बाद जो शेष स्तभों में तराशी का कार्य प्रारंभ करने के लिए 200 कारीगरों को लगाया गया है। मंदिर के प्रथम तल के छत का कार्य शेष रह गया है। वह किस क्रम में तैयार किया जाएगा। इसे लेकर मंथन हुआ है। इसके बाद दूसरे तल का कार्य भी किस तरह प्रारंभ होगा। इस पर विस्तृत चर्चा हुई है। दिसंबर 24 तक मंदिर का शिखर तक का कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। मंदिर के पराकोट में लगभग 8000 घनफीट पत्थर लगने वाला है।


## वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1. 1. खाद्य पदार्थ का बासी हो जाना 2. खाने-पीने के पदार्थों से बदबू आना गंधाना, सड़ना।
4. सूबेदार का ओहदा या पद, सूबेदार का कार्य।
6. वह कागज़ जिसपर इकरार और उसकी शर्तें लिखी हों, शपथपत्र, प्रतिज्ञापत्र।
7. 1. जो वैधानिक न हो, अवैधानिक 2. अकरणीय, अकर्तव्य।

**ऊपर से नीचे**

2. समान जाति से संबंधित, समान जाति या प्रकार के।
3. अनुपम, उत्कृष्ट, बेहतरीन, बेजोड़।
4. 1. प्राचीनकाल में सूबे अर्थात प्रांत का प्रधान अधिकारी अथवा प्रादेशिक शासक, (गवर्नर) 2. वर्तमान में फ़ौज का एक छोटा अधिकारी।
5. 1. हिम का घर 2. हिमालय पर्वत।
6. 1. बाण, तीर 2. (ज्यामिति) वृत्त के अंदर जीवा के मध्य-बिंदु से परिधि तक खींची जाने वाली सीधी रेखा।



### वर्ग पहेली -4 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 गु | | | | | 2 ते |
| 3 जु | ला | ब | | 4 खं | | गा |
| | ब | | 5 सौ | गा | त | |
| | 6 पा | नी | दा | र | | 7 बि |
| | श | | सू | | | खे |
| 8 साँ | | 9 इं | त | हा | | र |
| ड़ | | | | | | ना |

### सुडोकू -84

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 7 | | 5 | | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 1 | | | |
| 2 | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | | 2 | 5 | 4 | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | 6 | 1 | | | 8 | | |
| 5 | | | | 7 | | | | 2 |
| 4 | | | 9 | | 3 | | 6 | |
| | | | | 1 | 8 | | 9 | |

### सुडोकू -83 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 14.29 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पूर्वभाद्रपद 11 मार्च 01.55 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष:** आज व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। लंबित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है।

**वृष:** आज मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा, जो लोग आपके विरुद्ध थे,वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बनाएंगे। व्यापार में जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**मिथुन:** आज जॉब में बदलाव करने का विचार बनाएंगे। प्रेम संबंधों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी। अपने काम को लेकर सतर्क रहें। समय के अनुसार अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क:** आज रक्तचाप और किडनी के रोगियों की परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी। किसी भी तरह की उधारी न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें।

**सिंह:** आज माता के स्वास्थ्य की चिंत रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। ऑफिस में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। आपको ज्यादा मेहनत करने के बाद ही अच्छे परिणाम मिलेंगे। ट्रैफिक नियमों में लापरवाही न करें।

**तुला:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में परिजन किसी बात से रुष्ट हो सकते हैं। अपनी धार्मिक वृत्तियों का प्रदर्शन ज्यादा न करें। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**वृश्चिक:** आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण करें। आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**धनु:** आज बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं। अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**मकर:** आज संपत्ति विवाद से दूर रहें। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ:** आज ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। बॉस से बेवजह कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में अपनी दखलंदाजी न करें। अपनी बातों को दूसरों से मनवाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

**मीन:** आज सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
खुद्दार — दोपहर : 12.00
मेला — रात : 08.39

**SONY PIX**
एक्वामैन — सुबह : 09.52
स्पाइडर मैन — रात : 07.59

**SONY MAX**
अर्जुन पटियाला — सुबह : 10.56
हसीन दिलरुबा — रात : 07.00

**ZEE CINEMA**
कार्तिक कॉलिंग कार्तिक — सुबह : 10.30
रेस 3 — शाम : 04.30

**colors CINEPLEX**
बेटा — दोपहर : 12.03
मैं हूं ना — रात : 08.02

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे


एक बार एक दामाद शराब पी के घर लौटा। ससुराल वाले से बचने के लिए सूटकेस खोलकर काम करने लगा।
ससुर-आज फिर पी के आए हैं
दामाद-नहीं
ससुर-तो सूटकेस खोल के क्या रेडियो स्टेशन लगा रहे हैं।
ससुर की बात सुनकर दामाद का सारा नशा उतर गया।

गोलू पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी-कितना कमा लेते हो?
गोलू-20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू-मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

# हमने पूर्वोत्तर में पांच साल में जो किया, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लगतेः मोदी

ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर के राज्यों में किया 55,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले पांच साल में पूर्वोत्तर भारत में जिस तरह का विकास कार्य किया है, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लग जाते। प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में एक जनसभा में कहा-दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के साथ भारत के व्यापार, पर्यटन और अन्य संबंधों में पूर्वोत्तर एक मजबूत कड़ी बनेगा। आज यहां 55,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश आने वाला कोई भी व्यक्ति स्पष्ट रूप से देख सकता है कि मोदी की गारंटी क्या है। उन्होंने कहा, ''पूरा पूर्वोत्तर देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं, तब विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के नेता उन पर हमला कर रहे हैं।

**मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का किया उद्घाटनः** मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का शनिवार को उद्घाटन किया जो अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक हर मौसम में संपर्क सुविधा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि 2019 में सेला सुरंग की नींव रखे जाने के बाद इसका का उद्घाटन मोदी की गारंटी का प्रमाण है।

### सिलीगुड़ी को 4,500 करोड़ रुपये की सौगात

**सिलीगुड़ी।** प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तरी पश्चिम बंगाल में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शनिवार को लोकार्पण किया। मोदी ने राज्य की अपनी तीसरी यात्रा के दौरान क्षेत्र के सबसे बड़े शहर सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी मौजूद थे।

### पीएम ने त्रिपुरा में बंदरगाह का किया उद्घाटन

**अगरतला।** प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम में तीसरे भूमि बंदरगाह का शनिवार को वर्चुअली उद्घाटन किया, जिसका मकसद बांग्लादेश के चटगांव समुद्री बंदरगाह के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ देश के पूर्वोत्तर के व्यापार को अधिक सुविधाजनक बनाना है। भारत ने त्रिपुरा को बांग्लादेश से सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए फेनी नदी पर पहले ही एक पुल का निर्माण किया है।

## मोदी ने बोड़फूकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

**जोरहाट (असम)।** प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वी असम के जोरहाट में 'अहोम सेनापति' लचित बोड़फूकन के समाधि स्थल पर उनकी 125 फुट ऊंची कांसे की प्रतिमा का शनिवार को अनावरण किया। इस 'स्टैच्यू ऑफ वेलर' (वीरता की प्रतिमा) की ऊंचाई 84 फुट है और इसे 41 फुट की चौकी पर स्थापित किया गया है। इससे यह संरचना 125 फुट ऊंची हो गयी है। प्रधानमंत्री ने टोक के समीप होलोंगापार में लचित बोड़फूकन मैदाम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में इस प्रतिमा का अनावरण किया। 16.5 एकड़ से अधिक के इस क्षेत्र का विकास एक पर्यटक स्थल के रूप में किया जा रहा है जो क्षेत्र के इतिहास को दर्शाता है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने फरवरी 2022 में इस प्रतिमा की नींव रखी थी।

## भगवान राम यदि इस युग में होते तो उनके पीछे भी ईडी और सीबीआई को लगा देते

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि अगर भगवान राम इस युग में होते तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को उनके पीछे भी लगा देती।

उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार 'विकास' के मॉडल पर काम कर रही है जबकि भाजपा विपक्षी दलों को खत्म करके तथा उनकी सरकारों को गिराकर 'विनाश' का मॉडल अपना रही है। हाल ही में 'आप' सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किए गए 2024-25 बजट पर सदन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि यह इतना अच्छा बजट है कि लोग अब कह रहे हैं कि आप-कांग्रेस गठबंधन दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतेगा। केजरीवाल ने उन्हें 8 समन भेजे जाने का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा की योजना उन्हें गिरफ्तार करके जेल भेजने और सरकार को गिराने की है। केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-अगर भगवान राम इस युग में होते तो भाजपा ईडी और सीबीआई को उनके घर भेज देती और उनसे बंदूक के बल पर कहती कि वह भाजपा के साथ आएंगे या जेल जाएंगे।

## इंद्रलोक में नमाज से जुड़ी घटना के बाद सुरक्षाकर्मी तैनात

**नई दिल्ली।** इंद्रलोक में 'नमाज' पढ़ रहे लोगों को धक्का देने तथा 'लात' मारने की घटना के लिए दिल्ली पुलिस के एक उपनिरीक्षक को निलंबित किए जाने के एक दिन बाद इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। अधिकारियों ने बताया कि अर्द्धसैन्य बलों की कम से कम तीन टुकड़ियों के साथ ही स्थानीय पुलिस शनिवार को उत्तरी दिल्ली में इंद्रलोक और उसके आसपास के इलाकों में तैनात रहेगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इलाके में शांति कायम करने के लिए एक शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक भी की। वहीं संयुक्त पुलिस आयुक्त (उत्तर) परमादित्य ने शनिवार को बताया कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और इलाके में शांति है। परमादित्य ने बताया-हमारे अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

## एक नजर

### अरुणाचल के पूर्व सीएम ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी ने आगामी लोकसभा और विस चुनावों से पहले कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी के एक नेता ने शनिवार को बताया कि पार्टी के तीन विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद तुकी ने शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) को अपना इस्तीफा भेजा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव ग्यामर ताना ने कहा-विधायकों को अन्य राजनीतिक दलों में जाने से नहीं रोक पाने के कारण पूर्व मुख्यमंत्री ने नैतिक आधार पर इस्तीफा दे दिया।

### राजस्थान में चाकू घोंपकर कांस्टेबल की हत्या

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में दो पक्षों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सरूपगंज थाने में तैनात कांस्टेबल निरंजन सिंह की ड्यूटी शुक्रवार रात लौटाना गांव में आयोजित हो रहे शिवरात्रि मेले में थी। उसने बताया कि मेले में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई और कांस्टेबल ने बीच बचाव किया। इसी दौरान किसी ने सिंह की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## सोनिया और लालू का एकमात्र लक्ष्य बेटों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना

पटना, एजेंसी

- गृह मंत्री अमित शाह ने पटना के एक सम्मेलन में लगाया आरोप



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का एकमात्र लक्ष्य अपने-अपने बेटों को क्रमशः प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है।

शाह ने पटना के पालीगंज प्रखंड में भाजपा के ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित पिछड़ा-अतिपिछडा महासम्मेलन में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बिहार दौरे का जिक्र करते हुए कहा-अभी-अभी मोदी जी आए थे, उन्होंने देश भर में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया है। मगर मोदी जी को बिहार की जनता की ओर से एक विशेष बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं । इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव जी सत्ता में रहे, लेकिन उन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया। बिहार के पिछड़ा वर्ग के हितैषी और बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। उन्होंने आरोप लगाया-कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपने परिवार का सम्मान किया। लालू जी ने भी पूरा जीवन पिछड़ों के नाम पर अपने परिवार के लिए जीया।

शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। लालू जी का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। मुझे बताइए, जो अपने बेटे-बेटियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना चाहते हों, वे आपके बेटे का भला कर सकते हैं क्या। उन्होंने कहा-पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग, गरीब और दलित का अगर कोई भला कर सकता है तो केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी कर सकती है, इसलिए हमने कई प्रकार के काम गरीबों के लिए किया है। नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के अंदर पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग के लिए ढेर सारे काम किए हैं। लालू जी जिसकी गोदी में बैठे हैं, उस कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग का अपमान किया।

## कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद राजूखेड़ी भाजपा में शामिल

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कांग्रेस के साथ पांच दशक के अपने जुड़ाव को अलविदा कह दिया और शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए।

पचौरी, पूर्व सांसद गजेंद्र राजूखेड़ी और कांग्रेस के कई पूर्व विधायक सुबह भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

**कांग्रेस पार्टी को लगा एक बड़ा झटका**

यह कदम मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि पार्टी छोड़ने वाले उसके सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है। गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले 71 वर्षीय पचौरी केंद्रीय रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह कांग्रेस के चार बार राज्यसभा सदस्य भी रहे हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पचौरी ने कांग्रेस की आलोचना की।

## बोफोर्स मामलाः हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** राजनीतिक रूप से संवेदनशील 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स घूस कांड में हिंदुजा बंधुओं के खिलाफ लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को रद करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 2005 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक अर्जी दाखिल की गई है।

अधिवक्ता अजय अग्रवाल की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि शीर्ष अदालत ने दो नवंबर, 2018 को उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अर्जी खारिज कर दी थी। इसमें यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी उस फैसले के खिलाफ उनके द्वारा दायर अपील में सभी आधार उठा सकती है।

## पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा सांसद कुनार हेम्ब्रम ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कुनार हेम्ब्रम ने शनिवार को कहा कि उन्होंने लोकसभा की सदस्यता और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। हेम्ब्रम ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने निजी कारणों से यह फैसला लिया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा-हेम्ब्रम ने कुछ दिन पहले पार्टी को अपने फैसले के बारे में सूचित किया था। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने पराजय को भांपते हुए इस्तीफा दिया है। तृणमूल सांसद शांतनु सेन ने कहा-उन्हें पता है कि भाजपा सीट हारने वाली है।

## सपा को बुंदेलखंड से किसी दिग्गज की तलाश

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**खजुराहो संसदीय क्षेत्र**

- पिछले चुनाव में ददुआ के लड़के को उतारा था सपा ने
- उमा भारती की चुप्पी से सपा को होगा फायदा

**अमृत विचारः** इंडिया गठबंधन के तहत मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने बुंदेलखंड के अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र समाजवादी पार्टी को दिया है। 2019 में सपा ने दस्यु सरगना ददुआ के पुत्र वीर सिंह पटेल को यहां से उम्मीदवार बनाया था और उनकी जमानत जब्त हो गई थी। इस बार फिर सपा बुंदेलखंड के किसी दिग्गज को तलाश रही है जिसमें झांसी के दीप नारायण यादव का नाम सबसे आगे चल रहा है।

गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश में सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं और मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने मात्र एक सीट खजुराहो सपा को दी है। यदि 2009, 2014 एवं 2019 के चुनाव नतीजों पर नजर डालें तो सपा को तीनों बार पांच प्रतिशत से भी कम मत मिले हैं। लेकिन इस बार उसे कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की नाराजगी से जीत की संभावना है। 2019 में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद विष्णु दत्त शर्मा को 64.49 प्रतिशत एवं सपा के वीर सिंह पटेल को मात्र 3.19 प्रतिशत मत मिले थे। हालांकि उस समय कांग्रेस के पूर्व विधायक विक्रम सिंह नातीराजा की पत्नी कविता सिंह को 25 प्रतिशत से ज्यादा मत मिले थे। इसी तरह 2009 में भाजपा के विजयी उम्मीदवार नागेंद्र सिंह को 54.3 प्रतिशत एवं सपा के सिद्धार्थ कुशवाहा को 4.58 प्रतिशत मत मिले थे जबकि कांग्रेस के राजा पटेरिया को 26 प्रतिशत मत मिले थे। 2009 के चुनाव में भी सपा के उम्मीदवार जयवंत सिंह का प्रदर्शन सबसे खराब था। उन्हें मात्र तीन प्रतिशत मत मिले थे। जितेंद्र सिंह बुंदेला ने 39.33 प्रतिशत मत पाकर विजय हासिल की थी। इस प्रकार उक्त तीनों चुनावों में सपा का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं था लेकिन इस बार सपा ने एक सोची समझी रणनीति के तहत कांग्रेस से यह सीट अपने खाते में ली है। इसके पीछे दो बड़े कारण है। वहां से पांच बार चुनाव जीतने वाली पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का भाजपा से मोह भंग होना और जातीय समीकरण के तहत ब्राह्मणों के मुकाबले वहां पिछड़ा एवं दलित मतदाताओं की संख्या बहुत ज्यादा होना। पिछले चुनाव में बीजेपी ने चार दशक बाद ब्राह्मण उम्मीदवार शर्मा को मैदान में उतारा था।

जाति समीकरण के तहत ही इस बार सपा पिछड़े वर्ग के ऐसे उम्मीदवार को तलाश रही है जो आर्थिक रूप से भी संपन्न हो। जिसमें दीप नारायण यादव का नाम सबसे ऊपर है। खजुराहो संसदीय क्षेत्र छतरपुर, पन्ना एवं कटनी जिले के अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्रों में विभाजित है और सभी में भाजपा के विधायक हैं इसलिए यह सीट भाजपा के लिए मजबूत मानी जा रही है।

मध्य प्रदेश में सपा का पहली बार खाता खजुराहो संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चंदला विधानसभा क्षेत्र से विजय बहादुर सिंह बुंदेला ने खोला था और उनके नेतृत्व में सपा के एक-एक करके 7 विधायक भी निर्वाचित हुए थे लेकिन इस बार बुंदेला भाजपा में हैं।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1850, राज श्री 1380, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1810, फॉर्चुन ली0 1630, जय जवान 1450, सचिन 1540, सूरज 1475, अवसर 1580, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1720, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**-डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

## कीमतें नियंत्रित करने के लिए सभी उपाय करेंगे

### वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले-खाद्य पदार्थों के दामों पर काबू पाने में होंगे सफल

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार प्याज से लेकर टमाटर और दालों जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने किसी भी अस्थायी बढ़ोतरी के कुछ दिनों के भीतर दरों को नियंत्रित करने के मोदी सरकार के पिछले रिकॉर्ड का हवाला दिया। गोयल के पास खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय भी है।

उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करना जारी रखेगी कि "हमारी नारी-शक्ति" के घरेलू बजट पर कोई तनाव न हो। केंद्रीय मंत्री ने आम चुनावों से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण को लेकर सरकार की रणनीति के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा-हम इस पर काबू पाने में सफल रहेंगे... और मैं लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि यह सरकार भारत की महिलाओं की परवाह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खाद्य मुद्रास्फीति से लड़ने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष में लगभग 28,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। गोयल ने कहा-हम अपनी बहनों और माताओं के साथ आगे भी खड़े रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम उन्हें तनाव न दें... हम यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं कि हम अपनी नारी-शक्ति का सम्मान करते हैं और इस बात का सम्मान करते हैं कि उन्हें अच्छा घरेलू बजट मिलना चाहिए। चुनाव आयोग जल्द ही आम चुनाव की घोषणा कर सकता है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है।

### आईपीआर कानून से विकास को तेजी से बढ़ावा मिला



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानून से देश में अनुसंधान और विकास को तेजी से बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा-हम आईपीआर कानूनों को सुविधा तथा प्रोत्साहन देने वाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं, और निश्चित रूप से ये कानून अनुसंधान एवं विकास की प्रक्रिया में बाधा नहीं है। हमने कई कदम उठाए हैं और मैं इस विशेष नीति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि इस नीति को 2016 में काफी विचार-विमर्श के बाद लाया गया। वित्त मंत्री ने पेटेंट कानून पर न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि जो लोग नवाचार करना चाहते हैं, उन्हें यह कानून सुरक्षा देता है। सीतारमण ने कानून का विवरण साझा करते हुए कहा कि आठ अलग-अलग वस्तुएं, जिनका बौद्धिक संपदा से कुछ संबंध हैं, उन सभी को एक छतरी के नीचे एक साथ लाया गया है।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,300-50,500 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 67,700 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 40, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |


**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## भारत, ईएफटीए आज करेंगे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकारी ने कहा-समझौते को 7 मार्च को मिल चुकी है मंजूरी




भारत और यूरोपीय समूह 'ईएफटीए' आपस में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चार सदस्य-आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस समझौते को 7 मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई। समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) कहा गया। उन्होंने कहा कि एफटीए के इतिहास में पहली बार ईएफटीए से भारत में लक्ष्य-उन्मुख निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के बारे में एक कानूनी प्रतिबद्धता को समझौते में शामिल किए जाने की उम्मीद है।

## रेल मंत्री ने वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का किया अनावरण

**बेंगलुरु।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) संयंत्र में वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का अनावरण किया। बीईएमएल रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता है और रक्षा, अंतरिक्ष, खनन, निर्माण, रेल और मेट्रो जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए उत्पाद बनाता है। इसे वंदे भारत शयनयान के 10 ट्रेनसेट (160 डब्बे) बनाने का ठेका मिला है। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के तीन संस्करण हैं - चेयर कार (कुर्सी यान), स्लीपर (शयनयान) और मेट्रो। जहां कुर्सीयान खंड पहले ही पेश हो चुका है।

## बाजार में सोने की बढ़ रही रफ्तार, 68 हजार का आंकड़ा छूने को है तैयार



नीरज मिश्र, लखनऊ

- चांदी की कीमत 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम
- 6 दिनों से कीमतों में बढ़ोत्तरी जारी, रोजमर्रा के ग्राहक हुए कम

| तिथि | सोना 24 कैरेट रु. प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 04 मार्च | 63,800 |
| 09 मार्च | 67,700 |

नोट-यह आंकड़ा इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन इब्जा के नार्थ इंडिया हेड द्वारा दिया गया है।

**25 साल में सोने की चमक का सफर**

| वर्ष | सोने की कीमत (प्रति 10 ग्राम) |
|---|---|
| 2000 | 4,400 |
| 2010 | 18,500 |
| 2020 | 48,651 |
| 2024 मार्च | 67,700 |

नोट-आंकड़ा सर्राफा वरिष्ठ व्यापारी एवं लखनऊ सर्राफा के संगठन प्रमुख कैलाश चंद्र जैन द्वारा दिया गया है।

**अमृत विचारः** वैश्विक बाजार में होते बदलाव और परिस्थितियों ने सोने की चमक को और बढ़ा दिया है। हाल यह है कि सोने की कीमतों रफ्तार रुकने को तैयार नहीं है। आज देर शाम के बाजार भाव पर नजर डाली जाए तो सोना 67,700 रुपये प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया है। बाजार में स्वर्ण की कीमतों की गति यही रही तो एक-दो दिनों में 24 कैरेट की इस पीली धातु की कीमत 68,000 रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी।

बाजार में रोजमर्रा के खरीदार कम है लेकिन ठोस निवेशकों का रुख इस ओर दिख रहा है तभी बाजार में सोना चमक रहा है। वहीं मामूली बढ़ोत्तरी के साथ चांदी की कीमत 75,500 रुपया प्रति किलो है। सर्राफा कारोबारियों का मानना है कि नित नए आयाम गढ़ रहे सोने की कीमतों से बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।

वहीं आदीश जैन (संयुक्त मंत्री, लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन) ने बताया कि सोने की इस तेजी से बाजार में ग्राहक कम हैं। रोजमर्रा, त्योहारी और सहालग के सीजन के लिए खरीदारी करने वाले भी कीमतें थमने का इंतजार कर रहे हैं। मात्र छह दिन में चार से साढ़े चार हजार रुपये तोला की बढ़ोत्तरी कारोबार पर भी भारी पड़ रही है। वजह सभी सोच रहे हैं कि कहीं खरीदते ही कीमतों में छलांग लगा रहा सोना अचानक नीचे न पहुंच जाए जिससे नुकसान की भरपाई मुश्किल हो जाए।

> बाजार में चढ़ता सोने का भाव निश्चित तौर पर अनिश्चितता का माहौल बना रहा है। ग्राहक सोच रहा है कि वह खरीदारी करे या रुके। फिलहाल वैश्विक उथल-पुथल से ऐसा दिख नहीं रहा है कि बाजार में स्वर्ण धातु की चमक से बहुत बड़ी गिरावट आने वाली है। मार्केट में तेजी है कहां रुकेगी कहना मुश्किल है। पिछले छह दिनों की रिकार्ड तेजी बता रही है कि सोना 68 ही नहीं 70 हजार का आंकड़ा छूने में अब ज्यादा वक्त लगने वाला नहीं है।
>
> **-अनुराग रस्तोगी,** स्टेट हेड इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन।

> पचीस साल के सफर में जिस तरह से सोने का भाव चढ़ रहा है ऐसा देखने को कम ही मिलता है। लंबे समय से सोने की कीमतें उछाल पर हैं। पीली धातु के भाव में कब नरमी आएगी फिलहाल कहा नहीं जा सकता है। लेकिन बाजार बहुत तेज है। ग्राहक कम हैं। निवेशक कीमतों में नरमी और तेजी को सूंघ रहे हैं। बाजार और कारोबारी अनिश्चिता भरे माहौल से उबर नहीं पा रहा है।
>
> **-कैलाश चंद्र जैन,** वरिष्ठ व्यापारी और लखनऊ सर्राफा के संगठन प्रमुख।

## एनसीएलटी ने इफको को अंतरिम राहत देने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने स्वान एनर्जी-इफको के संयुक्त उद्यम ट्रायम्फ ऑफशोर से कहा है कि वह अल्पांश शेयरधारक इफको के मुद्दों पर चर्चा के लिए चार अप्रैल से पहले एक बोर्ड बैठक आयोजित करे। इफको ने जलपोतों को संचालित करने की व्यवहार्यता के संबंध में कुछ सवाल उठाए थे। एनसीएलटी ने इफको की याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख चार अप्रैल तय की है। न्यायाधिकरण ने हालांकि इफको को अंतरिम राहत देने से इनकार किया। इफको ने कहा था कि उसकी मंजूरी के बिना संयुक्त उद्यम काम करने से रोका जाए।

# इंग्लैंड पर पारी और 64 रन से जीत

## भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती, बैजबॉल शैली पर इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार

धर्मशाला, एजेंसी



प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव



रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट के एक पारी में 5 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त देकर उसकी 'बैजबॉल' शैली पर भी प्रश्न चिह्न लगा दिया। भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती। यह 'बैजबॉल' शैली अपनाने के बाद इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है।

इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 218 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में ही 195 रन पर सिमट गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने 84 रन बनाए। भारत श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था, लेकिन वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक लेने के लिए प्रतिबद्ध था। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने यह विराट कोहली और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में हासिल की। ऐसे में यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों ने मौके का फायदा उठाया। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। भारत ने पहली पारी में सुबह केवल 4 रन जोड़कर अपने बचे दो विकेट गंवाए। जेम्स एंडरसन इस बीच टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने। उन्होंने कुलदीप (30) को विकेट के पीछे कैच करा कर यह उपलब्धि पाई। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर (5 विकेट) ने जसप्रीत बुमराह (20) को आउट कर पांचवा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने इसके बाद आक्रामक रूख अपनाया और विकेट गंवाए। कप्तान बेन स्टोक्स (2) को लंच से ठीक पहले अश्विन ने पवेलियन भेजा।

रोहित शर्मा पीठ में जकड़न से मैदान पर नहीं उतरे, ऐसे में बुमराह ने टीम की अगुआई कर अश्विन के साथ नई गेंद संभाली। अश्विन ने एक बार फिर बेन डकेट (2) को नहीं टिकने दिया। ये बल्लेबाज पिछले मैचों में भी अश्विन के सामने संघर्ष करता रहा। पिच से टर्न और उछाल मिल रही थी और ऐसे में अश्विन ने जैक क्रॉली (0) के लिए लेग स्लिप लगाई। उनकी गेंद इंग्लैंड के बल्लेबाज के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर लेग स्लिप में खड़े सरफराज खान के हाथों में चली गई। अश्विन ने ओली पोप (19) के रूप में तीसरा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाज ने सीधी गेंद पर स्क्वायर लेग पर कैच दिया। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (31 गेंद पर 39 रन) ने रूट के साथ मिलकर आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने अश्विन पर 3 छक्के भी लगाए लेकिन कुलदीप ने उन्हें पगबाधा कर दिया। इस बीच उनकी पहली स्लिप में खड़े शुभमन गिल से नोक-झोंक भी हुई। लंच के बाद भी कहानी नहीं बदली और भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाजों की नहीं चली। बेन फॉक्स (8) ने अश्विन की गेंद पर स्वीप करना चाहा लेकिन वहां बोल्ड हो गए। अश्विन ने इस तरह से 36वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। बुमराह ने इसके बाद टॉम हार्टली और मार्क वुड के विकेट लेकर भारत की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी) 477/10 (124.1 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन | 30 | 69 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह स्टं फोक्स बो बशीर | 20 | 64 | 2/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 02 | 0/0 |

अतिरिक्त : 6, विकेट पतन : 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, 9-477, 10-477, गेंदबाजी : जेम्स एंडरसन 16-2-60-2, मार्क वुड 15- 1-89-0, टॉम हार्टली 39-3-126-2, शोएब बशीर 46.1-5-173-5, बेन स्टोक्स 5-1-17-1, जो रूट 3-0-8-0

**इंग्लैंड (पहली) 218 (दूसरी पारी) 195/10 (48.1 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाक क्राउली का सरफराज बो अश्विन | 00 | 16 | 0/0 |
| बेन डकेट बो अश्विन | 02 | 05 | 0/0 |
| ओली पोप का यशस्वी बो अश्विन | 19 | 23 | 3/0 |
| जो रूट का बुमराह बो कुलदीप | 84 | 128 | 12/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप | 39 | 31 | 3/3 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 02 | 10 | 0/0 |
| बेन फोक्स बो अश्विन | 08 | 17 | 0/0 |
| टॉम हार्टले पगबाधा बो बुमराह | 20 | 24 | 4/0 |
| मार्क वुड पगबाधा बो बुमराह | 00 | 02 | 0/0 |
| शोएब बशीर बो जडेजा | 13 | 29 | 3/0 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 00 | 05 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8, विकेट पतन : 1-2, 2-21, 3-36, 4-92, 5-103, 6-113, 7-141, 8-141, 9-189, 10-195, गेंदबाजी : बुमराह 10-2-38-2, अश्विन 14-0-77-5, रविंद्र जडेजा 9-1-25-1, कुलदीप 14.1-0-40-2, मोहम्मद सिराज 1-0-8-0

# लोग क्या सोचते हैं इससे मैं असहज नहीं: अश्विन

धर्मशाला, एजेंसी



रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान विभिन्न एक्शन और गति पर काम किया। उन्होंने कहा कि बाहरी प्रतिक्रियाओं पर ध्यान दिए बिना प्रयोग करना उनकी सफलता का राज है। इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया अंतिम टेस्ट अश्विन का 100वां टेस्ट मैच था। उन्होंने इस श्रृंखला में 26 विकेट लिए। अश्विन ने पांचवें मैच में भारत की पारी और 64 रन से जीत के बाद कहा कि पूरी श्रृंखला के दौरान मैंने भिन्न एक्शन और गति से गेंदबाजी की। यहां प्रत्येक मैदान से जुड़ी चुनौतियां होती हैं। लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं, इसको लेकर मैं कभी असहज महसूस नहीं करता हूं। उन्होंने कहा कि अगर मुझे विश्वास है कि मैं कुछ नया करने की कोशिश कर सकता हूं तो फिर मैं उससे पीछे नहीं हटता। मैं अच्छा फीडबैक लेने के लिए अपने कान और आंखें हमेशा खुली रखता हूं। मेरा कोई एक तरीका काम नहीं कर रहा है लेकिन सौभाग्य से प्रयोग करना और कुछ नया सीखने से मुझे मदद मिली है।

### गुरु कुंबले को अश्विन ने छोड़ा पीछे

रविचंद्रन अश्विन ने धर्मशाला के मैदान पर अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। उन्होने एक पारी में 5 विकेट लेने के मामले में अपने आदर्श अनिल कुंबले को भी पीछे छोड़ दिया। अश्विन की गेंदबाजी की बदौलत भारत ने धर्मशाला टेस्ट मैच जीत लिया। अश्विन ने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके टेस्ट करियर का यह 36वां मौका था जब उन्होने एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए। इससे पहले पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले यह 35 बार दोहरा चुके हैं। रविचंद्रन अश्विन इसके अलावा 100वें टेस्ट में फाइव विकेट हॉल लेने वाले भी चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन, अनिल कुंबले और शेन वॉर्न ने ही ऐसा किया था।

## खेल डायरी

### पीसीआई के नए अध्यक्ष झाझरिया ने कहा, पेरिस पैरालंपिक में 30 पदक जीतना होगा लक्ष्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने इस पद पर चुने जाने के बाद कहा कि पेरिस पैरालंपिक में भारत का लक्ष्य 30 पदक जीतना होगा जो तोक्यो में जीते गए पदकों से 11 अधिक हैं। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य सहित 19 पदक जीते थे। झाझरिया ने इन खेलों में भाला फेंक में रजत पाया था। झाझरिया ने कहा कि पेरिस खेलों में हमारा लक्ष्य 30 पदक जीतने का होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पैरा खेल और पैरा खिलाड़ियों पर ध्यान दे रही है। हमने 2016 में रियो में अच्छा प्रदर्शन किया था तथा तोक्यो में 19 पदक जीते थे।

### स्वियातेक आसान जीत के साथ अगले दौर में

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अमेरिका की डेनियल कोलिन्स को हराकर बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। स्वियातेक की अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ पांचवीं जीत है। स्वियातेक की सत्र में यह 15वीं जीत है। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में एंजेलिक कर्बर ने येलेना ओस्टापेंको को पराजित किया। पुरुष वर्ग में यानिक सिनर ने थानासी कोकिनाकिस पर जीत दर्ज की जबकि आंद्रे रुबलेव ने एंडी मरे को हराया। एलेजांद्रो टैबिलो, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, स्टेफानोस सितसिपास और एलेक्स डी मिनौर ने भी जीत हासिल की।

### एनसीएए फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने परवेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान शनिवार को अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने। एनसीएए दुनिया की प्रतिस्पर्धी कॉलेज प्रतियोगिता है जिसमें परवेज ने बोस्टन में पुरुष वर्ग की एक मील की स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। खान ने 3 मिनट 57.126 सेकेंड में एक मील की रेस में तीसरे स्थान पर रहकर एनसीएए इंडोर ट्रैक एवं फील्ड चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। 19 साल का भारतीय फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहा था, जिन्हें पिछले साल वहा कॉलेज स्कॉलरशिप मिली थी।

### हुसामुद्दीन विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर से बाहर

**बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी।** भारत के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन की चोट से उबरने के बाद वापसी निराशाजनक रही और वह पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 57 किग्रा भार वर्ग में आयरलैंड के जूड गैलाघेर से हार गए। वह विश्व चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल के दौरान बाएं घुटने में लगी चोट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। हुसामुद्दीन ने बर्मिंघम खेलों के चैंपियन गैलाघेर को बढ़त हासिल करने का मौका दिया।

# हरमनप्रीत के नाबाद 95 रन से मुंबई ने गुजरात को हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद 95 रन की मदद से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को गुजरात जाइंट्स को 7 विकेट से हरा दिया।



हरमनप्रीत कौर

95 रन | 48 गेंद | 10 चौके | 5 छक्के

हरमनप्रीत ने 48 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और 5 छक्के लगाए। वहीं यास्तिका भाटिया ने 36 गेंद में 49 रन की पारी खेली। इससे पहले कप्तान बेथ मूनी और डी हेमलता के अर्धशतकों की मदद से गुजरात जाइंट्स ने 7 विकेट पर 190 रन बनाए थे लेकिन मुंबई ने 1 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। यास्तिका और हेली मैथ्यूज (18) ने मुंबई को शानदार शुरूआत दिलाते हुए 6.3 ओवर में 50 रन जोड़े। यास्तिका और नेट स्किवेर ब्रंट टीम के 100 रन बनने से पहले आउट हो गई। आखिरी 5 ओवर में मुंबई को 72 रन की जरूरत थी। हरमनप्रीत ने 40 के स्कोर पर स्नेह राणा की गेंद पर सीमारेखा के पास फोबे लिचफील्ड से मिले जीवनदार का फायदा उठाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। उन्होंने चौथे विकेट के लिए एमेलिया केर (12) के साथ 38 गेंद में 93 रन की साझेदारी की। उन्होंने राणा के डाले 18वें ओवर में 24 रन बनाए। इससे पहले गुजरात ने टॉस जीतकर



बल्लेबाजी की। उसने लौरा वोल्वार्ट (13) का विकेट जल्दी गंवा दिया, जिन्हें हेली मैथ्यूज ने आउट किया। मूनी ने 35 गेंद में 8 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। वहीं हेमलता ने 40 गेंद में 74 रन बनाए जिसमें 9 चौके और 2 छक्के थे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 11 ओवरों में 121 रन की साझेदारी की। मूनी ने नेट स्किवेर ब्रंट को स्ट्रेट छक्का लगाया और शबनम को दो चौके मारे। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर को मूनी ने विकेटकीपर के पीछे से स्कूप शॉट पर दो छक्के लगाए। हेमलता ने एमेलिया केर को दसवें ओवर में दो चौके और एक छक्के समेत 15 रन निकाले। मूनी ने अपना अर्धशतक 27 गेंद में पूरा किया और हेमलता ने 28 गेंद में यह आंकड़ा छुआ। मूनी 14वें ओवर में स्ट्रेटेजिक टाइम आउट के बाद अपना विकेट गंवा बैठी जिससे गुजरात की रन गति पर अंकुश लगा।

### विमेंस प्रीमियर लीग

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| मुंबई | 7 | 5 | 2 | 10 | 0.343 |
| दिल्ली | 6 | 4 | 2 | 8 | 1.059 |
| बेंगलुरु | 6 | 3 | 3 | 6 | 0.038 |
| यूपी | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.365 |
| गुजरात | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.111 |

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**गुजरात जायंट्स :** 190/7, दयालन हेमलता 74, बेथ मूनी 66, भारती फूलमाली 21*, लॉरा वुलफ़ार्ट 13। **विकेट :** हेली मैथ्यूज़ 1, शबनिम इस्माइल 1, साइका इशाक़ 2, पूजा वस्त्रकर 1 संजीवन सजना 1

**मुंबई इंडियंस :** 191/3, हरमनप्रीत 95*, यास्तिका 49, हेली मैथ्यूज़ 18, एमेलिया 12*, । **विकेट :** एश्ली गार्डनर 1, तनुजा 1, शबनम 1

# एंडरसन बने 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज

धर्मशाला, एजेंसी

इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। अपना 187वां टेस्ट मैच खेल रहे 41 वर्षीय एंडरसन ने शनिवार को भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन कुलदीप यादव को विकेट के पीछे कैच कराकर अपना 700वां विकेट लेकर इतिहास रच दिया।

उन्होंने शुक्रवार को शुभमन गिल के रूप में 699वां विकेट लिया था। टेस्ट में 600 से अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में केवल दो तेज गेंदबाज हैं। इस सूची में एंडरसन के बाद उनके साथी खिलाड़ी स्टुअर्ट ब्रॉड का नाम है। पिछले साल संन्यास लेने वाले ब्रॉड के नाम पर 604 विकेट हैं। सभी गेंदबाजों में श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न (708 विकेट) का नंबर आता है। भारत के अनिल कुंबले चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने 132 मैच में 619 विकेट लिए हैं। एंडरसन ने तब खेलना शुरू किया जब सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग और ब्रायन लारा जैसे बल्लेबाज चरम पर थे। इस तेज गेंदबाज ने अगली पीढ़ी के बल्लेबाजों के सामने भी कड़ी चुनौती पेश की, जिनमें विराट कोहली, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन हैं। एंडरसन ने इस श्रृंखला में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल जैसे बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश की।

तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा कि मैंने एंडरसन को पहली बार तब देखा जब वह 2002 में ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे थे। गेंद पर उनका नियंत्रण नजर आ रहा था। नासिर हुसैन ने तब उनकी प्रशंसा की थी और वह आज भी ऐसा करते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि वह कहेंगे 'मैंने बोला था' क्योंकि उन्होंने बहुत पहले उनकी प्रतिभा पहचान ली थी। तेंदुलकर ने कहा कि 700 टेस्ट विकेट शानदार उपलब्धि है। एक तेज गेंदबाज 22 साल से खेल रहा है, यह तब तक काल्पनिक लगता होगा जब तक कि एंडरसन ने वास्तव में ऐसा नहीं कर दिखाया।

उपलब्धि



● 187वां टेस्ट खेल रहे एंडरसन ने भारत के खिलाफ मैच में कुलदीप यादव का विकेट लेकर रचा इतिहास

### गेंदबाजों पर दबाव बनाने की सोच रहा था: यशस्वी



धर्मशाला, एजेंसी। प्लेयर आफ द सीरिज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में मिली सफलता का श्रेय पारी की शुरूआत करते हुए गेंदबाजों पर दबाव बनाने की रणनीति को दिया। जायसवाल ने श्रृंखला में 2 शतक और 3 अर्धशतक समेत 712 रन बनाए। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ गेंदबाजों पर दबाव बनाने के बारे में सोच रहा था। यही रणनीति थी और इस पर अडिग रहना था। एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले सुनील गावस्कर के बाद दूसरे भारतीय जायसवाल हैं।

### चोट से तीसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे रोहित



पीठ में अकड़न से रोहित शर्मा तीसरे दिन शनिवार को मैदान पर नहीं उतरे। उनकी गैरमौजूदगी में बुमराह ने कप्तानी संभाली है। बुमराह को रांची टेस्ट में ब्रेक दिया गया था और रजत पाटीदार को टखने में दर्द हुआ था। रवींद्र जडेजा हैमस्ट्रिंग चोट से विशाखापत्तनम टेस्ट बाहर थे और अश्विन को पारिवारिक आपात स्थिति से राजकोट से घर लौटना पड़ा। मोहम्मद शमी और विराट कोहली सीरीज में नहीं खेले हैं। शमी टखने की चोट और विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए।



# बॉलीवुड हलचल

## 'कल्कि 2898 एडी' में 'भैरव' बने प्रभास



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास फिल्म कल्कि 2898 एडी में भैरव का किरदार निभाएंगे। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी हैं। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर प्रभास का नया लुक रिलीज किया है और उनके किरदार का नाम भैरव बताया है। तस्वीर में प्रभास को पूरी तरह से काले रंग की पोशाक में आंखों पर एक गैजेट लगाए जमीन देख रहे हैं। वैजयंती मूवीज निर्मित कल्कि 2898 एडी एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई को पूरे भारत में रिलीज होगी।

## फिल्म एल2: एमपुराण के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयॉर्क में पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के निर्देशन में बनी फिल्म 'एल2 : एमपुराण' के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयार्क में पूरी हो गई है। पृथ्वीराज सुकुमारान निर्देशित पहली फिल्म एल22 : एमपुराण अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को आकर्षित कर रही है। मोहनलाल अभिनीत 'लूसिफ़ेर' की अगली कड़ी, एल2 : एमपुराण है। इसकी सूचना सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पृथ्वीराज सुकुमारान ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, शेड्यूल 3 का अंत। गौरतलब है कि एल2 : एमपुराण की शूटिंग अक्टूबर 2023 में शुरू हुई और इसे विभिन्न विदेशी स्थानों पर शूट किया गया है। यह फिल्म आशीर्वाद सिनेमास और लाइका प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित है।

## निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे



**मुंबई, एजेंसी।** दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे स्टारर फिल्म निरहुआ बनल करोड़पति का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। जेपी स्टार्स पिक्चर्स प्रस्तुत दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की आने वाली फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इस फिल्म के निर्माता उमाशंकर प्रसाद हैं, इसके लेखक और निर्देशक मनोज नारायण हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होने के बाद निर्माता उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस के लिए शानदार तोहफा होगी। फिल्म में सभी कलाकारों ने भी अपना बेस्ट दिया है तब जाकर हमारी यह फिल्म भव्यता के साथ और परदे पर आने को तैयार हो रही है। इस फिल्म में कई ऐसी चीज हैं जो दर्शकों को पहली बार देखने को मिलेगी और यह उन्हें पसंद आने वाली है। वहीं निरहुआ ने कहा कि मेरे लिए हर फिल्म चुनौती होती है, जिसे मैं सहसा स्वीकार करता हूं और मेरी कोशिश होती है कि उसे फिल्म के किरदार को संजीदगी से कर सकूं। एक अभिनेता के नाते मैं फिल्म के सेट पर अपने किरदार को जीने की ख्वाहिश रखता हूं। उन्होंने कहा कि यही दर्शकों के बीच मेरे लिए प्यार की वजह बनती है। उन्होंने कहा कि निरहुआ करोड़पति बनल अनोखे कॉन्सेप्ट पर आधारित है। कहानी तो नहीं बताऊंगा, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि आप सभी इस फिल्म को जरूर सिनेमाघर में जाकर देखें। फिल्म के सह-निर्माता आयुष राज गुप्ता हैं। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, सुदीक्षा झा, अयाज़ खान, शाहिल शेख, रंजीत सिंह, माही सिंह, अमृत जयसवाल, पल्लवी कोहली हैं। डीओपी रामशरण उप्रेती हैं। फिल्म के संगीतकर मधुकर आनंद हैं। गीत आशुतोष तिवारी, संतोष पुरी, धर्म हिंदुस्तानी और सत्य सावरकर ने लिखे हैं।

## कार्तिक ने फिल्म भूल भुलैया 3 की शूटिंग शुरू की




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। कार्तिक की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 2 लोगों को पसंद आई थी। भूल भुलैया 3 में कार्तिक की मुख्य भूमिका है। कार्तिक ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने अपने घर में मंदिर के सामने प्रार्थना करते हुए फिल्म की शुरुआत के लिए आशीर्वाद मांगते हुए इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कार्तिक आर्यन भगवान के आगे हाथ जोड़कर खड़े हैं। कार्तिक आर्यन ने बताया है कि उनकी फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू हो गई है। कार्तिक आर्यन ने इसके साथ लिखा है, आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। कार्तिक आर्यन ने हैशटैग के साथ शुभारंभ और भूल भुलैया 3 लिखा है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के अलावा तृप्ति डिमरी और विद्या बालन की भी अहम भूमिका है।

## आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का पोस्टर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म रूसलान का पोस्टर रिलीज हो गया है। आयुष शर्मा ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म लवयात्री से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह 2021 में प्रदर्शित सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल ट्रुथ में नजर आए थे। आयुष एक्शन अब एक्शन थ्रिलर फिल्म रुसलान में नजर आएंगे। आयुष ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म रुसलान का नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर शेयर करते हुए आयुष शर्मा ने कैप्शन में लिखा, हारने का खौफ नहीं है, मेरी गन और गिटार के साथ, बस दुनिया जीतने का जोश है। तूफान की तरह नहीं..., तूफान ही हूं मैं। करण बुटानी के निर्देशन में बनी रुसलान 26 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म में सुश्री मिश्रा और जगपति बाबू की भी अहम भूमिका है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# जापान दौरे से सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्र होंगे मजबूत

- विदेश मंत्रालय ने कहा- जयशंकर का जापान दौरा अहम रहा, कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर के जापान दौरे पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस दौरे से दोनों देशों के संबंधों में गुणात्मक सहयोग बढ़ेगा। साथ ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी बढ़ेगी। जयशंकर तीन दिवसीय दौरे पर जापान में थे।

अपने दौरे में जयशंकर ने जापान के पीएम फुमियो किशिदा से मुलाकात की। इस मुलाकात में जयशंकर ने किशिदा को दोनों देशों के संबंधों में बढ़ते सहयोग और वैश्विक साझेदारी की जानकारी दी और दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए किशिदा के सुझाव लिए। 7 मार्च को जयशंकर ने 16वें भारत जापान स्ट्रैटेजिक डायलॉग में शिरकत की। जिसमें दोनों देशों के व्यापार, निवेश, आधारभूत और तकनीकी सहयोग, समन्वय, रक्षा और रक्षा सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर के जापान दौरे पर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, ग्रीन टेक्नोलॉजी , डिफेंस उपकरण और तकनीक, डिजिटल पेमेंट के साथ ही भारत में जापानी भाषा को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे पर भी बात हुई। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में आपसी हित और वैश्विक बदलावों पर भी दोनों देशों में बात हुई। जापान में जयशंकर ने जापान के कई वरिष्ठ राजनेताओं जैसे जापान की सत्ताधारी पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उपाध्यक्ष, महासचिव तोशीमित्सु मोटेगी, भारत जापान एसोसिएशन के अध्यक्ष योशिहिदे सुगा से भी बात की।

### भारत में 15 साल से अधिक समय तक रहेगी स्थिर सरकार




जापान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत में सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि भारत में एक या दो दशक से भी अधिक समय तक स्थिर सरकार रहेगी। भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर निक्केई फोरम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित सुधारवादी और दूरदर्शी नेतृत्व के पास संसद में बहुमत होने के कारण साहसिक निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में मजबूत राजनीतिक जनादेश का मतलब संसद में बहुमत होना है। यदि आपके पास सुधारवादी, दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता वाला नेतृत्व है और वह नेतृत्व बहुत मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित है तो इससे साहसिक निर्णय लेने में आसानी होती है। निश्चित रूप से पिछले 10 सालों में जो हुआ है, हम इसके जारी रहने की उम्मीद करते हैं।

## नागपुर में भाजपा के कार्यक्रम में भगदड़ एक महिला की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भगदड़ में 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

सक्करदरा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे रेशिमबाग में भाजपा की नागपुर इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भगदड़ में मनु तुलसीराम राजपूत गिर गई, उसे एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि चार अन्य महिलाओं को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जां शुरू कर दी गई है।

# भारतीय पर्यटकों का मालदीव से मोहभंग, बेहाल हुआ टूरिज्म



भारत के साथ विवाद ने मालदीव का हाल बेहाल कर दिया है। दरअसल, पर्यटकों की कमी के कारण मालदीव का पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मालदीव पर्यटन मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

- पर्यटन मंत्रालय के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 4 मार्च तक 41,054 भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का दौरा किया था। जबकि 2024 में 2 मार्च तक भारतीय पर्यटकों की संख्या 27,224 दर्ज की गई। मालदीव स्थित अधाधू ने बताया कि यह पिछले साल की तुलना में 13,830 कम था।
- पिछले वर्ष की समान अवधि में, भारत 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ मालदीव में पर्यटकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बाजार था। हालांकि, भारत अब छह प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सूची में छठे स्थान पर है।



### लक्षद्वीप में करोड़ों विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य

भारत सरकार ने लक्षद्वीप में वर्ष 2024 में लगभग एक करोड़ विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में देश में करीब 60 लाख विदेशी पर्यटक आए है। लक्षद्वीप में मालदीव के साथ हुए ताजा विवाद भारत सरकार ने ये लक्ष्य रखा है। क्योंकि इसके बाद देश से मालदीव जाने वाले लोगों ने लक्षद्वीप को लेकर खोज तेज की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक हर साल औसतन दो लाख से ज्यादा भारतीय पर्यटन के लिए मालदीव जाते थे जिनकी संख्या पिछले कुछ दिनों में तेजी से गिरी है।

### चीनी पर्यटकों में हुई वृद्धि

आंकड़ों के अनुसार, प्रत्येक वर्ष दो लाख से अधिक पर्यटकों के साथ भारत 2021-23 तक मालदीव के लिए शीर्ष पर्यटन बाजार बना रहा। हालांकि, इस वर्ष अब तक 54 हजार से अधिक पर्यटकों के आगमन के साथ चीन शीर्ष बाजार है।

## एक नजर

### हरियाणा: अंबाला से अफीम की खेती करने वाला एक गिरफ्तार

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में लाहा गांव में अपने घर के आंगन में अफीम की खेती करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि, गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने सर्वजीत के घर पर छापा मारा और अफीम के पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि पौधों को उजाड़ दिया गया है। पुलिस ने कहा- स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। संबंधित मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इटली में देशव्यापी हड़ताल से जनजीवन अस्त व्यस्त

**रोम।** इटली में 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल से परिवहन, स्वास्थ्य सेवा और स्कूलें बंद होने से आम जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। मीडिया ने शनिवार को ट्रेड यूनियनों के सूत्रों के हवाले से बताया कि वे लैंगिक असंतुलन को दूर करने के लिए मजबूत उपायों के साथ-साथ बेहतर, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों की मांग कर रहे हैं। सार्वजनिक और निजी दोनों कंपनियों के कर्मचारियों के हड़ताल करने से ट्रेनों, फ़ेरी और स्थानीय सार्वजनिक परिवहन को बड़े व्यवधानों का सामना करना पड़ा। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी का स्तर अलग-अलग था।

### सरहद को अपराध मुक्त करने का प्रयास करेंगे भारत-बांग्लादेश

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश ने दोनों देशों के बीच की सीमा को अपराध मुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की है। सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों के बीच बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पांच मार्च को शुरू हुआ पांच दिन का महानिदेशक स्तर का सम्मेलन आज संपन्न हो गया। सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने किया और बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने किया।

### जम्मू-कश्मीर में हथियार और पाकिस्तानी झंडा बरामद

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को जंग लगे दो गोले और पिस्तौल की आधा दर्जन से अधिक गोलियां बरामद की गईं। अधिकारियों के मुताबिक, गोला-बारूद दरहाल क्षेत्र के चौकियां गांव में एक नाले के किनारे झाड़ियों से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गोले और गोलियां लंबे समय से नदी में पड़ी थीं। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में, पुलिस ने शनिवार सुबह जम्मू के बाहरी इलाके में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गुब्बारों के साथ एक पाकिस्तानी झंडा जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह झंडा जम्मू के अरनिया सेक्टर के कूल कलां गांव में एक ग्रामीण को उसके खेत में मिला।

# पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति बने जरदारी, दोबारा हुई ताजपोशी

## पीपीपी सह-अध्यक्ष 136 वोटों के अंतर से हुए विजयी, प्रतिद्वंद्वी को मिले 119 वोट

इस्लामाबाद, एजेंसी



आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। वे पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष भी हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि उन्हें 255 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अचकजई को 119 वोट मिले। दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए जरदारी का पहला कार्यकाल 2008 से 2013 तक था। दो बार राष्ट्रपति बनने वाले जरदारी देश के पहले व्यक्ति हैं। आसिफ अली जरदारी का मुकाबला सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई (75 वर्षीय) से था।

जरदारी निवर्तमान डॉ. आरिफ अल्वी का स्थान लेंगे, जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था। हालांकि नए राष्ट्रपति की नियुक्ति तक वह पद पर बने हुए हैं। जरदारी एक बिजनेसमैन-राजनेता हैं और पाकिस्तान की पूर्व पीएम दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पति हैं और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के पिता हैं। जरदारी, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष हैं, जिसने नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के समर्थन से सरकार बनाई है। पीएमएल-एन और पीपीपी के गठबंधन की डील के तहत पीएम पद पर शहबाज शरीफ की ताजपोशी हुई है। दोनों पार्टियों में समझौते के तहत पंजाब में पीएमएल-एन की मरयम नवाज सीएम चुनी गई हैं। वहीं सिंध प्रांत की सत्ता पीपीपी को मिली है।

### इमरान को सपोर्ट किया तो होगी कार्रवाई: पाकिस्तानी सेना



पाकिस्तानी सेना ने कड़ा फरमान जारी किया है। पाकिस्तानी सेना ने अपने अधिकारियों के लिए एक आदेश जारी करते हुए कहा है कि वे सेना के खिलाफ किसी भी तरह के मैसेज, फोटो शेयर करने से बचें। सख्त चेतावनी दी गई है कि जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक- ए-इंसाफ पार्टी के नेता और पूर्व पीएम इमरान खान को सपोर्ट किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसा करने वाले अधिकारियों को सजा भुगतनी पड़ेगी। पाकिस्तानी सेना का आदेश मौजूदा अधिकारियों और रिटायर अधिकारियों सभी पर लागू होगा। एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर ने बताया है कि उसे 7 पेज का आदेश मिला है। ऐसा ही आदेश कई अधिकारियों के पास गया है। लेकिन इस मैसेज में रिटायर सैन्य अधिकारियों पर ज्यादा फोकस किया गया है क्योंकि रिटायर सैन्य अधिकारी पाकिस्तान की राजनीति पर टिप्पणी करने के लिए स्वतंत्र हैं। ब्रिगेडियर का कहना है कि आदेश में मुझे कोई भी राजनीतिक बयान, सेना के खिलाफ कोई भी टिप्पणी या इमरान खान के समर्थन में कोई बयान जारी करने से मना किया गया है। ब्रिगेडियर का कहना है कि पूरे पत्र में 17 बार मेरे नाम का उल्लेख किया गया है। कर्नल रैंक के एक अन्य अधिकारी का कहना है कि पत्र की भाषा जिस तरह की है उसे देखकर लगता है कि आर्मी चीफ धमकी दे रहे हैं। वे धमका रहे हैं कि अगर हमने आदेश नहीं माना तो सेना कड़ी कार्रवाई करेगी। अलग- अलग रैंक के कई अधिकारियों ने खुलासा किया है कि संदेश अलग-अलग जारी किए गए हैं।

## राजस्थान के रण में 12 को तीनों सेनाएं करेंगी शक्ति प्रदर्शन

**जयपुर।** भारत की तीनों सेनाएं मंगलवार को राजस्थान के पोखरण में शक्ति प्रदर्शन करने जा रहीं हैं। इसे 'भारत शक्ति' नाम दिया गया है। तीनों सेनाएं अपनी मारक क्षमता और ताकत का प्रदर्शन करेंगी। खास बात यह है कि करीब एक घंटे के इस अभ्यास में स्वदेशी रूप से निर्मित हथियारों का प्रदर्शन किया जाएगा। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस युद्ध अभ्यास की शुरुआत विशेष आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) बलों, भारतीय नौसेना के मार्कोज और भारतीय वायुसेना के गरुड़ कमांडो द्वारा वाहनों के साथ घुसपैठ अभियान से की जाएगी। वहीं, युद्ध के मैदान में विमान और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इसके बाद लॉन्ग रेंज वैक्टर और आर्टिलरी गन का भई प्रदर्शन किया जाएगा।

इस अभ्यास में जिन प्रमुख उपकरणों या हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया जाएगा, उनमें एलसीए तेजस, एएलएच एमके-आईवी,लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच), लाइट वेट टॉरपीडो, ऑटोनॉमस कार्गो कैरिएंग एरियल व्हीकल, मोबाइल एंटी ड्रोन सिस्टम, टी-90 टैंक, बीएमपी-दो, आर्टिलरी प्लेटफॉर्म जैसे उपकरण शामिल हैं।

## भारतीय उच्चायोग ने शुरू किए 'चलो इंडिया' और 'लिविंग ब्रिज' अभियान

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन: प्रधानमंत्री मोदी ने चलो इंडिया अभियान की घोषणा की थी इससे पर्यटन में प्रोत्साहन मिलेगा



ब्रिटेन के लंदन में भारतीय उच्चायोग ने दो प्रमुख अभियानों 'चलो इंडिया' और 'लिविंग ब्रिज' को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हफ्ते की शुरुआत में चलो इंडिया अभियान की घोषणा की थी। ताकि भारतीय समुदाय के लोगों को अपने गैर-भारतीय मित्रों को भारत में पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।


ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी ने इंडिया हाउस में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वास्तव में आपके लिए एक राजदूत बनने और उसका जश्न मनाने का अवसर है। उन्होंने कहा, आइए इस मौके पर अतुल्य भारत को याद करेंगे। भारतीयों की उस भूमिका को भी याद करें, जिसने भारत और ब्रिटेन के संबंधों को मजबूत बनाने में योगदान दिया है।

आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारतीय उच्चायोग ने लिविंग ब्रिज के विषय महिलाओं पर केंद्रित रखा। इस दौरान दुरईस्वामी ने कहा, ये (महिलाएं) ब्रिटेन-भारत संबंधों की नायिकाएं हैं, जिन्होंने साहसिक खेल, शतरंज, फिल्म, व्यवसाय आदि क्षेत्र में योगदान दिया है। लिविंग ब्रिज अभियान के पहले चरण में पर्वतारोही प्रीत कौर चंडी, शतरंज चैंपियन बोधना शिवानंदन, प्रसिद्ध शेफ आसमा खान, अभिनेत्री आयशा धारकर और आर्थिक विशेषज्ञ बैरोनेस श्रीति वेडेरा आदि शामिल हुए।

पिछले साल दिसंबर में यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में इतिहास रचने वाली आठ वर्षीय शिवानंदन ने कहा, मैं दुनिया की सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बनना चाहती हूं और विश्व चैंपियन भी बनना चाहती हूं। पर्वतारोही चंडी ने कहा, मैं सिख हूं। मेरे पिता उत्तर प्रदेश में पैदा हुए थे। वह अपनी किशोरावस्था में इंग्लैंड आए थे। मेरी मां इंग्लैंड से हैं। लेकिन उनके माता-पिता पंजाब से हैं।

### ...और पहुंच गई वायुसेना





**श्रीनगर :** वायुसेना ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से फंसे करीब 700 यात्रियों को शनिवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाला है। आईएल-76 विमान से कुल 514 यात्रियों को जम्मू से लेह पहुंचाया गया जबकि एक विमान से 223 लोगों को श्रीनगर से लेह रवाना किया गया। सेना के अधिकारियों ने कहा- इस सप्ताह करीब 1,251 लोगों को हवाई मार्ग से जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख पहुंचाया गया। घाटी में कई स्थानों तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया है ● एजेंसी

## गाजा में एयरड्रॉप सहायता का बक्सा गिरने से पांच की मौत

**गाजा।** इजराइल और हमास युद्ध लगभग पांच माह से जारी है। इस बीच, गाजा में शुक्रवार को मानवीय सहायता एयरड्रॉप की गई। इस दौरान कुछ पैराशूट नहीं खुल पाए और लोगों के ऊपर जा गिरा, जो सहायता की आस में नीचे खड़े थे। हादसे में पांच की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए है। गाजा के स्थानीय प्रशासन ने इसकी निंदा की है।

गाजा ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने पहले ही चेतावनी दी थी कि गाजा पट्टी में एयरड्रॉप सुविधा नागरिकों के जीवन के लिए खतरनाक है। पैराशूट न खुल पाने के कारण पार्सल सीधा नागरिकों के सिर पर गिर गया। लापरवाही के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई लोग घायल भी हो गए हैं।

## भारतीय महिलाएं देश के विकास गाथा की सूत्रधार : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



- महिला दिवस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र ने भारत की प्रतिबद्धता को सराहा

संयुक्त राष्ट्र में एक कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने भारत की नारी शक्ति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं देश के विकास की गाथा की सूत्रधार हैं। उन्होंने कृषि के सतत विकास के साथ ही कई क्षेत्रों में उनकी भागीदारी की प्रशंसा की।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें अराकू वैली में आदिवासी महिलाओं की ओर से पैदा की जाने वाली अराकू काफी के संबंध में जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि वित्त, डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा, विमानन, अंतरिक्ष के साथ ही हर क्षेत्र में भारतीय महिला देश के विकास की गाथा लिख रही हैं। उन्होंने कहा कि आइए हम लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित करने की भारत की प्रतिबद्धता से प्रेरणा लें कि कोई भी पीछे न रहे।

संयुक्त राष्ट्र उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने कहा कि भारत में महिलाओं और कृषि की सतत विकास पद्धतियों के बीच संबंध उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार के नेतृत्व और देश के स्तर पर खाद्य प्रणाली संरक्षण एजेंडे को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना करना चाहती हूं। फ्रांसिस ने याद करते हुए कहा कि इस साल जनवरी में भारत यात्रा के दौरान उन्होंने नारी शक्ति की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया था।

**शोध** ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी का 220 परिवारों के बच्चों पर अध्ययन, सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में मिला

# डिजिटल स्क्रीन के ज्यादा संपर्क में आने से बच्चे कम सीख रहे स्वर

सिडनी, एजेंसी

मोबाइल फोन और टेबलेट जैसे उपकरणों पर ध्यान देने के कारण परिवार के लोगों के बीच बातचीत कम होती जा रही है। इसका असर खासकर बच्चों में बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा है। डिजिटल स्क्रीन के संपर्क में अकेले या परिवार के साथ ज्यादा समय बिता रहे बच्चे कम बोलते हैं, कम सुनते हैं और कम बातचीत करते हैं।

जामा में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार लगभग सभी आयु के बच्चों का स्क्रीन के अधिक संपर्क में आने से संचार बाधित होता है। अध्ययन में पता चला कि 18 महीने के बच्चे के साथ डिजिटल उपकरणों पर ज्यादा समय बिताने का संबंध बच्चे द्वारा 1.3 कम स्वर सीखने से जुड़ा था। जब बच्चे दो साल के हुए, तो इससे बात करने की कोशिश में 0.4 अंकों की कमी देखी गई।

सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में था, जब उन्होंने रोजाना औसतन 2 घंटे 52 मिनट स्क्रीन के संपर्क में बिताया। इसका संबंध 6.6 कम शब्द, 4.9 कम स्वर सीखने और 1.1 अंक कम बात करने की कोशिश के साथ जुड़ा हुआ पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के टेलीथॉन किड्स इंस्टीट्यूट ने 220 परिवारों में जन्में बच्चों पर तीन साल की आयु तक डेटा इकट्ठा कर किया है। शोधकर्ताओं ने सिर्फ भाषा के तीन मापों: वयस्कों द्वारा बोले जाने वाले शब्द, बच्चों के स्वर और बातचीत करने की कोशिश पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है।

परिणाम उम्र, लिंग और अन्य कारक जैसे मां का शिक्षा स्तर, घर पर बच्चों की संख्या के आधार पर समायोजित किया गया है। बच्चों के लिए भाषा में समृद्ध वातावरण में पलना व बड़ा होना भाषा के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। बचपन में भाषा का अच्छा और अधिक अनुभव उच्च बुद्धि, सामाजिक विकास और मस्तिष्क की बेहतर कार्यक्षमता से जुड़ा है।

### बच्चों में दिख रही मायोपिया बीमारी



बच्चे मोबाइल जैसी छोटी स्क्रीन का बहुत नजदीक से प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें मायोपिया बीमारी अपनी चपेट में ले रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि मायोपिया बच्चों में होने वाला निकट दृष्टि दोश है। इसमें बच्चे की आंखों की पुतली का आकार बढ़ने से प्रतिविंब रेटिना के बजाय थोड़ा आगे बनता है। उन्हें दूर की चीज देखने में प्रॉब्लम होती है। कई रिसर्च में सामने आया है कि आंखों के लिए छोटी डिजिटल स्क्रीन बेहद खतरनाक है और जिन बच्चों के चश्मा लगा हुआ है। उनका नंबर बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

### ये हैं लक्षण

बार बार आंखों का झपकना, दूर की चीजें स्पष्ट न दिखना, देखने में परेशानी होना, सिर दर्द होना, सिर में दर्द रहना, पलकों को सिकुड़कर देखना, आंखों से पानी आना, क्लासरूम में ब्लैक बोर्ड या व्हाइट बोर्ड पर ठीक से न दिखना, किताबों के अक्षर स्पष्ट न दिखना शामिल हैं।

### ऐसे रखें ख्याल

जिस जगह बच्चे पढ़ रहे हैं, वहां पूरी तरह चकाचौंध रोशनी हो। बच्चों को मोबाइल इस्तेमाल करने के लिए कम से कम दें, यदि डिजिटल स्क्रीन पढ़ाई के लिए देनी है तो मोबाइल की जगह लैपटॉप दें, धूप की रोशनी लें, बच्चों को सूखा मेवा, पोष्टिक खाना, विटामिन ए युक्त डाइट जरूर दें।


## अमेरिका : हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन सैनिकों की मौत, एक घायल

**वाशिंगटन।** टेक्सास में अमेरिका-मैक्सिको की सीमा के पास नेशनल गार्ड हेलीकॉप्टर के दुर्टनाग्रस्त होने से उसमें मौजूद तीन सैनिकों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर में एक नेशनल गार्ड्समैन और तीन बॉर्डर पैट्रोल एजेंट मौजूद थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह हादसा सा ग्रुला में हुआ।

टेक्सास के नागरिक सुरक्षा विभाग के दक्षिण क्षेत्र के निदेशक विक्टर एस्केलॉन ने बताया कि बॉर्डर पेट्रोल के साथ काम करने वाले सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। टेकसास नागरिक सुरक्षा विभाग ने हेलीकॉप्टर के ऑपरेशन लोन स्टार में शामिल नहीं होने की पुष्टि की है। बॉर्डर पेट्रोल के सूत्रों ने बताया कि हादसे के दौरान मैक्सिकन कार्टेल के सदस्यों ड्रोन की सहायता से हेलीकॉप्टर को क्रैश होते हुए देखा।

## देश में समानता बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी

जयपुर, एजेंसी



- सीजेआई बोले संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना जरूरी

भारत के प्रधान न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़. ने शनिवार को कहा कि देश में समानता को बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी है। सीजेआई जयपुर में राज्य स्तरीय 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना चाहिए।

सीजेआई ने कहा कि अगर लोग आपस में लड़ेंगे तो देश कैसे प्रगति करेगा। साथ ही उन्होंने आम आदमी को ध्यान में रखते हुए कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला किए जाने पर जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हमारे संविधान के निर्माताओं के दिमाग में मानवीय गरिमा का सर्वोच्च महत्व था। उन्होंने कहा कि मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने यह सुनिश्चित किया कि संविधान न्याय, स्वतंत्रता और समानता के मूल्यों के साथ-साथ भाईचारे की भावना और व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा दे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश के किसी भी कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला होना चाहिए। अगर मैं दिल्ली में बैठकर कोई निर्णय वकील के लिए, जज के लिए दे रहा हूं तो वो कठिन भाषा में हो सकता है। लेकिन अगर मैं आम आदमी के लिए निर्णय कर रहा हूं तो निश्चित रूप से सरल भाषा में होना चाहिए। देश के जिला स्तर के कोर्ट की बिल्डिंग में सुधार होना चाहिए।